

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -233, पृष्ठ -18+4, मूल्यः - 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 31 मार्च 2024




फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...17

**आज का मौसम** 36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 18 : 25

**अमृत विचार**
## लोक दर्पण



इस बार के रविवारीय संस्करण ' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।



सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।

पढ़ें विशेष...

## पांच तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**लखनऊ।** पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाले हवाओं से तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के आसार हैं।

**मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल, गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान के आसपास भारी संख्या में थे पुलिसकर्मी**

# कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में शामिल हुआ। जनाजे से पहले बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया।

कब्रिस्तान के आसपास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसको लेकर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और मुख्तार के भाई सांसद अफजाल अंसारी के बीच तीखी बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर सहित सभी ने मुख्तार को अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास नहीं आ सका।

बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर अलग-अलग न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की निगरानी में जांच टीम मंडल कारागार में पहुंची। टीम ने बैरक नंबर 16 की जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने 45 मिनट तक हर पहलू की पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों को परखा।



गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

### कैमरों की फुटेज सील

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

### आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार की मौत पर कहा कि आरोपों की जांच होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का आभारी रहूंगा। मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मायोकॉर्डियक इफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

**लखनऊ।** मुख्तार की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। इसमें मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों के एक हिस्से में रक्त प्रवाह में कमी या समाप्ति से मृत्यु हो सकती है। स्लो-पॉयजन देने के मद्देनजर विसरा सुरक्षित रखा गया है।

# नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत मिला भारत रत्न

## कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिजनों को भी राष्ट्रपति ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

### ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, कर्पूरी ठाकुर ने जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित किया। चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण विकास में योगदान दिया। नरसिम्हा राव ने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया और डॉ. स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए।

## लोकसभा चुनावः भाजपा की आठवीं सूची जारी, सनी देओल की जगह दिनेश लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची को जारी कर दिया है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेगे। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा समय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी मैदान में है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

# दरोगा ने सांसद की भतीजी की पिटाई कर कपड़े फाड़े, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **सदर विधायक, नगर पालिका चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा**
- **आरोपी दरोगा की पत्नी-बेटी पर भी रिपोर्ट दर्ज, नारकोटिक्स सेल का प्रभारी है दरोगा**

**अमृत विचारः** दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए। रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया भी। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध मामला दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी संग रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा अभय मिश्रा नशे में धुत होकर आ गए और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़े और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

# भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र समिति का किया गठन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **राजनाथ अध्यक्ष, सीतारमण संयोजक, पीयूष गोयल सह संयोजक**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है।

समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ पी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं। भाजपा ने पिछले माह ही लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में 'रथ' भी रवाना किए थे। भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की 'योजना' पर भी आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।






## बसपा ने मथुरा लोकसभा सीट का प्रत्याशी बदला

**मथुरा।** बसपा ने मथुरा लोकसभा सीट से अपने पुराने घोषित प्रत्याशी को बदलते हुए नया प्रत्याशी घोषित किया है। इस बात की पुष्टि बसपा के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि कमलकांत उपमन्यु की जगह सुरेश सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

# दिल्ली के मंत्री गहलोत ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

- **नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री**

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत को सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि गहलोत पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ हो सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के समूह का हिस्सा थे।

## सिलेंडर फटने से महिला समेत चार लोगों की मौत

**देवरिया।** जिले में शनिवार सुबह एलपीजी सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव की है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि गांव के निवासी शिवशंकर गुप्ता सुबह कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे। करीब चार बजे जब उनकी पत्नी आरती चाय बना रही थीं, तभी सिलेंडर फट गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आरती देवी (42), उनकी बेटी आंचल (14), सृष्टि (11) और बेटा कुंदन (12) के रूप में हुई है।

## जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम शामिल**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में 8,000 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें अनुलग्नकों के अलावा 140 पृष्ठ शामिल हैं। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम है, जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आप को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था।

## प्रतिबंधित पीएफआई के तीन सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **धन शोधन के मामले में शनिवार को ईडी ने की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे। तीनों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को शनिवार को यहां विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों पर पीएफआई कैडर को हथियारों का प्रशिक्षण देने और इसके लिए प्रतिबंधित संगठन से धनराशि लेने का आरोप लगाया है। पीएफआई को आतंकवादी गतिविधियों से कथित संबंधों को लेकर सितंबर 2022 में केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। पीएफआई की स्थापना केरल में 2006 में की गयी थी। इसका मुख्यालय दिल्ली में था।

# दबंगों से जान का खतरा, राष्ट्रपति से परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नहीं की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** तीन दबंग भाइयों से परेशान एक परिवार ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव आमगांव निवासी अजयपाल सिंह के बेटे राजीव राठौर ने बताया कि उनके गांव में तीन भाई हेकड़ और दबंग किस्म के हैं। आए दिन विवाद करते रहते हैं। कुछ दिन पहले उनके ट्यूबवेल से चल रहे पानी की गूल कट गई। पानी पड़ोस के खेत में चला गया। इस पर आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। 21 मार्च की दोपहर वह खेत पर जा रहे थे। रास्ते में तीनों भाइयों ने घेर लिया। गाली-गलौज कर मारपीट की। विरोध करने पर सोने की चेन और 15 हजार रुपये छीन लिए। कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 23 मार्च को मुख्यमंत्री और अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेज इच्छा मृत्यु की मांग की है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि कोई शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। बहरहाल जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भोजशाला परिसर में सर्वेक्षण के नौवें दिन खुदाई जारी

**धार (मप्र), एजेंसी ।** मध्यप्रदेश के धार जिले के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अदालत की निगरानी में किए जा रहे सर्वेक्षण के तहत खुदाई की प्रक्रिया जारी है। सर्वेक्षण की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने शनिवार को बताया कि खुदाई के दौरान एकत्रित मिट्टी और पत्थर एएसआई द्वारा सुरक्षित रखे जा रहे हैं। यह सर्वेक्षण 22 मार्च को शुरू हुआ था और आज नौवां दिन है। हिंदुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले आशीष गोयल इस प्रक्रिया के दौरान एएसआई दल के साथ रहे। उन्होंने कहा कि नई वैज्ञानिक पद्धतियों, ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर), ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस), कार्बन डेटिंग का इस्तेमाल कर बिना किसी विराम के सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिसर की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी जा रही है। गोयल ने कहा, ''यह शाश्वत सत्य है कि भोजशाला का निर्माण राजा भोज ने कराया था।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क विभाग को होगा चुकाना**
- **3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गई चेक**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।



### 36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

### सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवतः अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।

# 4 जून को खेलनी है भगवा होली : लल्लू सिंह

**संबोधन**

- **महिला मोर्चा के होली मिलन समारोह में पहुंचे सांसद**

पूरा बाजार, अयोध्या




होली मिलन समारोह में सांसद के साथ फूलों की होली खेलती महिला मोर्चा की सदस्य व गीतों पर थिरकतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 4 जून को नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर भगवा होली खेलनी है। इसके लिए सभी मातृशक्तियां व्यापक जनसम्पर्क में जुट जाएं।

वह पूरा बाजार क्षेत्र के रामपुर हलवारा में महिला मोर्चा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होली का यह पारंपरिक उत्सव हमें आपसी सम्बन्धों का महत्व और प्यार के मूल्य को समझाता है। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए सरकार ने सभी को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया। सरकार ने महिलाओं के उत्थान व उनकी सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए नई संसद में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाया। इसके पूर्व महिलाओं ने सांस्कृतिक आयोजनों के मध्य जमकर फूलों की होली खेली। लोक कलाकार प्रकृति यादव की होली खेलें रघुबीरा अवध में, आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेंले राम चारों भैया आदि की प्रस्तुति दी। महानगर मंत्री स्वाति सिंह व पूरा मंडल महामंत्री लक्ष्मी सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, अशोका द्विवेदी, बसंती सिंह, शकुंतला गौतम, सीता सिंह, नीलम जायसवाल, रेनुका आदि रहीं।

## सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ शुरू

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** सोहावल विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनीपुर के प्राचीन शिव मंदिर स्थित श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इससे पहले शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। जो सरयू नदी के ककरही घाट से ढेमवा घाट, सोहावल चौराहा, रौनाही पड़ाव होते हुए शिव मंदिर पर समाप्त हुई। ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव, राम अचल यादव, बाबा राघवपूरी दास ने बताया इस सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ वृंदावन धाम से आए कथा व्यास स्वामी महराज कथा कहेंगे। 7 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया गया है। इस दौरान आयोजकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रेस्क्यू कर 100 फिट गहरे कुएं से युवक को निकाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात 12 बजे रामपथ स्थित तुलसी उद्यान पार्क में एक युवक के अचानक 100 फिट गहरे कुंए में गिर गया। समाज सेवी रितेश मिश्रा ने 112 नंबर पर फोन कर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से सही सलामत बाहर निकाल लिया। उसे श्री राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर गहरे कुंए खुले हुए हैं। जिसके कारण आये दिन घटना कोई भी घटना का शिकार हो सकता है। कई स्थानों पर गोवंश के गिरने की भी सूचना आती रही है। समाजसेवी रितेश मिश्रा ने जिला प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर खुले पड़े कुएं को जाल लगाकर बंद कराने की मांग की है।



युवक से पूछताछ करते पुलिसकर्मी।

# टोल महंगा, देने होंगे 10 से 60 रुपये अतिरिक्त

## 31 की रात 12 बजे से लागू होंगी नई दरें, लोकल पास वालों को 330 की जगह अदा करने होंगे 340 रुपये

सोहावल, अयोध्या




लखनऊ हाइवे पर रौनाही टोल प्लाजा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोरखपुर-रायबरेली हाईवे से आने-जाने वालों को अब जेब थोड़ी ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। 31 मार्च की आधी रात से नई टोल टैक्स दरों के लागू होने के बाद 10 से 60 रुपये तक अतिरिक्त धनराशि देनी होगी। बताया जा रहा है कि विभिन्न वाहनों के टोल टैक्स में 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी की गई है।

लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर अयोध्या जिले के टोल प्लाजा रौनाही तहसीनपुर से गुजरने वाले वाहनों की टोल टैक्स की नई सूची जारी कर दी गई है। सूची के तहत स्थानीय लोकल पास धारकों की चौपहिया वाहन का मासिक शुल्क में केवल 10 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। अब उन्हें 330 के स्थान पर 340 रुपये अदा करने होंगे।

**टोल दरों में 10 से 15 फीसदी बढ़ोत्तरी :** नेशनल हाईवे से गुजरने वाले सभी प्रकार के वाहनों के टैरिफ कीमतों में 10 से 60 रुपये की बढ़ोत्तरी करते हुए टोल टैक्स रेंज में 10 से 15 फीसदी का इजाफा किया गया है। टोल प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में 2.19 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। नई टैरिफ दरों में सर्वाधिक बढ़ोत्तरी माल वाहनों पर हुई है। नई दरें 31 मार्च की रात 12 बजे से लागू होंगी।

> राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण की जारी सूची के हिसाब से नया शुल्क वसूलने की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह 31 मार्च की मध्यरात्रि 12 बजे के बाद लागू हो जायेगी। लोकल पास धारकों को अब हर माह 330 की जगह 340 रुपये का शुल्क अदा करना पड़ेगा। **-एसएस सिकरवार,** टोल प्रबंधक, रौनाही टोल प्लाजा।

# चालक से मारपीट, वाहन में तोड़फोड़

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** अकबरपुर मार्ग पर महाराजगंज थाना क्षेत्र में एक एसयूवी के चालक से मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ के मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी गई है।

पुलिस चौकी पूरा बाजार क्षेत्र में ग्राम मडना के मजरे कुर्की मोड़ के पास शुक्रवार रात लगभग 9:30 बजे कुछ विवाद के बाद एक एसयूवी के चालक इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन निवासी शाबिर खान से मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया था। प्रकरण को लेकर सत्ताधारी दल से जुड़े एक नेता के समर्थकों ने पुलिस चौकी का घेराव किया था और शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन भी हुआ। मामले में वाहन मालिक ने पार्टी के ही एक नेता और उनके समर्थकों पर आरोप लगाया था। हालांकि सीओ सदर और थाना प्रभारी से वार्ता के बाद मामले में कार्रवाई का आश्वासन मिला है। वाहन मालिक गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शेरवाघाट निवासी ठेकेदार अखंड प्रताप सिंह का कहना है कि उनका वाहन चालक उनके परिवार को आजमगढ़ पहुंचाकर वापस लौट रहा था। कुर्की मोड़ के पास कुछ लोगों ने चालक की पिटाई की और कार का शीशा तोड़ दिया तथा वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना अध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ शिकायत मिली है। चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



क्षतिग्रस्त कार।

# बैंककर्मी से लूट का खुलासा, चार गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** बैंक कर्मचारी के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बीकापुर कोतवाली प्रभारी लालसिंह सरोज ने शनिवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट तिराहे पर शुक्रवार सुबह बैंक कर्मी त्रिपुरेश कुमार भारती के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा करने के लिए प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम लगाई गई थी। सूचना पर पुलिस टीम ने शनिवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद भारी सराय खरगी

**सफलता**

- **लिफ्ट देने के बहाने की थी वारदात, लूटे गए रुपये बरामद**

प्राथमिक विद्यालय के समीप से वारदात में शामिल आरोपी गण्डई निवासी बलराम यादव , दयालजोत निवासी मंगल कुमार यादव और हरिवंशपुर महेन्द्र यादव व हरिवंशपुर मंगारी निवासी मान सिंह यादव निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से लूटे गये 24 हजार रुपये मे से 20500, एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, एक बैग, वोटर, आधार व पैन कार्ड व वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद हुई है।

# कार्यालय पर ही रोके गए कांग्रेस कार्यकर्ता, नारेबाजी

**आक्रोश**

- **पार्टी को आयकर विभाग के नोटिस के विरोध में प्रदर्शन**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस पार्टी का खाता सीज किये जाने और करोड़ों रुपये का नोटिस दिए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए रिकाबगंज चौराहे जाना चाहते थे, लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने सभी को कार्यालय के सामने ही रोक लिया।

प्रदर्शन के पूर्व पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एकत्र कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र को विफल करने की प्रक्रिया चिंताजनक है। सियासी साजिश के तहत आयकर विभाग ने 1823.08 करोड़ रुपये भुगतान का नोटिस जारी किया है, जबकि आयकर विभाग बैंक खाते से 135 करोड़ रुपये निकाल चुका है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देश पर आठ साल के आयकर रिटर्न आदेश को फिर से पूर्व नियोजित साजिश के तहत खोला गया। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में अपनी सुनियोजित हार देख भाजपा बौखला गई है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन में पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय,करन त्रिपाठी, युवा जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, डीएन वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रदर्शन के लिए जा रहे कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय के सामने रोकते पुलिसकर्मी।

# शोपीस बने फव्वारे, चले तभी जब सीएम पधारे...

**अनदेखी**

- **नगर निगम क्षेत्र के सात फव्वारे हैं बंद, कोई पुरसाहाल नहीं**
- **पार्कों में उग आई है घास, नए का लगातार हो रहा शिलान्यास**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या



नगर निगम परिसर में बंद पड़ा फव्वारा।

**अमृत विचार :** अयोध्या में लगातार विकास की गाथा लिखी जा रही है। एक वर्ष के दौरान शायद ही कोई ऐसा दिन बीता हो, जिन दिन रामनगरी में विकास को लेकर इतिहास के पन्नों में कोई अध्याय न जुड़ा हो। दुखद यह है कि उद्घाटन और शिलान्यास का दौर जारी है, लेकिन पुराने कामों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में स्थित सात पार्कों का हाल यही बयां कर रहा है। पार्कों में फव्वारे शोपीस बने हुए हैं। कहीं फव्वारों में पानी का इंतजाम नहीं है तो कहीं पर उसकी लाइन ही कटी हुई है। लोगों का मानना है कि जब मुख्यमंत्री का आगमन होता है तो यह फव्वारे चल जाते हैं। इसके बाद फिर बंद हो जाते हैं।

'अमृत विचार' की टीम ने शनिवार को नगर क्षेत्र के कई फव्वारा पार्कों का भ्रमण किया। चौक घंटाघर के सामने बने पार्क में घास उगी दिखी। फव्वारा सूखा हुआ दिखा। यही हाल नगर निगम परिसर में बने फव्वारे का भी था। निगम परिसर के बाहर बने पंडित दीनदयाल पार्क में घास उगी दिखी। झूले टूटे दिखे। पार्क में बैठे लोगों ने बताया कि फव्वारा तो काफी दिनों से बंद पड़ा है। पुष्पराज स्थित गोल चौराहे पर संत चांडू राम साहब की प्रतिमा स्थापित है। यहां भी फव्वारा लगा है। आसपास के व्यावसायियों ने बताया कि अभी सीएम योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी में रैली की थी। उस दौरान यह फव्वारा चल रहा था, लेकिन उसके बाद बंद हुआ तो कोई मरम्मत करने नहीं आया। रेलवे स्टेशन चौराहा, लता मंगेशकर चौक और तुलसी उद्यान में लगे फव्वारे भी बंद पड़े हैं।



नगर निगम परिसर के बाहर दीन दयाल पार्क में बने फव्वारे के लाइट कट चुकी है।

### .और शाम को फव्वारे ठीक करने का जारी हुआ आदेश

अमृत विचार टीम की दिनभर तफ्तीश रंग लाई। शाम को अपर नगर आयुक्त ने सात स्थलों पर फव्वारे ठीक कराने के निर्देश जारी कर दिए। जारी पत्र में जीएम जलकल को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि यह फव्वारे शहर की खूबसूरती को चार चांद लगाते हैं। इसलिए जल्द से जल्द से इन फव्वारों की मरम्मत करा इन्हें चालू कराया जाएगा।

### घंटाघर चौक पर लगी घड़ी की सुइयां गायब

नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाले घंटाघर चौक की पहचान घड़ियों से ही है, लेकिन फतेहगंज जाने वाले मार्ग के तरफ लगी घड़ी की सुइयां ही गायब हैं। यह वही घड़ियां हैं, जिसे देखकर लोग समय जाना करते थे।

> फव्वारे अगर बंद हैं तो यह बिल्कुल गलत है। इसे हर हाल में बनवाया जाएगा। मैं स्वयं सभी जगहों की स्थिति खुद देखूंगा और इनकी तत्काल मरमत कराई जाएगी। **-सुमित कुमार,** अपर नगर आयुक्त, नगर निगम।



चलो हम भी करें न छपक-छाईं - छपक-छाईं : धूप अब तेवर दिखाने लगी है, हम आप पंखें और कूलर से राहत पा रहे तो हनुमानजी के स्वरूप कहलाने वाले इन्होंने भी राहत का रास्ता तलाश लिया। शनिवार को सिविल लाइन में पुलिस लाइन प्रवेश द्वार के बगल बंदर महराज उतर आए पानी में और एक - दूसरे के साथ अठखेलियां करने लगे। इधर से गुजर रहे लोग भी इन्हें देखने के लिए ठिठक गए। काफी देर तक बंदरों का समूह पानी में खेलता रहा। • छाया : अमृत विचार

# रामनवमी पर खुलेंगे तीर्थ क्षेत्रपुरम के दरवाजे

**पत्रकार वार्ता**

- **होली मिलन समारोह में ट्रस्ट के महासचिव ने किया एलान**

अयोध्या कार्यालय



कारसेवकपुरम में पत्रकारों से वार्ता करते चंपत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारियां शुरू कर दी है। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने शनिवार को बताया कि जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं को शौचालय और पानी पीने की भी विशेष व्यवस्था बनाई जा रही है। लोगों के लिए तीर्थ क्षेत्र पुरम को खोल दिया जाएगा।

वो विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय कारसेवकपुरम में आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। चंपत राय ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र पुरम में पर्याप्त पानी और 200 शौचालय, बड़े टिन शेड के साथ रहने की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने समाज के लोगों से छोटे -छोटे स्तर पर भोजनालय चलाने की अपील की। नवमी पर 22 घंटे के निरंतर दर्शन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के बाल भगवान के कितने घंटे निरंतर दर्शन की व्यवस्था की जा सकती है। इस पर विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। इस मौके पर राम नन्दन दास और एनबी दास की टोली ने फाग गायन भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, ट्रस्टी दिनेंद्र दास, डॉ.अनिल मिश्र व अन्य रहे।

**आयोग ने रखा ख्याल** | इनोवा, बेरजा, सियाज, निक्सन जैसी गाड़ियों की मिलेगी सुविधा

# चुनाव में लग्जरी गाड़ियों से चलेंगे अफसर

- **वाहन किराए पर लेने की दरें भी निर्धारित, परिवहन विभाग करेगा व्यवस्था**

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार अधिकारियों की बल्ले - बल्ले होगी। चुनाव ड्यूटी में पहली बार लग्जरी गाड़ियों की भी व्यवस्था की जा रही है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिया है। लग्जरी गाड़ियों में इनोवा, होंडा सिटी, निक्सन, ब्रेजा आदि को भी शामिल किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव के तहत फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में 5वें चरण में मतदान होना है जिसके लिए 26 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अधिसूचना जारी की जाएगी। इससे पहले ही जिला प्रशासन चुनाव को लेकर व्यवस्था में जुटा है। मतदान कार्मिकों के पारिश्रमिक भुगतान की दरें आने के बाद लोकसभा चुनाव में लिए जाने वाले वाहनों का आदेश भी आ गया है। आयोग की ओर से दरें भी निर्धारित कर दी गई है। वाहनों के अधिग्रहण की जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई है। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित होने वाले वाहनों के किराए में भी सर्वाधिक 40 फीसदी की वृद्धि की गई है। पिछले चुनाव में महज 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई थी। चुनाव के लिए जिन वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है, उनके स्वामियों को नोटिस दिया जाएगा। समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर पंजीयन निलम्बित करते हुए वाहन स्वामियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। चालक को छोड़कर किराए की राशि सीटों व वजन ढोने के अनुसार तय की गई है। वाहन के लिए तेल अलग से उपलब्ध कराया जाएगा। 1200 सीसी तक के हल्के यात्री पेट्रोल वाहन जैसे जीप, कार टैक्सी व मैक्सी कैब के लिए 1264 व 1450 सीसी से अधिक के डीजल वाहनों के लिए 1460 रुपये दैनिक निर्धारण किया गया है।

### इन वाहनों को किया गया शामिल

हल्के डीजल वाहनों में जीप, इंडिका, मार्शल, वैगनआर, जिप्सी, वैन, ब्रेजा, सियाज, क्रेटा, होंडा सिटी, निक्सन व टिगोर आदि को शामिल किया गया है। पेट्रोल से चलने वाले 1200 सीसी से अधिक के वाहनों को 1260 रुपये व 1450 सीसी से अधिक के डीजल वाहनों को 2140 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाएगा। इनमें स्कार्पियो, तवेरा, इनोवा, बोलेरो, एक्सयूवी 500-700, मेराजो, इनोवा, क्रिस्टा व पांच सीट से अधिक वाले वाहन शामिल हैं।

> शासन की ओर से वाहनों के अधिग्रहण की गाइडलाइन और निर्देश आएं हैं। परिवहन विभाग के साथ शीघ्र बैठक कर व्यवस्था की जाएगी। इस बार बेहतर गाड़ियों को रखा जाएगा। **-अनिरुद्ध प्रताप सिंह,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

## वैश अंसारी की सपा में वापसी, निष्कासन रद



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वैश अंसारी व पूर्व मंत्री।

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने अपने पुराने कद्दावर नेता वैश अंसारी का निष्कासन रद करते हुए उन्हें पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सपा के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को उनका स्वागत पार्टी का गमछा पहनाकर किया। वैश अंसारी को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। तमाम दलों ने उन्हें अपने यहां शामिल होने का न्योता दिया लेकिन वह किसी भी दल से नहीं जुड़े।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज कोड-621440

Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.35 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# लता चौक से जन्मभूमि पथ तक बिछेगी कारपेट

**सुंदरीकरण**

- साकेत पेट्रोल पंप से लेकर हनुमान गुफा तक डिवाइडर पर बनेंगे शू-रैक
- 60 जगहों पर लगेंगे वॉटर कियॉस्क व एटीएम, अस्थायी शौचालय भी लगेंगे
- श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी तक मार्ग को छायादार बनाने की भी है योजना

अयोध्या कार्यालय



लता चौक से जन्मभूमि पथ जाने वाला मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के पैरों में छाले न पड़ें। इसके लिए रामपथ पर कारपेट बिछाई जाएगी। श्रृंगार हाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक के मार्ग को छायादार बनाने की भी योजना है। पेयजल का इंतजाम करने के लिए 60 स्थानों पर वाटर कियॉस्क व वाटर एटीएम भी लगाए जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार आने वाली रामनवमी भव्य तरीके से मनाई जाएगी। तीन दिन तक रामलला का लगातार दर्शन होगा। इस दौरान अयोध्या में 50 लाख के करीब श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए नगर निगम अपनी तैयारियों में जुट गया है। धर्म पथ पर साकेत पेट्रोल पंप से लेकर हनुमान गुफा तक के डिवाइडर पर शू-रैक बनवाए जाएंगे। जिसमें श्रद्धालुओं को जूते-चप्पल रखने के लिए निःशुल्क सुविधाएं मिलेंगी। 60 स्थानों पर लगने वाले वाटर कियॉस्क व एटीएम में पानी पीने के लिए छह-छह टोटियां लगेंगी। हनुमानगढ़ी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन को पहुंच रहे हैं। इस संबंध में शुक्रवार को संत-महंतों ने बैठक कर श्रद्धालुओं के दर्शन मार्ग पर बेहोश हो जाने का मुद्दा उठाया था। उसे देखते हुए नगर निगम अब सीएसआर फंड के तहत श्रृंगारहाट बैरियर से हनुमानगढ़ी तक मार्ग को छायादार बनाने की कवायद में जुटा हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा के समय से अभी कुछ अस्थायी शौचालय लगे हुए हैं। इनकी संख्या में भी बढ़ोतरी की जानी है। लता चौक से लेकर रामजन्मभूमि तक के मार्ग पर कारपेट बिछाई जाएगी।

### पार्कों को बनाया जाएगा होल्डिंग एरिया

बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के ठहराने का इंतजाम करना भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए नगर निगम अयोध्या धाम के पार्कों को ठौर बनाने पर विचार कर रहा है। इसके तहत तुलसी स्मारक सदन, रानी किम हो पार्क व रामकथा संग्रहालय समेत अन्य पार्क व पूर्व में बने पार्किंग स्थलों को भी होल्डिंग एरिया का रूप दिया जाएगा।

> शू-रैक के लिए रामपथ पर स्थान चिह्नित किया जा रहा है। कारपेट बिछाने के लिए टेंडर हो रहा है। जन्मभूमि पथ के अंदर ट्रस्ट कारपेट बिछवाएगा। पूरी कोशिश रहेगी कि सप्तमी तक पूरा काम निपटा दिया जाए। **-संतोष शर्मा,** नगर आयुक्त

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दस्तावेज तैयार कर रहा ट्रस्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आयोजनों का दस्तावेज तैयार कर रहा है। एक स्मारिका पुस्तिका भी बनाई जाएगी, जिसमें शामिल साधु संतों और विशिष्ट अतिथियों के अनुभव की राय ली जा रही है।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लगभग आठ हजार विशिष्ट अतिथि और संत धर्म आचार्य शामिल हुए थे। महोत्सव को देश के पांच लाख मठ मंदिरों में भी मनाया गया था। जिसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख साधु-संतों से लिखित रूप से आयोजन के संबंध में अनुभव की जानकारी जुटा रहा है। अयोध्या से बाहर रहने वाले लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से राय मांगी जा रही है। हालांकि, इस मामले पर कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है लेकिन ट्रस्ट सूत्र बताते हैं कि देश में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ।

### अब रामलला को पहनाए जाएंगे सूती वस्त्र

रामलला को गर्मी से बचाने के लिए अब सूती वस्त्र धारण कराया जाएगा। साथ ही भोग में भी बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक हथकरघा सूती और मलमल वस्त्र तैयार कराया गया है जिस पर फूलों का गोटा लगाया गया है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ठंड पड़ रही थी। इस कारण उन्हें मखमली व मोटे वस्त्र धारण कराए गए थे। अब सूती वस्त्र धारण कराए जाएंगे।

**एक नजर**

### आज आएंगे तीन प्रदेशों के राज्यपाल, करेंगे दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** तीन प्रदेशों के राज्यपाल आज 31 मार्च को रामनगरी आएंगे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मेघालय के फागू चौहान व सिक्किम के लक्ष्मण आचार्य विमान से रविवार सुबह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यहां से तीनों राज्यपाल अयोध्या धाम के लिए सड़क मार्ग से रवाना होंगे। जहां रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे।

### दो प्रवर्तन कार्य से बुकिंग क्लर्क पद पर वापस

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रवर्तन कार्य की मुख्यालय स्तर पर समीक्षा के बाद सहायक यातायात निरीक्षक के पद पर दो को वापस बुकिंग क्लर्क पद पर भेजा गया है। अपर प्रधान प्रबंधक मुख्यालय की ओर से समीक्षा में क्षेत्रीय चेकिंग दल में सहायक यातायात निरीक्षक के पद पर तैनात प्रमोद पाठक और विजय चतुर्वेदी का कार्य संतोषजनक नहीं मिला। जिसके चलते क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने शनिवार को दोनों को उनके मूल पद बुकिंग क्लर्क पर रिवर्ट कर दिया।

### चिकित्साधिकारियों की बैठक कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीजों की तरफ से लगातार मिल रही शिकायतों का सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने संज्ञान लिया है। इस संबंध में उन्होंने एक अप्रैल को समस्त चिकित्साधिकारियों की बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्थाओं से सभी चिकित्सकों को अवगत कराया जाएगा।

### आज भी खुलेगा कर विभाग

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम में 10 प्रतिशत की छूट के साथ गृहकर और जलकर जमा करने की रविवार को समय सीमा समाप्त हो रही है। नगर वासियों की सहुलियत को देखते हुए छुट्टी के दिन भी कर विभाग खुला रहेगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को कर के रूप में 55 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। अयोध्या धाम से कर की अदायगी हुई है।

### 14 हजार का जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम का प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान जारी है। प्रवर्तन दल को शनिवार को नियावां चौराहे पर कई दुकानदार पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए मिले। टीम ने 14 हजार रुपये का जुर्माना किया है।

# रामलला के दर्शन करने पहुंचे अधिवक्ता अव्यवस्था देख भड़के

## पुलिसकर्मियों से हुई नोक-झोंक, बैरियर को धक्का दे मंदिर पहुंचे 800 वकील

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन करने के लिए शनिवार को फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के 800 अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल राम मंदिर पहुंचा। जहां प्रशासनिक प्रोटोकॉल न होने के कारण वकील भड़क उठे। अधिवक्ता संघ का आरोप है कि इस कार्यक्रम की जानकारी पहले से ही जिला प्रशासन को दे दी गई थी। उसके बावजूद राम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में प्रवेश कराए जाने की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं तय की गई।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय के नेतृत्व में शनिवार दोपहर 17 बसों से 800 अधिवक्ताओं का दल अयोध्या धाम के परिक्रमा मार्ग से राम जन्मभूमि परिसर के निकट पहुंचा। सभी पैदल यात्रा कर राम गुलेला क्रॉसिंग पहुंचे, लेकिन इस दौरान मार्ग पर यहां बैरिकेडिंग लगी हुई थी। यहां सुरक्षा में तैनात जवानों ने मार्ग से जाने से रोक दिया। इस दौरान अधिवक्ता भड़क गए और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की। काफी देर तक पुलिस कर्मियों के साथ नोकझोंक हुई और बैरियर को गिरा दिया। इसके बाद जन्मभूमि पथ से राम मंदिर में प्रवेश कर दर्शन-पूजन किया।



राम गुलेरा मार्ग पर बैरिकेडिंग के पास जुटे नाराजगी जाहिर करते वकील। अमृत विचार

**सिटी मजिस्ट्रेट की तरफ से नहीं की गई थी व्यवस्था**

अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने कहा कि जिलाधिकारी को एक महीने पहले ही रामलला के दर्शन को लेकर सूचना दे दी गई थी। उनके आश्वासन पर हमें बसें उपलब्ध कराई गईं और दर्शन के लिए लाया गया लेकिन दर्शन करने को लेकर कोई समुचित प्रबंध सिटी मजिस्ट्रेट की तरफ से नहीं किया गया। जिसकी वजह से हमें इधर-उधर घुमाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक इंतजाम नहीं थे और लापरवाही ज्यादा थी। जिस वजह से वकीलों में रोष था। हालांकि, रामलला के दर्शन हुए, अच्छा लग रहा है।



बस में बैठकर श्रीराम के जयकारे लगाते अधिवक्ता।



ढकेली गई बैरिकेडिंग। अमृत विचार

**15 तक ऑनलाइन भरें परीक्षा फॉर्म**

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर स्नातक एवं परास्नातक परीक्षा-2024 के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि शनिवार को घोषित कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि अभ्यर्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 16 अप्रैल तक फॉर्म की दो प्रतियों पर हस्ताक्षर के बाद ही महाविद्यालय में जमा करना होगा। समस्त महाविद्यालयों को 17 अप्रैल तक छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म को सत्यापित करना होगा। महाविद्यालय प्रशासन समय से परीक्षा आवेदन-पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय प्रशासन की होगी। ऐसे छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के सम्बन्ध में प्राचार्यों को अवगत करा दिया गया है।

# दुष्कर्मी युवक को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के एक मामले में दोषी पाते हुए कोर्ट ने आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास व 5000 रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है। अर्थदंड की रकम में से ढाई हजार पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से शनिवार को हुआ।

पोक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद सिंह तथा आशीष द्विवेदी ने बताया कि घटना 28 अप्रैल 2018 की है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को अंबेडकरनगर जिले के थाना अहिरौली के चाचिकपुर गांव का रहने वाला धर्मेंद्र भाग ले गया था। घटना के समय पीड़िता सब्जी लेने जा रही थी। पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपनी बाइक से बैठाकर ले जा रहा था। गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के सामने पीड़िता की मां ने उसे देखा था। अपहरण करने के बाद रास्ते में पीड़िता के ही गांव का सूरज मिला। दोनों उसे बाराबंकी ले गए। जहां धर्मेंद्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने धर्मेंद्र और सूरज के खिलाफ दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने धर्मेंद्र को दोषी पाते हुए सजा दी जबकि सूरज को दोष मुक्त कर दिया।

### हत्या के आरोपी को जमानत नहीं



**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्राम प्रधानी की रंजिश में हत्या करने के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट कुलदीप सिंह की अदालत से शनिवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्र व रंजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना 6 जुलाई 2022 की है। पटरंगा थाना क्षेत्र के सरैठा गांव में ग्राम प्रधान के चुनाव की रंजिश को लेकर जय सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट धीर सिंह, वीर सिंह, रंजय सिंह, शंकर बक्श सिंह और नितेश सिंह के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में लिखाई गई। विवेचना के बाद पुलिस ने नितेश सिंह के खिलाफ साक्ष्य न पाते हुए उनका नाम आरोप पत्र से निकाल दिया था। जबकि अन्य के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया था। वादिनी कुसुम सिंह ने अदालत में नितेश को तलब करने की अर्जी दी और कोर्ट ने उन्हें विचारण के लिए तलब किया। उसकी जमानत अर्जी पर शनिवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी।

### चुनाव में वैकल्पिक पहचान पत्र भी मान्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हें वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि आधार कार्ड, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक आदि मान्य होंगे। बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से सम्बंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरित होंगी। मतदाता को मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

**सार-संक्षेप**

### ट्रेन पकड़ कानपुर पहुंची निरीक्षक की मां

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में शुक्रवार रात अपने समूह से बिछुड़ी बुजुर्ग महिला ट्रेन पकड़ कानपुर पहुँच गई। महिला ने किसी के मोबाइल से थाने पर फोन कराया तो तलाश में जुटे परिवार को राहत मिली। महिला का एक बेटा छत्तीसगढ़ में डीजीपी मुख्यालय में निरीक्षक के पद पर तैनात है। कानपुर के ककवन थाना क्षेत्र स्थित ककवन निवासी उर्मिला(70) शुक्रवार को एक प्राइवेट बस से क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने के लिए आई थी। इसी दौरान वह रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र में अपने समूह से बिछुड़ गई थी। परिजनों ने तलाश शुरू कराई थी और बेटे ठाकुर अभय प्रताप सिंह ने तलाश में मदद के लिए अयोध्या के जिलाधिकारी और एसएसपी को ट्वीट किया था। बुजुर्ग महिला के बेटे अभय प्रताप सिंह ने शनिवार को बताया कि ककवन थाने से फोन आया कि उनकी मां ट्रेन से बिल्हौर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली है, उनको रिसीव कर लें। कहा कि समूह से बिछुड़ी मां किसी से पूछकर वापस घर आने के लिए ट्रेन पर सवार हो गई और नजदीक पहुंचने पर किसी यात्री के मोबाइल से फोन कराया था।

### राम की पैड़ी में डूबा हरियाणा का श्रद्धालु, मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र स्थित राम की पैड़ी में शनिवार शाम डूबकर एक श्रद्धालु की मौत हो गई। हरियाणा के महेंद्रगढ़ का निवासी दिलीप सिंह (28) पुत्र नौबत सिंह अयोध्या दर्शन-पूजन के लिए आया था। वह शनिवार शाम राम की पैड़ी में वाटर लिफ्टिंग पाइप के मुहाने के पास स्नान कर रहा था। अचानक संतुलन बिगडने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। गुहार पर कुछ लोग युवक की तलाश में जुटे और उसे बाहर निकाल पुलिस की मदद से श्रीराम चिकित्सालय भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि संभवतया मिर्गी आने के चलते युवक हादसे का शिकार हो गया। वह अकेले ही अयोध्या दर्शन के लिए आया था। हादसे की जानकारी परिवार को भेज उनको बुलवाया गया है।

### मांगलिक कार्यक्रमों के बुक कराएं कल्याण मंडप

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर के लोगों को वैवाहिक या अन्य मांगलिक कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के लिए गेस्ट हाउस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके लिए रायबरेली रोड पर कल्याण मंडप की स्थापना कराई जा रही है। जिसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 4.70 करोड़ रुपये का बजट कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराया है। इसका निर्माण कार्य अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्यदायी संस्था कन्स्ट्रकशन एंड डिज़ाइन सर्विसेज यूनिट-44 करवा रही है।

### गोशाला में करें व्यापक इंतजाम



गोशाला का निरीक्षण करते अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार।

**अयोध्या, अमृत विचार :** बैसिंह स्थित गोशाला की स्थिति जानने के लिए अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला की साफ-सफाई से लेकर पशुओं के चारे तक के इंतजाम को देखा। उन्होंने गर्मी को देखते हुए गोशाला में पशुओं के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए। सुमित कुमार ने बताया कि बैसिंह गांव की यह गोशाला जिले की सबसे बड़ी गोशाला है। यहां नंदीशाला व कामधेनु शाला के निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया जा चुका है।

**ट्रस्ट का अभिनव प्रयोग** | विशिष्ट दर्शन के लिए बनेंगे पास, ट्रस्ट का अनुमोदन अनिवार्य, निर्धारित समय सीमा में ही श्रद्धालुओं को करने होंगे रामलला के दर्शन

# दो-दो घंटे के छह स्लाट में बनाए जाएंगे हर दिन 600 पास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में रामलला के दर्शन के लिए बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से विशिष्ट दर्शन पास की सुविधा दी जायेगी। दो-दो घंटे के छह स्लाटों में रोजाना करीब 600 पास बनाए जाने की योजना बनाई गई है। खास बात यह है कि विशिष्ट दर्शन के लिए विशिष्ट पास तभी बनाया जाएगा जब ट्रस्ट ने उसके लिए अनुमोदन किया हो। बिना अनुमोदन के पास नहीं बनाए जाएंगे।

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार राम कचेहरी स्थित ट्रस्ट कार्यालय में विशिष्ट पास और सुगम दर्शन के लिए पास के लिए एक अलग काउंटर भी बनाया गया है।

दो अतिरिक्त ऑपरेटर तैनात करने के साथ अन्य व्यवस्था की गई है। पास धारक श्रद्धालुओं को तय समय सीमा में ही गेट नंबर दो रंगमहल बैरियर से प्रवेश दिया जा रहा है। हालांकि दबाव को देखते हुए यहां व्यवस्था और कड़ी की गई है। ट्रस्टी के अनुसार अलग-अलग स्लाटों में भक्तों को दर्शन सुलभ होगा।



रामलला के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### हर स्लॉट में बनेंगे 100 विशिष्ट पास, 20 होंगे ऑनलाइन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार हर स्लाट में 100 विशिष्ट पास बनेंगे। इनमें से 20 ऑनलाइन होंगे और 80 विशिष्ट पास ट्रस्ट के अनुमोदन पर विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बनाए जाएंगे। इनमें संत - धर्माचार्य, प्रशासनिक और न्याय विभाग को शामिल किया गया है। विशिष्ट पास में समय भी अंकित रहेगा। उसी के अनुसार दर्शन करना होगा। निर्धारित समय स्लाट से अतिरिक्त वह विशिष्ट पास प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

### यह स्लाट निर्धारित

- सुबह सात बजे से नौ बजे तक।
- सुबह नौ बजे से 11 बजे तक।
- दोपहर एक बजे से तीन बजे तक।
- दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक।
- शाम पांच बजे से सात बजे तक।
- शाम सात बजे से रात्रि नौ बजे तक।

**नोट - निर्धारित स्लाट के विशिष्ट पास उसी स्लाट की समय सीमा के लिए होंगे। इसमें परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

## एक नजर

### 109 लीटर कच्ची शराब के साथ 7 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को जनपद के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 109 लीटर कच्ची शराब के साथ सात लोगो को गिरफ्तार कर लिया। टिकैतनगर पुलिस ने 54 लीटर के साथ चार, मसौली पुलिस ने 40 लीटर के साथ दो व रामनगर पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### अच्छे अंकों से उत्तीर्ण बच्चे पुरस्कृत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शुक्लाई में शनिवार को उच्च अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधान अनुज कुमारी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रश्मि सिंह, शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

### 12 लाख की मार्फीन के साथ गोंडा के दो शातिर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर पुलिस ने शनिवार को पठान टोला, थाना कटरा बाजार, गोण्डा निवासी रिजवान उर्फ छोटू व हामिद को 115 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। बरामद मार्फीन की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 12 लाख रुपये बताई जा रही। आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तमंचे के साथ तीन धरे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से शनिवार को पुलिस ने तीन लोगों को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। बदोसराय पुलिस ने एक, मसौली पुलिस ने एक व रामनगर पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा है।

# 1792 परिषदीय विद्यालयों के 1.68 लाख बच्चे उत्तीर्ण

## जिले भर के स्कूलों में वितरित किया गया परीक्षा परिणाम, विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**रिजल्ट जारी**

- तीन दिन में तैयार किया गया वार्षिक परीक्षा का परिणाम अब नए सत्र की तैयारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 1.68 लाख बच्चों को शनिवार को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। बोर्ड परीक्षा नतीजों से पहले आए परिषदीय विद्यालयों के परीक्षा परिणामों ने इस बार रिकॉर्ड बना दिया है। पिछले शैक्षिक सत्र के मुकाबले इस बार वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।


पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनियामऊ में परीक्षा फल पाकर खुश होते बच्चे।

बच्चों और अभिभावकों को स्कूल बुला कर सम्मानित भी किया गया। कुल 1792 परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा के नतीजों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों का प्रतिशत भी गत वर्ष 60 फीसदी के मुकाबले 85 प्रतिशत रहा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को स्कूलों में उपस्थित प्रथम, द्वितीय और तृतीय बच्चों को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया गया है। बताया गया कि अब एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए सत्र की तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग के अनुसार सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है सभी अपने - अपने खंड शिक्षा क्षेत्र के स्कूलों से टॉप टेन बालक-बालिकाओं की सूची उपलब्ध कराएं।जिससे कि आगामी शैक्षिक सत्र में उन्हें रोल मॉडल के रूप में सामने लाया जा सके।

### परीक्षाफल पाकर खिले बच्चों के चेहरे

पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनियामऊ रुदौली में शनिवार को परीक्षा फल वितरण किया गया। प्रथम स्थान कुमारी रिया श्रीवास्तव 93 प्रतिशत और द्वितीय स्थान शिवांशी मिश्रा ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर रहीं प्रिया ने 87 प्रतिशत अंक पाकर उत्तीर्ण हुई। विशेष बात यह रही कि प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान बालिकाओं ने ही प्राप्त किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश पांडेय, प्रधानाध्यापक मोहम्मद कासिम, सहायक अध्यापिका अलका अग्रवाल, तृप्ता कुमारी ,ननकऊ तिवारी व अभिभावक उपस्थिति रहे।

# बच्चों की नींव होती है बेसिक शिक्षा: बीईओ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा बच्चों की नींव है। इस पर सभी गंभीरता से ध्यान दें। ये बातें शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहीं। वो बीकापुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कुढ़ा में वार्षिकोत्सव और परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों से लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने की भी अपील की। सभी अभिभावकों से मतदान संकल्प पत्र भी भराया। इससे पहले मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि मनीष रस्तोगी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अध्यक्षता नोडल संकुल शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव ने की। संचालन सहायक अध्यापक रमाशंकर ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका गीता मौर्य, नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक रमाशंकर, तिलक राम, विकास कुमार, सुनील सिंह राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**आह्वान**

- अभिभावकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित

# साहित्यिक मंच से नवोदित लेखकों ने बनाई पहचान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कला मंच महानगर व खुद के कलम से के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अवध विश्वविद्यालय के संतकबीर सभागार में कविता और कहानियां कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें नवोदित कहानीकारों और कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों का ध्यानाकर्षण करते हुए अपनी पहचान बनाई। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, गुलाजर समिति की अध्यक्ष पूनम सूद, अभाविप महानगर मंत्री सत्यम दुबे, कार्य्रकम संयोजक व खुद के कलम से के फाउंडर प्रखर यादव, अवध विश्विद्यालय के इकाई मंत्री शेषमणि ने दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की।


साहित्यिक मंच पर सम्मानित किए गए कवि व रचनाकार। अमृत विचार

अभाविप राष्ट्रीय मंत्री शुक्ल ने कहा कि अयोध्या विश्व में सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। कला साहित्यिक क्षेत्र में अयोध्या की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय फलक पर अस्थापित करने हेतु राष्ट्रीय कला मंच एक माध्यम प्रदान कर रहा है। भारत की कला सदैव वैज्ञानिक दृष्टिकोण की रही है भारत में विविधता में एकता नहीं बल्कि एकता में विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन है। कार्यक्रम में स्पेशल परफॉर्मेंस द चेक मार्क म्यूजिक बैंड के प्रमुख कुशल बत्रा व उनकी टीम ने रामभजन गाकर किया। अंकिता तिवारी, अभिषेक पाठक, भव्या मिश्रा को उम्दा कलाकारों के रूप में पुरस्कृत किया गया। संचालन अरुणिमा मिश्रा ने किया। इस दौरान खुद की कलम से टीम की आस्था कनोजिया, अविनाश नागर, प्रशांत तिवारी, शुभम चौधरी , दिव्यांश चौधरी, सत्यम पांडेय व अभाविप के महानगर संगठन मंत्री अंकित भारतीय, सहमंत्री अंश जायसवाल, मीडिया संयोजक शिखर तिवारी, सोशल मीडिया संयोजक रौनक गुप्ता, विश्वविद्यालय संगठन मंत्री अश्वनी मौर्या आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने सीएम व डीएम से लगाई गुहार

जलालपुर, अम्बेडकरनगर

**अमृत विचार:** सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार आमरण अनशन कर चुके और भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे अधिकारियों के नाक में दम करने वाले बाबा को पुलिस ने गांजा तस्कर बता कर जेल भेज दिया है। ग्रामीणों ने चार दर्जन से अधिक लोगों का हस्ताक्षर कराकर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला मालीपुर थाना के रसूलपुर बाकरगंज निवासी बाबा वीरेंद्र दास त्यागी से संबंधित है।

ग्रामीणों ने शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि गांव में मंदिर पर कई वर्षों से बाबा वीरेंद्र दास त्यागी पूजा-पाठ करते हैं। गांव में भूदान कमेटी, बंजर भूमि, तालाब की भूमि, खेल के मैदान के लिए आरक्षित सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर स्थाई और अस्थाई निर्माण कर लिया है। कोरोना काल के बाद से बाबा वीरेंद्र दास इस सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विभिन्न सरकारी मशीनरियों पर कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना रहा। बार-बार शिकायत करने से बाबा से सभी राजस्व अधिकारियों और पुलिस खफा थी, जिससे नाराज अधिकारियों ने पुलिस को मोहरा बनाकर इन्हें होली के दिन 25 मार्च को जब यह घर में सो रहे थे। मालीपुर पुलिस ने उठा लिया और इनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उनके कब्जे से 1 किलो से अधिक गांजा की बरामदगी दिखाकर जेल भेज दिया।

### ग्रामीणों में है आक्रोश

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के कृत्य से गांव में आक्रोश है। ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, पीडब्ल्यूडी, तहसील प्रशासन समेत अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का खुलासा का प्रयास कर रहे थे। इनको घर से मालीपुर थाना की पुलिस ने उठाया, बैग से शिकायतों से संबंधित कागजात थे और करीब 32000 रुपये नगद पुलिस लेकर चली गई। ग्रामीण भैया राम, संदीप, उमेश कुमार, कृष्णावती, राम बदल, बजरंगी, यशोदा, संजय कुमार समेत दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजकर उच्चाधिकारियों से जांच करा कर कार्यवाही की मांग किया है।

# श्रमिक कल्याण कार्यशाला में मजदूर हितों पर हुआ मंथन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जन विकास केंद्र भितरीडीह व क्लाइमेट एजेंडा के संयुक्त तत्वावधान में श्रमिक कल्याण कार्यशाला का आयोजन अकबरपुर नगर के एक होटल में किया गया। इसमें ईंट भट्ठा मजदूरों की बेहतरी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य वक्ता के तौर पर श्रम विभाग समिति से आरती त्रिपाठी, जनवादी मजदूर यूनियन से जयप्रकाश आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

संयोजक मनोज कुमार ने कहा कि ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों के बुरे हालात के बारे में सभी बात तो करते हैं, लेकिन वास्तव में इन समस्याओं के समाधान क्या और कैसे हो सकते हैं, इस पर काफी कम पहल दिखती है। बुनियाद अभियान के माध्यम से यह प्रयास है कि ईंट-भट्ठे से जुड़े तमाम स्टेकहोल्डर्स को एक मंच पर लाया जाए। जिससे मजदूरों के हालात को बेहतर बनाने में संयुक्त पहल की जा सके। संस्था क्लाइमेट एजेंडा की सदस्य सानिया अनवर ने कहा कि मजदूर, विशेष रूप से प्रवासी मजदूरों के लिए सरकार द्वारा घोषित योजनाओं भी सही ढंग से क्रियान्वित नहीं हो पा रही हैं। नीति निर्माण के स्तर पर भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बुनियाद अभियान का प्रयास है कि घोषित योजनाएं मजदूरों तक पहुंचे और उनके परिवारों का कल्याण हो।

# चीनी मिल में अब बिना पर्ची के होगी गन्ने की तौल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** अकबरपुर स्थित मिझौड़ा चीनी मिल में किसानों के गन्ने की आवक को देखते हुए शनिवार को सुबह आठ बजे से चीनी मिल गेट को फ्री कर दिया गया है। जिससे किसान बिना पर्ची के चीनी मिल में गन्ने की बिक्री कर सकेंगे। मिझौड़ा चीनी मिल में अब तक कुल करीब 90 लाख 40 हजार कुंतल गन्ने की पेराई की गई हैं। ऐसे में 114 लाख कुंतल गन्ने की पेराई के लक्ष्य को पूरा करने की उम्मीद नहीं है।

बता दें कि अकबरपुर स्थित मिझौड़ा चीनी मिल में पेराई सत्र अंतिम दौर में है। गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना लेकर किसानों की आवक कम होने के चलते मिल प्रशासन ने 30 मार्च से चीनी मिल गेट को फ्री करने का निर्णय लिया है। चीनी मिल प्रशासन के अनुसार शनिवार सुबह आठ बजे से चीनी मिल गेट को फ्री कर दिया है। चीनी मिल में गन्ने की तौल तब तक की जाएगी जब तक किसानों का गन्ना शत-प्रतिशत विक्री नहीं हो जाएगा। सहायक गन्ना महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि अब तक 90 लाख 40 हजार कुंतल गन्ने की पेराई की गई है। चीनी मिल को 114 लाख कुंतल पेराई का लक्ष्य मिला है। जनपद में 48 हजार किसानों ने लगभग 25 हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में गन्ने की बोआई किया है। बीते 17 नवंबर से पेराई सत्र प्रारंभ हुआ था। अब जबकि पेराई सत्र समाप्त होने को है तो ऐसे में लक्ष्य को पूरा करना संभव नहीं दिख रहा है।


अकबरपुर चीनी मिल। अमृत विचार

### गन्ना किसानों को समय से किया जा रहा भुगतान

सहायक गन्ना महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि चीनी मिल में गन्ना बिक्री करने वाले किसानों का भुगतान समय से किया जा रहा है। चीनी मिल प्रशासन ने 20 मार्च तक गन्ने की बिक्री करने वाले किसानों का 316 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। वहीं शेष भुगतान के लिए जरूरी प्रक्रिया तेजी से की जा रही है।

# सरयू पूजन और दुग्धाभिषेक 9 को

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** भारतीय नववर्ष पर को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल और महामंत्री दिनेश नारायण सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी टांडा से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि विक्रम संवत 2081 के प्रथम दिवस पर 9 अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे से श्री हनुमानगढ़ी मंदिर के निकट संयोजक पंडित राकेश मिश्र, बजरंगी लाल सोनी, अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार, राकेश कुमार कन्नौजिया के नेतृत्व में मां सरयू का पूजन व दुग्धाभिषेक विधि-विधान के साथ किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पावन जन्मदिवस रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को साढ़े पांच बजे अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल आदि के नेतृत्व में बाल स्वरूप की भव्य शोभायात्रा श्रीरामलीला रंगमंच चैक से निकलेगी। शोभा यात्रा गुरु द्वारा सिंह सभा, झारखंड महादेव मंदिर छज्जापुर, नवदुर्गा मंदिर फत्तुपट्टी, आदर्श जनता इंटर कॉलेज चैराहा, मीरापुर, नागेश्वर नाथ मंदिर चैक होकर मीरानपुरा, भारतीय स्टेट बैंक तिराहा, उदासीन आश्रम, सब्जी मंडी, कपड़ा मंडी और मठिया माता मंदिर होते हुए चैक पहुंचेगी। वहां हवन और आरती होगी, इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### लाभदायक व पुण्यकारी है कथा का श्रवण



**गोसाईगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** रामगंज दिलासीगंज रोड पर एक राइस मिल के बगल में श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत से पूर्व शनिवार को कलश यात्रा निकली जो कस्बे के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करती हुई कथा स्थल पहुंची। पहले दिन कथाव्यास आचार्य राधेश शास्त्री ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कथा का श्रवण मनुष्य के लिए बहुत लाभदायक और पुण्यकारी है। कथा से मानव समाज में व्याप्त समस्त गंदे विचारों व विकारों का नाश कर भक्तिभाव का भाव जागृत होता है। कथा में मुख्य यजमान रमेश चंद्र गुप्ता, डॉ. स्नेह गुप्ता , सौरभ गुप्ता, हनुमंतलाल, प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# नदी में उतराता मिला 11 दिन से लापता युवती का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शुक्लनपुरवा में शनिवार को कल्याणी नदी में एक युवती का उतराता हुआ शव मिला। वह पिछले 11 दिनों से लापता थी। खेतों से काम कर लौट रहे सनाकापुर के किसानों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने इसककी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शव की शिनाख्त 11 दिनों से लापता शुक्लनपुरवा निवासी बालक राम रावत की 26 वर्षीया पुत्री पूनम के रूप में हुई। वहीं शव मिलने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। भाई दीपक ने बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से बीमार थी। वह बीती 19 मार्च को नदी के उस पार एक मंदिर में भंडारे में गई थी। वापस न आने पर बहन की गुमशुदगी रामसनेहीघाट कोतवाली में 20 मार्च को दर्ज करायी थी। उसने आशंका जाहिर की कि शायद वह नदी में गिर गई और डूब गई।

### आग से घर का सामान राख

अयोध्या,अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव बिरौलीझाम निवासी दिव्यांग पिंटू महरा के आवासीय छप्पर के मकान में बीती रात आग लग गई। जब तक गांव के लोग पहुंच कर आग को काबू कर पाते, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। हल्का लेखपाल ज्ञान प्रकाश दूबे ने बताया कि क्षति का आंकलन कर पीड़ित को सरकारी सहायता के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है।

**हालात** 25 फीसदी बसें ऑफरोड के हाल में, नई का भी हाल ठीक नहीं

# कर्मियों की तंगी में फंसी नई बीएस-छह बसों की खेप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी के ऐतिहासिक रामनवमी मेले को लेकर परिवहन निगम ने मेला स्पेशल बसों के संचालन की कार्ययोजना तैयार की है, लेकिन निगम को पुरानी बसों से ही काम चलाना होगा। इस माह मिलने वाली 30 बीएस-छह बसों की खेप कर्मियों की तंगी के फेर में फंस गई है। बेड़े में शामिल पुरानी बसों का हाल ठीक नहीं है, लगभग 25 फीसदी बसें ऑफरोड की हाल में पहुंच गई हैं।

फरवरी माह में क्षेत्र को आवंटित 10 नई बीएस-छह बसों में डिपो को केवल दो बस ही मिल पाई थी। मार्च में क्षेत्र को आवंटित 30 नई बसों में डिपो को अपना हिस्सा मिलने की आस थी लेकिन चालकों व परिचालकों की कमी के चलते क्षेत्रीय प्रबंधन ने इन्हें लेने से हाथ खड़े कर दिए। रामनवमी मेले के लिए क्षेत्रीय प्रबंधन ने 120 बसों के संचालन की योजना बनाई है जिसमें से 50 बसें अयोध्या, 10 अमेठी और 30 अकबरपुर व 30 सुल्तानपुर डिपो से संचालित की जानी है। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि मार्च माह में नई बीएस-छह बसों की खेप मिलनी थी, लेकिन अभी कोई सूचना डिपो नहीं आई है। उन्होंने पुरानी 25 फीसदी बसों के ऑफरोड हाल में होने से इनकार करते हुए कहा कि कुछ बसों के नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जानी है। मेला स्पेशल बसों के संचालन के लिए आवश्यक इंतजाम किये जा रहे हैं।


रोडवेज डिपो की खस्ताहाल बस।


प्राप्ति एवं प्रेषण कक्ष में भरा पानी।


कक्ष की दीवार पर फैली सीलन।

"चालक-परिचालक की कमी के चलते मार्च माह में आवंटित 30 नई बसों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से मिलने वाली पुरानी बसों को भी लेने से मना किया गया है। स्टाफ की तंगी दूर होने के बाद बसों की खेप मंगवाई जाएगी।"

– नीरज सोनकर, क्षेत्रीय सेवा प्रबंधक

### 97 में से मात्र 17 नई बसें

वर्तमान में अयोध्या डिपो की ओर से 97 सरकारी और 29 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। कुल मिलाकर 17 बसें नई बीएस-छह मॉडल व बाकी पुरानी बीएस-चार मॉडल की हैं। कार्यशाला से जुड़े कर्मी नई बीएस-छह बसों में भी तकनीकी कमियों व संस्था की ओर से समुचित व समय से सहयोग न मिल पाने की बात बताते हैं। उनका कहना है कि डिपो की 25 पुरानी बसें अपनी निर्धारित 11 लाख किमी. या 10 वर्ष आयु पूरी कर चुकी हैं।

### 124 की जगह 70 चालक परिचालकों की भी कमी

अयोध्या डिपो में वर्तमान में नियमित के रूप में 70 चालक और 65 परिचालक नियुक्त हैं। मानक के मुताबिक 97 रोडवेज बसों के लिए कुल 124 नियमित चालक व अनुबंधित समेत पूरे बेड़े के लिए 156 परिचालक होने चाहिए। लिपिकीय संवर्ग में तो हालत और भी खराब है। मानक के मुताबिक लिपिकीय पदों पर 50 के बजाय 18 ही उपलब्ध हैं, जिसमें 11 बुकिंग क्लर्क और सात वरिष्ठ लिपिक हैं। प्रशासनिक लिपिक के छह पदों में से दो ही उपलब्ध हैं।

### प्राप्ति एवं प्रेषण कक्ष में भरा बदबूदार पानी

डिपो परिसर स्थित प्राप्ति एवं प्रेषण कक्ष को शनिवार को बंद करना पड़ा। ऐसा कक्ष में शौचालय का बदबूदार गंदा पानी रिसकर भर जाने के चलते हुआ। कर्मियों का कहना है कि ऊपरी तल स्थित शौचालय के टैंक का गंदा पानी दीवार से रिसकर आ रहा है। जिसके चलते फर्श पर पानी भर गया है। मामले की शिकायत अधिकारियों से की गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड का वर्ष 2017 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1892111 तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1480009 व बीओबी पासबुक खाता– 36368100002117 वास्तव मे खो गया है। **अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र महेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी– ग्राम– मनिकापुर परासिन, विकवाजितपुर सुलतानपुर यूपी।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद वर्ष 2021 में अम्बिका संस्कृत उच्चतर माध्यमिक महाविद्यालय हनुमानगंज अठेहा जिला प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण पूर्व माध्यमा द्वितीय वर्ष का मूल प्रमाणपत्र (सार्टिफिकेट) जिसका अनुक्रमांक 21224697 है वह कही खो गया है। **–प्रिंस तिवारी पुत्र संजय कुमार तिवारी, निवासी– ग्राम– महानन्दपुर , पोस्ट– परशदेपुर, तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गया प्रसाद पुत्र स्व0 राम आसरे, निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ** मेरी पुत्री शिवानी उम्र लगभग 18 वर्ष ने अपनी मर्जी से सुरेन्द्र पुत्र अयोध्या निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ से विवाह कर लिया है। उसके इस कृत्य से क्षुब्ध होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा ।अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र शशांक मिश्र व उसकी पत्नी किरन मिश्रा का चाल चलन व आचरण गलत है एवं विगत कई वर्षो से मेरा उसके परिवार से किसी प्रकार का सरोकार नहीं है, शशांक व उसकी पत्नी किरन से परेशान होकर दोनों को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। **सर्वेश्वर मिश्र पुत्र भानु उदय मिश्र, निवासी– बभनान जमुनहा, शुगर मिल गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम उमेश दास सुत्त स्व0 भगवानदास, निवासी– ग्राम व पो0 व थाना – बारापट्टी, जिला– गया, बिहार ,** मेरे पुत्र क्षितिज तेजस्वी की जन्मतिथि विद्यालय में त्रुटिवश 10–02–2012 दर्ज हो गयी है जो गलत है जबकि सही जन्मतिथि– 10–02–2014 ई. है। अत: मेरे पुत्र की गलत जन्मतिथि को सही कर 10.02.2014 अंकित किया जाय है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919




**20वां रोजा**

**शिया**

सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

**सुन्नी**

सहरी : 04. 28 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# प्रत्येक विधानसभा में बनाएं 50 मॉडल बूथ

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने पिंक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाने के दिए निर्देश

**कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों पर बैठक करके बीएलओ के माध्यम से घर-घर लोगों को करें जागरूक**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आलापुर के बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियो के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने मतदान से पूर्व घर-घर जाकर मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देशित किया। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को बताया गया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 प्राप्त किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षसः पालन सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान से पूर्व सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं हेल्प डेस्क, साइनेज लगवाया जाए। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिंक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर वोटिंग परसेंटेज कम है वहां पर मीटिंग करके बीएलओ के माध्यम घर-घर लोगों को जागरूक करें। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।





लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी व साथ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

### बुजुर्ग और दिव्यांग होम वोटिंग का ले सकते हैं मदद

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं वह वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो और वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने वाला लिपिक निलंबित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**जिला पंचायत राज अधिकारी ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** बीते शुक्रवार को जनपद के एक निजी होटल में भाजपा द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा की पट्टिका पहनने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के लिपिक को डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया है। आचार्य संहिता के उल्लंघन पर हुई शिकायत के बाद लिपिक पर कार्रवाई की गई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 29 मार्च को विभिन्न सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के माध्यम से यह संज्ञान में आया कि सुनील वर्मा जो कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात है। वह किसी पार्टी विशेष कार्यालय पर उपस्थित होकर सार्वजनिक रूप से उक्त पार्टी में शामिल होकर पार्टी की गतिविधियो में सम्मिलित रहे। सुनील वर्मा एक शासकीय कर्मचारी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार शासकीय कर्मचारी के ऊपर मॉडल कोड ऑफ कन्डक्ट लागू है और इनके द्वारा और कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत इस प्रकार का कृत्य किए जाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मामले में अपर जिला पंचायतराज अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि निलंबन अवधि में वह कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे और बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित नहीं होंगे।

## एक नजर

### आपत्तिजनक पोस्ट पर शांति भंग में चालान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की बीते गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के बाद एहतियातन पूरे राज्य में धारा 144 लागू कर अफवाह फैलाने वालों और इंटरनेट मीडिया पर नजर रखने के उच्चस्तरीय निर्देश जारी है। बता दें कि जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के माधवनगर निवासी अब्दुल्ला पुत्र मो. शरीफ और कस्बा निवासी मोहम्मद असलम पुत्र मो. इलियास ने एक आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित किया था। हेड कांस्टेबल प्रेमप्रकाश सिंह और पवन चतुर्वेदी ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों युवकों का शांति भंग में चालान किया गया है।

### चाकू के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना हंसवर पुलिस ने पुलिया मुंडेरा से लगभग 20 से 25 कदम पहले रोड पर पर ग्राम मुंडेरा से अवैध चाकू के साथ एक नफर अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में अभियुक्त रामसिंह पुत्र पुद्दन निवासी ग्राम अरुषा आजमपुर थाना हंसवर उम्र करीब 39 वर्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा, कांस्टेबल अनिल यादव शामिल रहे।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** महिला थाना प्रभारी द्वारा और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे। पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# भाजपा सभी पर तानाशाही का डंडा चलाएगी : अमित

**इनकम टैक्स पेनाल्टी लगाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, दी गिरफ्तारी**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अगुवाई में जनपद के समस्त कांग्रेसजनों ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस को 1823 करोड़ रुपए की इनकम टैक्स पेनाल्टी लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों मोदी सरकार जाएगी और फिर संवैधानिक संस्थाओं से उनका हिसाब लिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने कांग्रेसियों को पुलिस लाइन में गिरफ्तारी के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल जाने के लिए तैयार है। आज कांग्रेस को नोटिस थमाई जा रही है। कल 140 करोड़ देशवासियों को नोटिस थमायी जाएगी। भाजपा सरकार सब पर तानाशाही का डंडा चलाएगी। यह लोकतंत्र का अंत है। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से कांग्रेस के सभी खातों को फ्रीज किया गया और 1994 के मामले को लेकर 14 लाख रुपए पर 1823 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगायी गयी और भाजपा पर बेहिसाब 42 करोड़ रुपए पर 4600 करोड रुपए पेनल्टी बनती है और एक भी पैसे पेनल्टी नहीं लगाई गई है। देश में यह कैसा दोहरा मापदंड का दौर चल रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एकत्र हुए और मोदी सरकार की तानाशाही कार्रवाई की घोर निंदा की। कांग्रेसी जैसे ही ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट के लिए निकले तभी कांग्रेस कार्यालय के सामने ही अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और क्षेत्राधिकार नगर सुरेश मिश्रा ने कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस लाइन ले गए, जहां से बाद में उन्हे रिहा कर दिया गया है।



अकबरपुर-टांडा मार्ग पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

**इन्होंने दी गिरफ्तारी :** जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा के साथ प्रमुख रूप से पूर्व प्रत्याशी पूर्व प्रदेश सचिव अमित कुमार जायसवाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के महासचिव संजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, सुखीलाल वर्मा, रवीश शुक्ला, सैय्यद ऐतबार हुसैन, अख्तर जमाल अंसारी, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा, सचिव विकल्प मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पीड़िता ने विपक्षियों पर लगाया मारपीट का आरोप, की शिकायत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पीड़िता ने विपक्षियों पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़िता कुसुमलता निवासिनी ताहापुर थाना मालीपुर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 21 मार्च को विपक्षी दीपा पत्नी अमित निवासिनी रघुनाथपुर थाना बेवाना अपने दो भाइयों के साथ जिनका नाम ललित और सुरजीत निवासी बहोरिका थाना भीटी के साथ एकजुट होकर गाली-गलौज देते हुए लात, घूंसों से मारा-पीटा और घर में से निकाल कर भगा दिए। पीड़िता ने कहा कि मेरी मां गुलाब देवी को आग लगाकर जान से मारने की कोशिश की गई जो एक लंबे समय से पैरालाइसिस की मरीज है। जिसकी देखभाल मैं स्वयं करती हूं, इसलिए यहां पर रहना अति आवश्यक है। जबकि विपक्षी दबंगई करते हुए अवैध ढंग से अतिक्रमण कर कब्जा कर रखे हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।


पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 51/2024

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

(1) गाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01123 लोकमान्य तिलक (ट.) से प्रत्येक शुक्रवार
दिनांक 05-04-2024 से 28-06-2024 तक (13 ट्रिप)
गाड़ी सं. 01124 गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार
दिनांक 06-04-2024 से 29-06-2024 तक (13 ट्रिप)

| 01123 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर | | स्टेशन | 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:25 | -- |
| 12:35 | 12:38 | थाणे | 06:50 | 06:53 |
| 12:57 | 13:00 | कल्याण | 06:30 | 06:33 |
| 14:40 | 14:45 | इगतपुरी | 04:40 | 04:45 |
| 15:30 | 15:35 | नासिक | 01:30 | 01:35 |
| 19:25 | 19:30 | भुसावल | 21:45 | 21:50 |
| 21:40 | 21:45 | खण्डवा | 19:40 | 19:43 |
| 00:45 | 00:55 | इटारसी | 16:50 | 16:55 |
| 03:10 | 03:15 | भोपाल | 15:05 | 15:10 |
| 05:10 | 05:15 | बीना | 12:30 | 12:35 |
| 07:15 | 07:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. | 10:00 | 10:05 |
| 08:28 | 08:30 | उरई | 07:18 | 07:20 |
| 12:05 | 12:10 | कानपुर सेन्ट्रल | 05:25 | 05:30 |
| 13:35 | 13:45 | लखनऊ | 02:45 | 02:55 |
| 15:50 | 15:55 | गोण्डा | 00:10 | 00:15 |
| 17:25 | 17:30 | बस्ती | 22:20 | 22:25 |
| 18:55 | -- | गोरखपुर | -- | 21:15 |

रेक संरचना: जनरेटर सह लगेज यान-01, वातानुकूलित तृतीय-06, शयनयान-08, वातानुकुलित द्वितीय-02, एसएलआरडी-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-03 = कुल 21 कोच।

(2) गाड़ी सं. 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01431 पुणे से प्रत्येक शुक्रवार
दिनांक 05-04-2024 से 28-06-2024 तक (13 ट्रिप)
गाड़ी सं. 01432 गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार
दिनांक 06-04-2024 से 29-06-2024 तक (13 ट्रिप)

| 01431 पुणे-गोरखपुर | | स्टेशन | 01432 गोरखपुर-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:15 | पुणे | 06:25 | -- |
| 17:18 | 17:20 | दौंड कार्ड लाइन | 04:48 | 04:50 |
| 18:47 | 18:50 | अहमदनगर | 03:10 | 03:12 |
| 19:50 | 19:52 | बेलापुर | 02:13 | 02:15 |
| 20:30 | 20:33 | कोपरगाँव | 01:22 | 01:25 |
| 21:55 | 22:00 | मनमाड | 00:15 | 00:20 |
| 00:15 | 00:20 | भुसावल | 21:50 | 21:55 |
| 02:20 | 02:23 | खण्डवा | 20:45 | 20:47 |
| 04:45 | 04:50 | इटारसी | 18:10 | 18:15 |
| 06:35 | 06:40 | भोपाल | 16:10 | 16:15 |
| 09:10 | 09:15 | बीना | 13:25 | 13:30 |
| 10:20 | 10:25 | वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. | 10:40 | 10:45 |
| 11:28 | 11:30 | उरई | 08:38 | 08:40 |
| 14:15 | 14:20 | कानपुर सेन्ट्रल | 06:10 | 06:15 |
| 15:38 | 15:40 | लखनऊ | 04:00 | 04:10 |
| 17:45 | 17:50 | गोण्डा | 01:50 | 01:55 |
| 18:18 | 18:20 | मनकापुर | 01:15 | 01:17 |
| 19:24 | 19:27 | बस्ती | 00:25 | 00:28 |
| 19:58 | 20:00 | खलीलाबाद | 23:55 | 23:57 |
| 20:40 | -- | गोरखपुर | -- | 23:25 |

रेक संरचना: शयनयान-16, वातानुकूलित तृतीय-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी–97B मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


### लकड़ी बेचने के मामले में प्रधान पर होगी कार्रवाई

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ग्राम प्रधान को सुपुर्द किया गया सरकारी लकड़ी को बेच लेने की शिकायत पर वन क्षेत्राधिकारी ने ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है। गांव निवासी ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से करते हुए कार्यवाही की भी मांग किया है। बता दें कि जलालपुर कोतवाली अन्तर्गत जैनापुर गांव निवासी रवि पांडेय ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव स्थित तालाब की भूमि पर एक आम का मोटा पेड़ था, जिसे गांव के ही आलोक कुमार ने काट कर गिरा दिया था। जिसे व्यापारी के हाथ बेचना चाह रहा था, लेकिन मामले की शिकायत वन विभाग के रेंजर जलालपुर से की गयी थी। शिकायत पर वन विभाग द्वारा लकड़ी को कब्जे मे लेते हुए लिखा पढ़ी के साथ ग्राम प्रधान महानंद मौर्या को सुपुर्द कर दिया गया था। जिसे कुछ दिन पूर्व ग्राम प्रधान व विपक्षियों के मिलीभगत से गायब कर बेशकीमती लकड़ी को बेच दिया गया। गांव निवासी ने उपजिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। वहीं मामले को संज्ञान मे लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार ने बताया कि प्रधान द्वारा किया गया यह कार्य नियम खिलाफ है। अगर मामला सत्य पाया गया तो प्रधान के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के सभी 23 मंडलों की 1128 बूथों पर मोदी परिवार बूथ होली मिलन कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा के सभी कनिष्ठ और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित 9894 लोगों ने भाग लिया। बता दें कि भाजपा बूथ होली मिलन कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में बूथों पर आयोजित किया गया। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने रामनगर मंडल की बूथ पर मोदी परिवार बूथ होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी मौजूद लोगों को होली की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडेय को लाखों मतों से जीत दिलाने का कार्य करें। कार्यक्रम के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। जिसका देश और समाज की प्रगति पर दीर्घगामी परिणाम देखने को मिलेगा।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर की बैठक, दिए अहम निर्देश

**एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वितरित की जाएगी मुफ्त दवाएं**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान 1 से 30 अप्रैल के सफल संचालन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा की गई तैयारियों को लेकर अलग-अलग समीक्षा किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया है। उन्होंने रोगों की रोकथाम के लिए निशुल्क दवाओं के वितरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर लोगों को जागरूक करें और साफ-सफाई, विभागों के अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपनी भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एसएमओ डब्लूएचओ डीएमसी यूनिसेफ मौके पर उपस्थित रहे।



बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह साथ में सीएमओ डॉ. राजकुमार।

### साफ-सफाई व्यवस्था करें दुरुस्त

10 अप्रैल से दस्तक अभियान में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, साफ –सफाई फॉगिंग आदि कराया जाना सुनिश्चित करें।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### गरीबों को रमजान किट का किया गया वितरण

**इटियाथोक, अमृत विचार :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रमजान महीने को देखते हुए नया सोच सेवा समिति के सदस्यों ने रमजान किट वितरण की शुरुआत जगदीश पुर गांव से की। इस विषय में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष प्रवेश प्रताप शर्मा ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी रमजान महीने में रमजान किट का वितरण किया जा रहा है। क्षेत्र में गरीब और बेसहारा लोगों को चिन्हित कर उन्हें किट वितरित की जा रही है। आज इसकी शुरुआत जगदीशपुर संपत गांव से की गई। इसमें मुश्ताक चौधरी, सगीर चौधरी, सलाउद्दीन, रियाजुद्दीन, इसरार शेख, मकसूद आदि का सहयोग रहा।

### बिजली चोरी में 22 लोगों के काटे गए कनेक्शन

**रुपईडीह, अमृत विचार :** बिजली का बकाया वसूल किए जाने के अभियान में विद्युत उपकेंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने कस्बा कौड़िया बाजार में दस व आर्य नगर में 12 कनेक्शन काटने के साथ-साथ अस्सी हजार रुपये का बकाया वसूल किया। टीम में जितेंद्र तिवारी, अमरजीत, इंदल प्रसाद शुक्ल, सूर्य नारायण दुबे, रघुनाथ व नागेश्वर मौर्य शामिल रहे।

### ई-क्रॉप सर्वे का काम पूरा अफसरों को भेजी रिपोर्ट

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के 138 राजस्व गांव में ई क्राप सर्वे का कार्य खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की देख-रेख में पूरा हो गया है। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी आजम खान ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के आदेश पर ब्लॉक के 138 राजस्व गांवो में ई क्राप सर्वे का दायित्व दो माह पहले विकास विभाग को सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि अब इस सर्वे का कार्य पूरा कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

### मारपीट करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के लालापुरवा गांव निवासी चंचल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी दारोगा प्रतीक पांडेय व आरक्षी राकेश यादव द्वारा की गई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** दुर्जनपुर पचूमी निवासी शिवकुमार निषाद ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार शाम को पूर्व में जमीन के विवाद की कहासुनी को लेकर विपक्षी वीरेंद्र यादव, लक्ष्मन यादव, संतोष सोनकर, पंकज यादव व 8 से 10 अज्ञात व्यक्तियों ने सहन दरवाजे पर आकर अभद्रता करते हुए वादी सहित गीता, रीमा को अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ डंडे से मारा पीटा जिससे गीता व रीमा को गंभीर चोटें आई हैं।

# देवीपाटन संभाग को 413300 एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य

## संभाग में 390 क्रय केंद्रों पर की जाएगी खरीद, 2275 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा

गोंडा कार्यालय



मंडी स्थल में स्थापित क्रय केंद्र। 18 अमृत विचार

**अमृत विचार:** देवीपाटन संभाग में किसानों से गेहूं खरीदने के लिए 390 क्रय केंद्रों का अब तक अनुमोदन हुआ है। इस बार मंडल में खरीद के लिए छह एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें खाद्य विभाग, पीसीयू यूपीएसएस, पीसीएफ, भारतीय खाद्य निगम, एनसीसीएफ है। सभी एजेंसी के जिला प्रबंधकों को केंद्र स्थापित करने के लिए तैयारी पूरी करने को प्रशासन की ओर से कहा गया है।

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद के लिए 1 मार्च से ही क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। इससे पहले गेहूं खरीद की शुरुआत 1 अप्रैल से होती थी। इस वर्ष 6 एजेंसियों को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। शासन की ओर से देवीपाटन संभाग में जिले में खरीद का लक्ष्य भी तय कर दिया गया है गोंडा जनपद को 1 लाख तीस हजार, बलरामपुर को 56 हजार, बहराइच को 1813 00 तथा श्रावस्ती को 45300 मीट्रिक टन गेहूं खरीदना है। पूरे संभाग को कुल मिलाकर 4 लाख 13 हजार तीन सौ मीट्रिक टन की खरीद करनी है। गेहूं खरीद के नोडल अफसर के रूप में सभी जिलों में अपर जिला अधिकारी को जिम्मेदारी मिली है। जनपदवार लक्ष्य मिलने के बाद मंडल के सभी जिला खाद्य विपणन अधिकारियों द्वारा एजेंसियों के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। केंद्र मंडी परिसर, ब्लॉक तथा तहसील स्तर पर स्थापित किए गये है। शासन की ओर से गेहूं खरीदने के लिए किसानों का पंजीकरण भी शुरू कर दिया गया है। अब तक मंडल में 14 हजार की संख्या में किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों का गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है, साथ ही प्रभारी को निर्देश दिया जा रहा है कि वह लोग किसानों से संपर्क करें। गेहूं क्रय केंद्र पर संसाधन की व्यवस्था मंडी परिसर में मंडी की ओर से की जा रही हैं।। इस बार सरकार की ओर से मूल समर्थन योजना के तहत गेहूं की खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल की जाएगी। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर मूल्य समर्थन योजना का प्रसार भी कर रहे हैं ताकि किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। संभागीय खाद्य नियंत्रक देवीपाटन मंडल सरयू प्रसाद ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 मूल्य समर्थन योजना का शुभारंभ इस वर्ष 1 मार्च से हो गया है। तैयारी पूरी हो गयी है। मंडल में 390 क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। किसानों के गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी छह एजेंसियों को मिली है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से संभाग के चारों जनपदों को खरीद का लक्ष्य आवंटित हो गया है।

# स्वास्थ्य के प्रति किया सचेत, बांटी गईं दवाएं

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के भोपतपुर गांव में अवध धर्मार्थ सेवा समिति की ओर से जन जागरूकता तथा निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महेश निषाद ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्रा ने लोगों को पर्यावरण तथा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपना कर हम तमाम बीमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छता के प्रति लोग खुद जागरूक हों और अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा गांव गांव में शिविर लगा कर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और निःशुल्क औषधि वितरण का शिविर लगाया जाता है। जिसमें लोगों को जागरूक करने के साथ निःशुल्क दवा का भी वितरण किया जाता है। कहा गया कि सभी लोगों को स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित अंशू मिश्रा, रवि कुमार, रमेश दत्त मिश्रा, कपिल मिश्रा, राजीव तिवारी, विशाल शरण गांधी, विजय कुमार, शशि जायसवाल, प्रेम सिंह, चंचल सिंह, रामदीन, डॉ जयसिंह समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# 15 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

## जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वॉकथान के साथ की स्वीप के दूसरे चरण की शुरुआत



मतदान की शपथ दिलातीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार



शत-प्रतिशत मतदान की शपथ लेते मतदाता। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से शनिवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के दूसरे चरण की शुरुआत की गई। इस दौरान, जनपद के 15 हजार से ज्यादा युवा मतदाताओं ने सड़क पर उतरकर शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। उन्होंने आगामी 20 मई को मतदान करने के साथ ही अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करने की शपथ भी ली।

शनिवार को जनपद के शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज से स्वीप वॉकथान के माध्यम से स्वीप अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस वॉकथान में 15 हजार से ज्यादा युवा मतदाताओं के साथ उनके अभिभावकों, शिक्षकों, अधिकारियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर से हरी झण्डी दिखाकर वॉकथान को रवाना किया।

वॉकथान गुरु नानक चौराहा से होते हुए लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज तक पहुंची। छात्र और छात्राओं ने लोगों को स्लोगन के माध्यम से 20 मई को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एसडीएम सदर और संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**15 मई तक विशेष अभियान:** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस स्वीप अभियान से जनपद गोण्डा का मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक चलाये गये स्वीप अभियान के पहले चरण में सभी पात्र व्यक्तियों को मतदाता बनाने के लिए प्रयास किया गया, जिससे कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे। अब इस दूसरे चरण में अब तक बन चुके मतदाताओं को 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 मई को होने वाले मतदान में युवा मतदाताओं पर विशेष जोर है उन्होंने इस कार्यक्रम में आए युवा मतदाताओं की भारी संख्या होने पर सराहना की। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान निष्पक्ष व योग्य प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी 15 मई तक स्वीप के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### चौकीदार घर-घर देंगे दस्तक, भेजी जाएगी मनुहारी पाती

जिला प्रशासन द्वारा जिले में 1 अप्रैल से 15 मई तक विभिन्न रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से वोटरों को जागरूक कर पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान में ईएलसी की कार्यशाला, मतदाता जागरूकता चौपाल, चुनावी पाठशाला, चौकीदार की दस्तक, हस्ताक्षर अभियान आदि कई अभियान चलाये जायेंगे। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस, पंचायती राज दिवस, श्रमिक दिवस व अन्य विशिष्ट दिवसों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वीप कैलेंडर के तहत सभी गतिविधियां समाप्त होने के बाद स्वीप उत्सव का आयोजन होगा जिसमें स्वीप कैलेंडर के दौरान की गई गतिविधियों को आमजन में प्रदर्शित किया जाएगा।

# इसरो में चयनित हो इटियाथोक के शहबाज अहमद ने बढ़ाया मान

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए सही लक्ष्य और जुनून जरूरी है। यदि आपका लक्ष्य सही है तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है कस्बा इटियाथोक के शहबाज़ अहमद ने। शहबाज ने अपने प्रथम प्रयास में बड़ी सफलता हासिल की है। उनका चयन इसरो में टेक्निकल एसिस्टेंस के पद पर हुआ है। पहली तैनाती विक्रमसारा भाई अंतरिक्ष केंद्र केरला में मिली है।



सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले शहबाज के पिता नसीम की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। परिवार में पत्नी शहर बानो बड़ी बेटी कहकशा बानो और बेटा शहबाज है। बेटे सहबाज का शुरू से ही शिक्षा के प्रति रुझान रहा है। सहबाज की प्रारंभिक शिक्षा इटियाथोक में हुई। इंद्र कुंवरि इंटर कॉलेज इटियाथोक से 2015 में हाईस्कूल प्रथम स्थान, 2019 में राजकीय पॉलिटेक्निक गोंडा से इलेक्ट्रानिक्स ट्रेड में डिप्लोमा किया। 2022 में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र से इलेक्ट्रानिक्स में बीटेक की डिग्री हासिल की। सहबाज ने कई सरकारी उपक्रम में परीक्षा दी, जहां उसका चयन विभिन्न पदों पर हुआ। 27 मार्च को इसरो ने विभिन्न ट्रेडों में चयनित अभ्यर्थियों का रिजल्ट निकाला जिसमें शहबाज को इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट में पहली रैंक मिली। शहबाज ने अपनी सफलता का श्रेय पिता नसीम और माता शहर बानो देते हैं। शहबाज ने कहा सफलता के पीछे शिक्षकों के अलावा माता पिता का बहुत बड़ा रोल रहा। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हाजी अनवर चौधरी, शकीफ खान, गुलजार अहमद, भोलानाथ, शफीक सिद्दीकी, मुन्ना मिस्त्री, शफीक अहमद ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## जिले में कल से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**रुपईडीह, अमृत विचार:** आगामी एक अप्रैल से ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। ब्लॉक के एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर सफाई कार्यो के लिए न्याय पंचायतवार सफाई कर्मियों की टीम गठित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान मे शिथिलता बरतने वाले सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए उच्च अधिकारियों से संस्तुति कर दी जाएगी।



नि :शुल्क पुस्तकों के साथ बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकों का किया वितरण

**संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार :** शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूली छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क पुस्तकों का वितरण किया। कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर में स्थित कंपोजिट विद्यालय में ख़ड शिक्षाधिकारी ने नवीन शैक्षिक सत्र कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठ के लिए 81 छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क पुस्तक वितरित किया। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय लमती उकरहवा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति की मौजूदगी में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह व जूनियर हाई स्कूल के कांशीराम द्वारा 176 छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय में संकुल शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, कल्पना सिंह, आनंद कुमार मिश्रा समेत समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में भावुक हुए शिक्षक

संवाददाता, नवाबगंज



विदाई समारोह के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में शनिवार को पांचवीं कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पांडेय ने परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुकुट और फूल मालाएं पहनाकर स्टेशनरी तथा वार्षिक परीक्षा रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल ने पांचवीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए पैंतालीस बच्चों को सम्मानित किया। विदाई व सम्मान समारोह में बच्चों व शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। बच्चों ने अपने स्कूल की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल की सराहना करते हुए कहा कि जो प्यार और स्नेह मिला है। इसी तरह आगे भी मिलता रहे ईश्वर से यही प्रार्थना है। प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए भाव विभोर हो गईं। उन्होंने कहा कि जब तक उनका जीवन रहेगा तन मन धन से मदद करती रहेंगी। इस मौके पर उपस्थित शिक्षिका कल्पना तिवारी, माधवी सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, वर्षा तिवारी रिंकू यादव, पूनम यादव का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## प्रज्ञा पुराण कथा का होगा आयोजन

**करनैलगंज, अमृत विचार:** नरायनपुर जयसिंह चरसड़ी में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार एवं नैशपीठ के निर्देशन में ग्रह ग्रह उपासना तथा ग्रामे ग्रामे यज्ञ के अंतर्गत पंच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। नैशपीठ के पीठाधीश्वर गणेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि जन कल्याण के लिए पंच दिवसीय कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्कार संपादित किए जाएंगे। मंगलवार को कलशयात्रा के साथ संगीतमयी कथा शुरू होगी। इसके अलावा योग एवं प्राणायाम, हवन यज्ञ एवं युवा गोष्ठी, महिला गोष्ठी, वरिष्ठ नागरिकों की गोष्ठी, दीप महायज्ञ आदि कार्यक्रम होंगे।

# कैदियों से मिले, सुविधाओं का जाना हाल

## जिला जज, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार का किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते अधिकारीगण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शनिवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, जेल डॉक्टर अखण्ड प्रताप सिंह, नगर कोतवाल राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** शहर के निजी लॉन में जिला स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने प्रस्तुत किया स्वागत गीत और सरस्वती वंदना

# तीन से 6 वर्ष तक के बच्चों के नामांकन पर दिया गया जोर

गोंडा कार्यालय



हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को शहर के एक निजी लॉन में जिला स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीएसए की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान व प्राथमिक शिक्षा के सर्वभौमिकीकरण के लिये आयोजित कार्यशाला में बीएसए प्रेमचंद यादव ने आईसीडीएस एवं बेसिक शिक्षा के साथ 3-6 वर्ष के बच्चों के 90% मानसिक विकास को ध्यान पर रखते हुए अधिक से अधिक नामांकन पर बल दिया। प्रावि परसापुर की प्रधानाध्यापिका रूबी खानम एवं मान्या पांडे के मार्गदर्शन में बच्चों ने सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रत्येक ब्लॉक से बाल वाटिका नोडल, संकुल नोडल व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से साल, मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीईओ नगर क्षेत्र कोमल यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुनियादी शिक्षा पर खेल के माध्यम से शिक्षा देने की बात कही। एसआरजी कमलेश पांडेय व विनीता कुशवाहा ने नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। केबी लाल ने उपलब्ध कराई गई शिक्षा कैलेंडर के अनुसार शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक हरगोविंद ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मंच संचालन इरफान मोइन व रघुनाथ पांडेय ने किया। कार्यक्रम में भजनलाल, जेपी यादव, राधे रमण, मोहम्मद अनीस, अशोक सिंह, राहुल, पुष्कर तिवारी, सतवंत वर्मा, अशोक मौर्य आदि रहे।

### सर्वाधिक नामांकन कराने वाले पांच शिक्षकों को किया जाएगा पुरस्कृत

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रबंध समितियों के अध्यक्ष व सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संपन्न हुआ। बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बच्चों के लिए चलाई जा रही मिड डे मील, निशुल्क यूनिफॉर्म व पाठ्य पुस्तक वितरण आदि योजनाओं पर चर्चा की। कहा एक अप्रैल से शुरू हो रहे नवीन शिक्षा सत्र में घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक माह में सर्वाधिक नामांकन वाले पांच स्कूलों को चयनित कर प्रधानाध्यापकों को पुरस्कृत किया जाएगा। सीडीपीओ दुर्गेश गुप्त ने आंगनबाड़ी केंद्रो पर लर्निंग कॉर्नर मां उन्मुखी प्रशिक्षण पर चर्चा करते हुए प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन में शिक्षकों की अहम भूमिका बताई। यूनिसेफ के वली खान ने पूर्व माध्यमिक स्कूलों में मीना मंच के पुनर्गठन पर चर्चा की। एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, अनिल जायसवाल व दुर्गेश पाठक ने विद्यालय प्रबंधन समितियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रभाकर त्रिपाठी, सुनीत मिश्र, देव प्रकाश पांडेय, बालमुकुंद पांडेय, हेमंत तिवारी, राजेश तिवारी, आशा मिश्रा, देवानंदन तिवारी, उमाशंकर पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी, अंकित तिवारी, पूना मिश्र, उमाशंकर पांडेय, इंदु बाला सिंह, देवेंद्र तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्र, दीपक कश्यप आदि मौजूद रहे।

# तीन दुकानदारों को नोटिस भेजकर मांगा गया जवाब

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा टीम बनाकर बालश्रम के खिलाफ अभियान चला लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिन प्रतिष्ठानों पर बालश्रम करते बच्चे मिल रहे हैं, उन्हें नोटिस भेजी जा रही है। शनिवार को कटरा बाजार थाना क्षेत्र के तीन दुकानदारों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। चेतावनी दी गई यदि जवाब नहीं दिए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर श्रम विभाग की अगुवाई में चाइल्ड लाइन, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम ने शहर, बाजार, कस्बा में सघन रूप से बाल श्रम उन्मूलन को लेकर अभियान चलाया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप ने तीन दुकानदारों के विरुद्ध नोटिस भेजी। ये वे दुकानदार हैं जिनके यहां बालश्रम करते हुए पाया गया है। अभियान का संचालन चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राम किशोर प्रसाद, हेड कांस्टेबल गौचरन, कांस्टेबल चंद्रशेखर महिला कांस्टेबल प्रिया रही। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को बाल श्रम से मुक्त कराना है और लोगों को जागरूक करना है।

# जगह नहीं मिली तो स्कूल की छत पर बना दिया किचन शेड और गार्डन

## दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत शिक्षक ने बदल दी सरकारी स्कूल की तस्वीर

अमृत विचार एक्सक्लूसिव

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** शिक्षक कभी साधारण नहीं होता। प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं। आचार्य चाणक्य के इस कथन को चरितार्थ कर दिखाया है इटियाथोक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्र ने। मनोज ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत स्कूल की तस्वीर बदल दी है। कायाकल्प के 19 पैरामीटर को मात देते हुए स्कूल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया है। स्कूल की छत पर बना किचन गार्डन और किचन शेड निजी स्कूल की सुविधाओं को मात दे रहे हैं। स्कूल में विकसित किचन शेड में भोजन करने का एहसास बच्चों के लिए किसी महंगे रेस्टोरेंट से कम नहीं है।

इटियाथोक कस्बे से करीब 10 किमी दूर बाबागंज मार्ग पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बने इस स्कूल का परिवेश निजी जैसा है। स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किचन शेड व किचन गार्डन विकसित किया गया है। परिसर में जगह न होने के कारण स्कूल की छत पर किचनशेड विकसित किया गया है। इस किचन शेड में बच्चों के बैठने के लिए बाकायदा कुर्सी मेज लगी है जहां बच्चे बैठकर भोजन करते हैं। किचन शेड की सुंदरता बच्चों को शहर के महंगे रेस्टोरेंट का एहसास दिलाती है। भोजन के अलावा इस किचन शेड में कॉमन क्लासेस भी चलाई जा सकती है। यहां डॉयस और माइक की भी पूरी व्यवस्था है और बच्चों को नियमित बोलने का अभ्यास भी कराया जाता है। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र विद्यालय का किचन गार्डन है जिसे स्कूल की छत पर विकसित किया गया है। प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा का दावा है कि यह प्रदेश का पहला स्कूल है जहां स्कूल की छत पर किचन गार्डन बनाया गया है। किचन गार्डन बनाने के लिए स्कूल की छत पर लोहे का फ्रेम तैयार कर प्लास्टिक मैट पर मिट्टी डालकर क्यारियां तैयार की गयी हैं। छत पर अतिरिक्त भार न पड़े इसके लिए पूरा भार दीवारों पर दिया गया है। अत्यधिक धूप और बारिश से सब्जियों को बचाने के लिए ग्रीन हाउस भी बनाया गया है। विद्यालय के दो शिक्षण कक्ष स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किए गए हैं। इन कमरों में उम्दा दर्जे की वॉल पेंटिंग करायी गयी है। स्कूल में बड़ी एलईडी टीवी भी लगी है जिसके माध्यम से बच्चों को लाइव चीजों से सीधे रूबरू कराया जाता है। विद्यालय में स्थापित हैंड वॉश यूनिट व बाउंड्री वालों की मनमोहक शिक्षाप्रद पेंटिंग छात्र-छात्राओं के अंदर एक नवीन ऊर्जा का संचार कर रही है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में स्थापित 50 फीट ऊंचे पोल पर लहराता तिरंगा क्षेत्र के युवाओं और बच्चों में देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर रहा है।


स्कूल की छत पर बने किचन शेड में भोजन करते बच्चे।



इटियाथोक का प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा।

### पढ़ाई में अव्वल प्राथमिक विद्यालय भीखम पुरवा

प्रावि भीखम पुरवा पढ़ाई में भी अव्वल है। छात्रा अंशिका मिश्रा अपनी काबिलियत के दम पर पूरे प्रदेश में गूगल गर्ल के नाम से चर्चित है। वह 6 मिनट 26 सेकंड में देश के सभी जिलों का नाम सुनाकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करा चुकी है। अंशिका की तरह ही छात्रा सुप्रिया वर्मा भी योग में मयूरासन 4 मिनट 10 सेकंड करके दिल्ली नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है। इसी स्कूल की काजल और बबली का नाम भी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है। इन सभी का श्रेय स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्र को है।

### डीएम भी कर चुकी हैं प्रधानाध्यापक के प्रयास की तारीफ

हाल ही में डीएम नेहा शर्मा ने इस स्कूल का विजिट किया था। स्कूल के भौतिक परिवेश को देखकर वह अचंभित रह गयी थीं। उन्होंने स्कूल के भौतिक संसाधन, बाहरी परिवेश, क्लास रूम की सजावट व बच्चों के बैठने की व्यवस्था देख प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा की तारीफ की थी।

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले की खोड़ारे थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि बलरामपुर जिले के सादुल्लानगर थाना क्षेत्र के बंजरिया अलाउद्दीनपुर गांव के रहने वाले अकबर अली पुत्र किस्मत अली व किशन जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश के खिलाफ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनो शातिर अपराधी है और ऑटो लिफ्टर गिरोह का संचालन करते हैं। आर्थिक लाभ के लिए दोनों बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। शनिवार को दोनों आरोपियों को किशन आटो सर्विस हाटन रोड उतरौला से गिरफ्तार किया गया है।

# स्टेशन रोड पर जलभराव से परेशानी

संवाददाता, करनैलगंज


करनैलगंज- स्टेशन रोड पर जलभराव से चलना हुआ मुश्किल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इन दिनों नगर के स्टेशन रोड पर भीषण जलभराव से लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के सरफराजगंज मोहल्ले का पानी स्टेशन के सामने खाली पड़ी भूमि में जाता था। लेकिन स्टेशन का निर्माण व विस्तार होने से रेलवे ने मिट्टी पटाई कराकर उक्त भूमि को अपने कब्जे में लिया। जिससे सरफराजगंज मोहल्ले की जलनिकासी बाधित हो गई। मोहल्ला वासियों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने सड़क के किनारे नाले का निर्माण कार्य शुरू किया तो रेलवे के अधिकारियों ने रोक लगा दी। जिससे अब मोहल्ले से निकलने वाला गंदा पानी स्टेशन के सामने की करीब दो सौ मीटर रोड पर भरा है। मुख्य मार्ग पर ही जल भराव एवं कीचड़ गंदगी के चलते लोगों का आवागमन दुश्वार हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल का कहना है कि नाला व मार्ग बनाने के लिए पालिका के पास पर्याप्त धन है। मगर रेलवे के अधिकारी निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। उधर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी धनुषधारी सिंह का कहना है कि इस मार्ग की देखरेख और मरम्मत, नाली निर्माण का कार्य नगर पालिका 70 वर्षों से करती चली आ रही है। जो बाजार के अंदर आने का मुख्य मार्ग है नाली निर्माण करने की व्यवस्था की गई तो रेलवे प्रशासन ने रोक दिया।

# बंद मिले आंगनबाड़ी केंद्र, मानदेय रोका

## सीडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, सभी को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** मुजेहना ब्लाक के सीडीपीओ ने शनिवार को क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्र बंद पाए गए। कार्यकत्री सहायिका गैरहाजिर मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीपीओ ने 14 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का मानदेय बाधित कर दिया है तौर नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है। मुजेहना के बाल विकास परियोजना अधिकारी अभिषेक दूबे ने बताया कि उन्होंने शनिवार को कई आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में अलावल देवरिया, धानेपुर, कौरहे में केंद्र संचालित मिला। यहां कार्यकत्री व बच्चे उपस्थित मिले। जबकि जांच के दौरान रामपुर दुबावल आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला कार्यकत्री मीना कुमारी गैरहाजिर मिली। पूरे गोनई की कार्यकत्री आसमां बानो का केंद्र भी बंद मिला।रूद्रगढ़ नौसी की अनीता, रिंकू, शिवदेवी, रेनू, सरस्वती देवी, किरन सैनी और पुष्पा देवी के केंद्र भी बंद मिले। ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि यह केंद्र कभी कभार ही खुलते हैं। राजापुर परसौरा में टीकाकरण सत्र पर मिथलेश पाण्डेय नदारद मिलीं। आंगनवाड़ी केंद्र पर गंगोत्री, रीता और आरती भी अनुपस्थित मिलीं। जांच के दौरान केंद्र पर ताला लटक रहा था। बनकसिया शिव रतन की आंगनबाड़ी शिवकुमारी भी केंद्र पर अनुपस्थित पायी गईं। कार्यालय लिपिक अरविंद ने बताया कि किसी भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने कार्यालय से कोई अवकाश नहीं लिया है न ही कोई सूचना दी है। सीडीपीओ ने बताया कि अनुपस्थित कार्यकत्री व सहायिका का मानदेय रोक दिया गया है और सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारी ने कहा कि शिथिलता सहन नहीं की जाएगी।


मुजेहना के रुद्रगढ़ नौसी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते सीडीपीओ अभिषेक दूबे।

# तालाब में कूदा विक्षिप्त हलकान रही पुलिस

**धानेपुर, अमृत विचारः** धानेपुर इलाके के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाला एक विक्षिप्त श्रमिक शनिवार की सुबह तालाब में कूद गया। श्रमिक को बाहर निकालने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इस पूरी कवायद में पुलिस घंटों हलकान रही।

मनकापुर बस स्टॉप के निकट रहने वाला कमरुद्दीन अपनी मां हकीकुननिशा व परिवार के अलावा गांव के अन्य लोगों के साथ ही धानेपुर इलाके के मदरहवा में संचालित एक ईंट भटठा पर ईंट पथाई का काम करता है। परिजनों के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। शुक्रवार की रात कमरुद्दीन भट्ठे से अचानक गायब हो गया। परिजन उसे रात भर तलाशते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सुबह परिजनों ने उसे रामपुर दुबावल गांव के पास से पकड़ लिया लेकिन वह उनसे बचने के लिए बगल के तालाब में कूद गया। बड़ी संख्या में आसपास के लोग जुट गए और इस बात की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। प्रभारी राम प्रवेश यादव अपने हमराही संजीव व होमगार्ड देवी दयाल शुक्ला के साथ मौके पर पहुंचे और उसे बाहर आने के लिए मान मनौव्वल करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली।

# नोएडा में नंदिनी नगर के पहलवान ने मचाया धमाल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नोएडा फिजिकल एजुकेशन में 27 मार्च से 30 मार्च तक चलने वाले अंडर 15 कुश्ती प्रतियोगिता में नंदिनी नगर के पहलवान मोनू यादव ने 57 किलो भार वर्ग में अनिल दिल्ली को हराकर गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट मोनू यादव को उत्तर प्रदेश के कुश्ती संघ अध्यक्ष करण भूषण शरण सिंह ने अपने आवास पर जीत की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी गयी। इस मौके पर उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह, कुश्ती कोच प्रेम चंद, पहलवान दीपनारायण यादव,अनिल खोखर, सुभाष भारद्वाज, रजनीश पांडेय, नंदिनी नगर महाविद्यालय के प्रशासक रामकृपाल सिंह श्री जेड सिंह, सुशील पांडेय, जितेंद्र तिवारी, मौजूद रहे।

# बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स और गाइड्स संस्था के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय रोवर/ रेंजर प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर में वृहद शिविर अग्नि कार्यक्रम का उद्घाटन आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

अपर आयुक्त दिनेश चंद्र शर्मा, वर्षा सिंह उपाध्यक्ष प्रबंध समिति, उमेश शाह सचिव, प्राचार्य प्रो. रवीद्र कुमार, रोवर्स लीडर प्रो.आर. बी. सिंह बघेल की उपस्थिति में रंगारंग सांस्कृतिक परिस्थितियों के बीच धूमधाम से भावगीत एवं नृत्य कार्यक्रम हुआ। ईशानी, इशिता, तन्वी, वंशिका, रोशनी, सांस्कृतिक विविधताओं का देश कश्मीर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आस्था, वैष्णवी, सृष्टि, रोशनी, ईशानी, तन्वी,अंशिका ने जी-20 पर लघुनाटक की प्रस्तुति दी। ईशानी, इशिता और रेंजर्स, लोकगीत एवं भाव नृत्य ललनवा मेरा पंकज आजाद, मिशन शक्ति नाट्य प्रस्तुति रेंजर्स ने किया। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स लीडर प्रो.आर.बी. सिंह बघेल इशिता और इशानी सेठ ने किया। चार दिशाओं की देवियों के संदेश के साथ सुंदर प्रस्तुतीकरण के बीच अग्नि प्रज्वलित कर के मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रोवर /रेंजर्स को प्रशिक्षण शिविर के महत्व को सामाजिक जीवन में दायित्व निर्वहन के लिए एवं नेतृत्व क्षमता के लिए आवश्यक बताया।


लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 11 साल की बालिका से किशोर ने की हैवानियत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 11 साल की बालिका के साथ हैवानियत किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा आरोपी किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पीड़िता के पड़ोस का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 15 वर्ष है। बताया जा रहा है कि दोनों एक साथ पीड़िता के घर पर ही खेल रहे थे घटना के वक्त पीड़िता के परिजन घर से बाहर गए हुए थे और वह घर पर अकेली थी। कटरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बरेली व पीलीभीत के मजदूरों को बंधक बनाकर पीटा

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बरेली व पीलीभीत के मजदूरों को भट्ठा स्वामी ने बंधक बनाकर पिटाई करने के बाद छोड़ दिया। पीड़ितों ने भट्ठा स्वामी सहित दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोकरननाथ शिवाला के निकट एक भट्ठे से जुड़ा है। यहां ईंट भट्ठा पर पीलीभीत के मुन्ने तथा बरेली के सरफराज काम करते थे। आरोप है कि भट्ठा मालिक प्रदीप व कुलदीप त्रिपाठी ने इरफान नाम के मजदूर से पूर्व में बकाए का पैसा दिलवाने का दबाव बनाया। इस पर मुन्ने व सरफराज ने उसे फोन लगाया। लेकिन वह न तो यहां आया और न ही भट्ठा मालिक को बकाया भिजवाया।

### मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी को एक वर्ष की सजा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले छपिया थाना क्षेत्र के एक आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अगयामाफी गांव के मूसड़ा उर्फ सलमान उर्फ अशफाक को पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### अवंतिका ने किसानों को दी गन्ने की खेती की जानकारी

**परसपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत डेहरास के सुज्जा पुरवा में बलरामपुर चीनी मिल के मैजापुर इकाई के तत्वावधान में गन्ना किसानों की गोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि बलरामपुर चीनी मिल ग्रुप की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने किसानों को गन्ना संबंधी हर समस्याओं के निदान का भरोसा दिया। कहा समय के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को नयी गन्ना प्रजातियों की बुवाई करनी चाहिए। इस मौके पर राजीव गुप्ता, संदीप अग्रवाल, अर्जुन सिंह, पवन सिंह रहे।

### पौधे और बच्चे एक समान, इनकी करें उचित देखभाल

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पौधे और बच्चे एक समान हैं, उचित संस्कार व संरक्षण से यह देश के कर्णधार बनेंगे। ये बात वजीरगंज शिक्षा क्षेत्र के प्रावि मझरेती में कक्षा पांच के बच्चों की विदाई समारोह में भाजपा नेता राहुल पांडेय ने कही। उन्होंने बच्चों को आम व अमरूद तथा बेला के पौधे देकर उसे रोपित करने और उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी। प्रधान प्रतिनिधि सर्वर अली ने कहा बच्चे देश की धरोहर हैं इन्हें आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानाध्यापक नंदकुमार मिश्र ने अगली कक्षा में जाने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

### 15 दिन के अंदर धनराशि वापसी को प्रार्थना पत्र जमा करें

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के विधायी अनुभाग-1 लखनऊ की अधिसूचना दिनांक सात मार्च 2024 उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 5 सन् 2024) निर्गत किया गया है, जिसके प्रस्तर-3 (3) के नजूल भूमि के पूर्ण स्वामित्व के रूप में परिवर्तन किये जाने के लिए किसी न्यायालय के निर्णय, डिक्री या विपरीत आदेश या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि या सरकारी आदेश के होते हुए भी इस अध्यादेश के प्रारम्भ होने के पूर्व नजूल भूमि को पूर्ण स्वामित्व के रूप में परिवर्तन किये जाने के लिए किसी न्यायालय में या किसी प्राधिकारी के समक्ष लंबित समस्त कार्यवाहियां आवेदन व्यपगत हो जाएंगे। अस्वीकृत समझे जाने और इस संबंध मे कोई धनराशि यदि जमा की गई है.' तो ऐसे जमा किये जाने के दिनांक से उसे भारतीय स्टेट बैंक की ब्याज दर पर आगणित करते हुए धनराशि वापस कर दी जाएगी।

### प्रभु श्रीराम की कथा सुनकर भक्त भाव-विभोर

**परसपुर, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत आटा के पूरे हट्टी सिंह चौहान के सती माता मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन प्रवाचक डॉ संत शरण तिवारी 'संत' ने कहा कि भव सागर से पार जाने का मात्र एक रास्ता है। प्रभु राम की कथा में बाधक बन रहे तारकासुर का बध करने के लिए भगवान शिव ने पार्वती से विवाह किया। तारकासुर राक्षस ने भगवान इन्द्र के सिंहासन पर अपना अधिकार कर लिया था, जिसके कारण देवतागण परेशान हुए तब भगवान शिव से निवेदन किया तब भगवान शिव ने पार्वती से विवाह किया।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़ रही भीड़

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्राम हरिगवां में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्तों की भारी भीड़ जुट रही है। कथा प्रवक्ता डॉ. महीधर शुक्ल महाराज ने श्रीकृष्ण व श्रीराम के आदर्शों को समझाते हुए कहा कि प्रभु स्वयं विग्रहवान धर्म हैं। उन्होंने भागवत गीता, रामचरित मानस के अंश को विस्तार से बताया। कहा आज हर व्यक्ति जहां से भी मिले धर्म चाहे अधर्म का धन हो खा लेता है जिसके कारण घर में परिवार में विकृतियां पैदा हो जाती हैं। प्रभु की नजर में जाति-पाति का कोई भेद नहीं है। कहा कि भागवत कथा सारे समाज को समरसता का संदेश देती है और मानव मात्र को प्राणी मात्र को मानव धर्म के लिए प्रेरित करती है।

# रजिस्ट्रेशन कराने में छूट रहे पसीने

## देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज का हाल, गैलरी में पंखे की भी नहीं है व्यवस्था

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज में क्षेत्रीय निदान केंद्र पर जांच के लिए रजिस्ट्रेशन कराना एवरेस्ट पर्वत पर चढ़ने के बराबर है। अव्यवस्था होने की वजह से घंटों गैलरी में मरीज व तीमारदार खड़े रहते हैं।

मेडिकल कॉलेज में हजारों की संख्या में प्रतिदिन लोग इलाज कराने आते हैं। चिकित्सक जांच के लिए लिखते हैं, लेकिन जब रोगी जांच के लिए क्षेत्रीय निदान केंद्र पर पहुंचता है तो उसका सामना अव्यवस्था से होता है। जिस कमरे में रजिस्ट्रेशन होता है उसके सामने लोगों को घंटे खड़ा होना पड़ता है। गैलरी में लोग खड़े रहते हैं कुछ लोग तो थककर वहीं फर्श पर बैठ कर जाते हैं। अव्यवस्था का आलम यह है कि गैलरी में कहीं पंखा भी नहीं लगा है। घंटों मरीज व परिजन लाइन में लगे रहते हैं तब जाकर किसी तरीके से रजिस्ट्रेशन हो पाता है। अपनी दादी का इलाज कराने आए तो रमेश बताते हैं कि डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने जांच के लिए कहा। 1 घंटे से लाइन में खड़े हैं नंबर ही नहीं आ रहा है। काफी भीड़ है और गर्मी भी है। दादी को किसी तरीके से फर्श पर बैठा दिया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रशासन को रजिस्ट्रेशन के लिए समुचित व्यवस्था करनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। विनय बताते हैं कि घंटों से लाइन में खड़े हैं। उमस भरी गर्मी है। हालत खराब है। रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर की संख्या बढ़ानी चाहिए। जब रजिस्ट्रेशन की समस्या को लेकर डॉ अनिल वर्मा प्रबंधक, स्वाशीसी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के लिए रजिस्ट्रेशन में असुविधा हो रही है। मामला संज्ञान में है। समस्या के निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। दो और काउंटर खोले जाने का प्रपोजल भेजा गया है। उम्मीद है, जल्दी दो और काउंटर खुल जाएंगे।


जांच कराने के लिए लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# सिर पर प्रहार करने से दूधिए की हुई थी मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचारः** शिवगढ़ के केवटन पुरवा में कब्रिस्तान के पास खून से लथपथ दूधिया के शव मिलने के मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हत्या एवं अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवटन पुरवा शिवगढ़ निवासी दिनेश यादव ने बताया कि उसके पिता साहब शरन यादव गत 23 मार्च को सुबह घर पर लेटे हुए थे। घर उनकी पत्नी मौजूद थीं। सुबह नौ बजे उनके गांव के ही फकीरे यादव घर आये और उनके पिता को बुलाकर ले गये। सारा दिन जब पिता वापस नहीं आये तो खोजबीन शुरू की गयी, लेकिन कहीं पता न चल सका। शाम 4 बजे गांव के लोगों ने फोन पर सूचना दी कि उनके पिता की लाश खून से लथपथ कब्रिस्तान के पास पड़ी है। जब लाश के पास पहुंच कर देखा तो छत विक्षत लाश पड़ी थी। सिर के पीछे काफी चोटें थी। गर्दन पर कसाव की वजह से खाल उघड़ गयी थी तथा शरीर पर काफी चोटों के निशान थे। पिता की हत्या फकीरे यादव व उनके लड़के विनोद यादव ने मिलकर की है। क्योंकि उक्त लोगों द्वारा पिता से पचास हजार रुपये उधार लिए थे। पैसा वापस न देना पड़े इसी वजह से हत्या करके साक्ष्य मिटाने की नियत से उनकी लाश को कब्रिस्तान के पास फेक दिये थे।



कार्यक्रम में सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

# सेवानिवृत्त गुरुजनों को किया गया सम्मानित

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय उमरी कोड़री में सेवानिवृत्ति शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 31 मार्च को सेवानिवृत्ति हो रहे ब्लाक के तीन शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र व रामायण पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेवानिवृत्ति हो रहे शिक्षकों को संगठन का नायक बताया। कार्यक्रम में राम केवल, परमानंद पाठक, शिव प्रसाद को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। कवि याकूब सिद्दीकी ने विदाई गीत सुनाएं। अध्यक्षता हरि प्रसाद सिंह व संचालन एआरपी श्याम नारायण पांडेय ने किया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, रवि प्रकाश सिंह, विजय कुमार चौहान, भोलानाथ सिंह, सद्दाम हुसैन, राम गोपाल सिंह, दीनानाथ यादव, मुलुकराज सिंह, शिवशंकर उपाध्याय, नरेंद्र मिश्रा, केएम सिंह, संतोष कुमार, अनुराग सिंह रहे।

# केस दर्ज कराने को भटक रहे मृत दो मजदूरों के परिजन

**खरगूपुर, अमृत विचार :** दुर्घटना में मारे गए दो मजदूर युवकों के मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए मृतक के पिता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गोंडा बलरामपुर मार्ग पर देवतहा मोड़ पर 20 मार्च को बाइक सवार दो युवकों को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी थी।जिसमें इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम फरेंदा कानूनगो निवासी राघवेंद्र तिवारी(28) तथा ओमप्रकाश वर्मा(25) की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित फरार हो गया था। दोनों युवक बलरामपुर से मजदूरी करने के उपरांत घर वापस आ रहे थे। इसी बीच दोनों उक्त स्थान पर दुर्घटना के शिकार हो गए थे। मृतक राघवेंद्र तिवारी के पिता हरिराम तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# दीवानी गेट पर वकीलों ने दिया धरना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शनिवार को अधिवक्ताओं ने दीवानी गेट नम्बर दो के सामने टेंट लगाकर जमकर धरना प्रदर्शन किया। कचहरी के अधिवक्ताओं के कलमबंद हड़ताल के चलते दूसरे दिन कामकाज ठप रहा। अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन में वादकारियों की भी अच्छी संख्या रही। सुबह दस बजे से ही अधिवक्ता दीवानी गेट संख्या दो पर मंच लगाकर मानक के विपरीत ग्राम न्यायालय स्थापना का विरोध करते हुए कहा कि ग्राम न्यायालय स्थापना के सम्बन्ध में अधिवक्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका लंबित है।

ऐसे में ग्राम न्यायालय की स्थापना को रोक दिया जाए। गौरतलब है कि ग्राम न्यायालय स्थापना के विरोध में अधिवक्ता पिछले एक दशक से संघर्षरत हैं। बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया था कि मानक के विपरीत ग्राम न्यायालय स्थापना के विरोध में आगामी सोमवार तक निरंतर दीवानी गेट संख्या दो पर धरना प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी तथा संचालन महामंत्री चंद्र मणि त्रिपाठी ने किया। सैकड़ों अधिवक्ताओं के साथ सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी, महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय ने भी सभा का संचालन किया।



दीवानी गेट के सामने धरना देते अधिवक्ता। अमृत विचार

# बाइक सवार ने मारी टक्कर एक की मौत, छात्र घायल

महसी, बहराइच

**अमृत विचार:** जनपद के रमपुरवा में स्थित विद्यालय के सामने बाइक पर मौजूद छात्र को मौसी के यहां जा रहे बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया यहां एक बाइक सवार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि छात्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतहिया निवासी राजपूत पुत्र उमेश सिंह अपने मौसी हरदी थाना क्षेत्र के कपूरपुर बाइक से जा रहे थे। शनिवार दोपहर में राजपूत रमपुरवा चौकी के पास पहुंचे। तभी दूसरी बाइक पर खड़े छात्र छोटू शुक्ला पुत्र सज्जन कुमार शुक्ला निवासी गदामार कला को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराएगा यहां पर डॉक्टर ने राजपूत को मृत घोषित कर दिया। जबकि छात्र को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल छात्र बीए फाइनल वर्ष का छात्र है। वह अध्यापक के इंतजार में खड़ा था। तभी दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आपसी विवाद में की मारपीट, 15 गिरफ्तार

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार:** रिसिया पुलिस ने आपसी विवाद में मारपीट करने के मामले में 15 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

रिसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के भैंसाही, शंकरपुर और नगर के रविदास नगर में शनिवार को कुछ लोगों ने आपसी विवाद में मारपीट की। जिसमें पुलिस टीम ने अनिल कुमार, विद्याराम, गुरु प्रसाद, श्रवण कुमार, रमेश निगम, भोला उर्फ बलिराम, लवकुश, जगमोहन, अंबानी वर्मा, तजमुल, बृजेश तिवारी लाल, दिनेश कुमार, रफीक खान और लल्ला खान के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट पेश किया गया जहां पर मुचलके पर सभी को रिहा कर दिया गया।

# विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत विकास खण्ड जरवल के परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जरवल ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के विकास और बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जरवल अमन वर्मा रहे। आयोजक बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह ने मौजूद सदस्यों से परिषदीय विद्यालयों में गठित प्रबन्ध समिति के मूल कार्यों,



ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

तथा दायित्वों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यालय विकास की योजनाएं बनाकर विभाग द्वारा जारी धनराशि का सदुपयोग करने की सलाह भी दी। मुख्य अतिथि ने सुझाव देते हुए कहा कि विद्यालय समिति के लिए गांव से समुदाय के निष्ठावान और उत्साही सदस्यों को समिति में शामिल किया जाए इसका विद्यालय की कार्य प्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जब तक एसएमसी के सदस्य अपने कार्य और दायित्व के प्रति सक्रिय नहीं होंगे तब तक विद्यालय के बच्चे कक्षा के लर्निंग आउटकम को प्राप्त करने में सफल नहीं हो सकेंगे। इससे पहले प्रशिक्षण सन्दर्भदाता एआरपी कल्पना मिश्र, मो० अहमद, रियाज अहमद, अब्दुल मोमिन द्वारा प्रतिभागियों को एक अप्रैल से शुरू होने वाले नये सत्र में 6 से 14 आयु वर्ष के सभी बालक बालिकाओं के शतप्रतिशत नामांकन व उनकी रोजाना उपस्थिति सुनिश्चित करना, विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन कराने, अध्यापक अभिभावक की मासिक बैठक में बच्चों की उपस्थिति एवं सीखने की प्रगति के बारे में जानकारी, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखने समेत विद्यालय की संपत्ति की देखरेख आदि सुनिश्चित कराने का कर्तव्यबोध कराया गया। प्रशिक्षण समाप्ति पर सदस्यों को समिति के कार्य, अधिकार व दायित्व सम्बन्धी हस्तपुस्तिका जनपहल वितरित की गयी। इस अवसर पर आसिफ अली, अलीम अहमद, अब्दुल सलाम, आरिफ हाशमी, मनीष मौर्य, स्नेहलता सिंह, रीता सिंह, सविता सिंह, सन्तोष वर्मा, कुसुम यादव आदि उपस्थित रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ कारागार का किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना, देवकान्त वर्मा व माधुरी तिवारी, चिकित्सक प्रवीण पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बिना वितरण के दो माह का राशन गायब

## सीडीपीओ और मुख्य सेविका पर घालमेल का लगाया आरोप

रायबोझा, बहराइच

**अमृत विचार:** विकासखंड मिहीपुरवा के बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह गर्भवती महिलाओं व धात्री को कुपोषण से बचाने के लिए चना, दाल, गेहूं की दलिया ,फोर्टीफाइड रिफाइंड तेल का वितरण किया जाता है, लेकिन ग्राम सभा मदरिया में 2 महीने से केंद्र पर अभी तक कोई समान नहीं वितरण किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खाद्यान्न को बेच दिया गया है।

बाल विकास विभाग की ओर से बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए ड्राई राशन का वितरण किया जाता है। लेकिन विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम खन्नापुरवा में किशोरी के हिस्से का ड्राई राशन भी घोटाले के भेट चढ़ गया था। शासन द्वारा भेजा गया राशन कागज में ही आया और कागज में ही वितरित कर दिया गया। ड्राई राशन वितरण के लिए जिले की सभी परियोजनाओं को सर्वे के हिसाब से उपलब्ध कराया गया।

मिहीपुरवा परियोजना के तहत किशोरियों के हिस्से का राशन कागज में रिसीव किया गया और कागज में वितरण कर दिया गया जांच में सामने आए तथ्य ने अफसरो के होश उड़ा दिए। इस मामले की दो बार जांच की गई, लेकिन दोनों बार ही अभिलेख को नहीं दिखाए गए। ग्राम सभा मदरिया में भी जनवरी और फरवरी का राशन ही वितरण नहीं किया गया है। मदरिया और खन्नापुरवा में कुल 0 से 3 साल के बच्चो का गर्भवती किशोरी धात्री सहित 348 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन है और 3 से 6 साल के 157 बच्चों का रजिस्ट्रेशन है जिसमें 0 से 3 साल तक बच्चों गर्भवती एवं किशोरी को एक किलो पैकेट की रिफाइंड और दलिया शामिल है इससे पहले भी राशन की गड़बड़ी की जांच में बड़े पैमाने पर ड्राई राशन और रिफाइंड के गोलमाल करने की पुष्टि होने पर कनिष्ठ लिपिक नितिन श्रीवास्तव को महसी राजू चंद्र को तेजवापुर स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे पहले भी ग्राम सभा मदरिया में कई बार अनिमिताएं पाई गई हैं, जिसमें अभिलेखिए जांच भी हुई है, लेकिन अफसरो ने कागज में हेरा फेरी करके मामले को रफा दफा कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक दो माह का खाद्यान्न ही बेच दिया गया। सभी ने जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है।

### मामला गंभीर, होगी जांच

इस मामले में डीपीओ राजकपूर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है समूह आंगनवाड़ी में टकराव के चलते वितरण नहीं हो पाया है टीम गठित कर वितरण कराया जाएगा। साथ ही 2 महीने से राशन क्यों नहीं वितरण किया गया, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कार्रवाई न होने से क्षुब्ध युवक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**बहराइच, अमृत विचार :** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर आत्मदाह की चेतावनी दी है। उसका कहना है कि पुलिस और तहसील के अधिकारी उसकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वह तहसील में ही आत्मदाह कर लेगा। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के डिहवाशेर बहादुर सिंह गांव निवासी तौहीद आलम ने प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज सहित कई उच्च अधिकारियों को प्रार्थना



पत्र भेजकर उत्पीड़न व शोषण रोकने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि उसके पिता जमील अहमद की जमीन गाटा संख्या 295 रकबा 0 .016 हे. ग्राम डिहवा शेर बहादुर सिंह में स्थित है। पिता थाना व तहसील कैसरगंज जनपद बहराइच के मूल खातेदार थे। पिता की मृत्यु हो जाने के बाद उनके वारीसान पीड़ित व उनके अन्य परिवार जनों के नाम न्यायालय द्वारा साक्ष्य समुचित सुनवाई के बाद वरासत कर दी गई। लेकिन विपक्षी अनिल कुमार मौर्य पुत्र नन्हे शरण मौर्य निवासी ग्राम डिहवा शेर बहादुर सिंह थाना व तहसील कैसरगंज ने अपने पुत्र हरिशंकर, सुधीर, अमन पुत्रगण अनिल कुमार के साथ मिलकर प्रार्थी को अनावश्यक परेशान करने एवं आर्थिक सामाजिक मानसिक शोषण करने के हेतु न्यायालय में आए दिन विवादित भूमि के संबंध में मिथ्या और दावा प्रस्तुत करता रहता है और शोषण करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। जिससे पीडित को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और झूठे दावे से पीड़ित हो चुका है और काफी तंग और परेशान है। ऐसी स्थिति में पीड़ित एकदम मानसिक रूप से टूट चुका है और अब किसी भी प्रकार का मुकदमा लड़ने की हिम्मत नहीं बची है। अब पीड़ित के पास अपनी जीवन लीला समाप्त करने के शिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। विपक्षी गण द्वारा लगातार किए जा रहे उत्पीड़न व शोषण को रोकने हेतु प्रशासन द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं किया गया तो एक सप्ताह में तहसील परिसर में ही अपने परिवारजनों सहित आत्मदाह कर लेने की चेतावनी दी है।

## पौराणिक शिक्षा बच्चों के लिए जरूरी




कार्यक्रम में मौजूद मांडव कालीन मंदिर के महंत। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** गुरुकुल पब्लिक स्कूल, टिकोरा मोड़ में शनिवार को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।

विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक व विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने आये हुए मुख्य अतिथि सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर पूज्य संत रवि गिरी महाराज एवं उनके शिष्य उमाकांत गिरी महाराज का स्वागत माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्रा वंशिका सिंह, अराधना पांडेय, खुशी मौर्या ने स्वागत गीत के माध्यम से किया। शैक्षणिक सत्र में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा प्ले नर्सरी से कक्षा 9 व 11 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में कक्षा प्ले नर्सरी से वंस मौर्या प्रथम, इच्छा द्वितीय व निश्चय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर पूज्य संत रवि गिरी महाराज द्वारा रिपोर्ट कार्ड, मैडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक व विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने की। मंच का संचालन छात्रा मान्या श्रीवास्तव ने किया।

# बीएसएफ व पुलिस ने की संयुक्त गश्त



संयुक्त गश्त करती पुलिस व बीएसएफ की टीम।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा गांव, कस्बा में पड़ने वाले क्रिटिकल, वेनरेबल क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर बार्डर एरिया, पर वाहनों की गहनता से चेकिंग कर एरिया डोमिनेशन, फ्लैग मार्च किया जा रहा है तथा विभिन्न घटनाओं की रोकथाम हेतु पिकेट ड्यूटी भी निरंतर लगाई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम व बीएसएफ ने संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना मल्हीपुर अन्तर्गत जमुनहा में डोमिनेशन, फ्लैग मार्च कर क्रिटिकल, वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का जायजा लिया, साथ ही साथ जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया तथा ग्रामीणों से वार्तालाप कर सुरक्षा की भावना जागृत कर मतदान के दिन निर्भीक होकर शत- प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया।

# सभी बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का करें प्रयोग

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय कथरामाफी में जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांव की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्राम वासियों से संवाद कर उन्हें स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान कराने हेतु अपील की। इस दौरान उन्होने लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिलाओं को प्राथमिकता के तौर




पर मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि 25 मई को सभी लोग बढ़ चढ़ कर अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। बिना किसी प्रलोभन में आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यदि कोई व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की कोशिश करता है तो इसकी जानकारी जनपद स्तर पर गठित कन्ट्रोलरूम के नम्बर 1950, 9936860164, 9473895881, 9473913831 व 9956880176 पर सम्पर्क कर जानकारी दे सकते है, जिससे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा एसके राय, खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा एसपी सिंह सहित सम्बन्धित बूथ के बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, महिलाएं एवं भारी संख्या में मतदातागण उपस्थित रहे।

## गिलौला पुलिस ने चार गैंगस्टर गिरफ्तार किए

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** एसपी घनश्याम चौरसिया ने अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक गिलौला अश्वनी कुमार दूबे मय पुलिस टीम ने श्रावस्ती के सम्बन्धित चार अभियुक्त रौआब उर्फ दद्दन पुत्र असगर आजम पुत्र छोटू उर्फ मोहम्मद यूनुस, हजरत अली उर्फ बन्दर पुत्र ताजिब अली निवासीगण अलीनगर थाना गिलौला व मुस्तफा पुत्र इशहाक पैदामीपुरवा बकसरिया थाना इकौना सिसवारा नदी घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बताया कि अभियुक्त रौआब उर्फ दद्दन एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसका एक संगठित गिरोह है, जिनके सक्रिय सदस्य आजम, हजरत अली उर्फ बन्दर, मुस्तफा आदि मिलकर वारदातों को अंजाम देते रहे हैं।

## गेहूं खरीद कार्य में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई :डीएम

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के आदेशानुसार 01 मार्च, 2024 से जिले में स्थापित 50 क्रय केन्द्रों पर किसानों से गेहूं खरीद की जा रही है। उन्होने गेहूं खरीद में लगे सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से गेहूं खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए बैठने के लिए छाया, पेयजल, केन्द्र पर आवश्यक सूचनाओं एवं बैनर, खरीद पंजिका, मजदूर पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई-उपार्जन हेतु लैपटाप/आई-पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, नमीमापक यंत्र, विनोइंग फैन, पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाएं। गेहूं क्रय केन्द्र के खुलने का समय प्रात :9 बजे से सायं 6 तक निर्धारित किया गया है। गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की भांति 150 रुपये प्रति अधिक है। इसके अलावा पल्लेदारी के मद में किसानों द्वारा किये गये 20 रुपये प्रति कुन्तल का भुगतान समर्थन मूल्य के साथ उनके बैंक खाते में किया जायेगा। जनपद में इस वर्ष गेहूं क्रय का लक्ष्य 34,000 मी.टन रखा गया है। जिलाधिकारी ने अपील किया कि वे गेहूं बेचने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन अपने नजदीक के जन सुविधा केन्द्रों पर जाकर अथवा 'यूपी किसान मित्र' ऐप डाउनलोड कर अवश्य करा लें, ताकि उन्हें अपना गेहूं बेचने में कोई दिक्कत न होने पावे ।बैठक का संचालन जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्र ने किया ।इस अवसर पर पीसीएफ के अधिकारी सहित केन्द्र प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध चाकू व तीस लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने अभियुक्त मेहीलाल पुत्र संतोषी निवासी गोठवा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार किया ।थाना एनएमपीटी पुलिस ने अभियुक्त राजितराम पुत्र सीताराम निवासी बैदौरा मसरिक को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया। थाना इकौना पुलिस के द्वारा अभियुक्त राज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद जिब्राइल निवासी मुबारक नगर को 01 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया।

## वर्ग पहेली-25

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।
2. 1. झांकने की क्रिया या भाव ( ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द ) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।
5. 1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।
8. 1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।
10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।
11. ग्वाला।

**ऊपर से नीचे**



3. एक प्रकार का बनबिलाव।
4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।
6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।
7. 1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर, अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।
8. कुश्ती का एक दांव।
9. 1. नदी

### वर्ग पहेली -24 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 फ़ | | 2 भं | गि | 3 मा |
| 4 ता | म | र | स | | | लि |
| | | लां | | 5 न | चा | की |
| | 6 पुं | ग | फ | ल | | |
| 7 फ़ | | | | सा | | |
| क़ | | | | 8 ज़ | ई | फ़ |
| 9 त | स | दी | क | | | |

## सुडोकू-104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

**वृष:** आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क:** आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या:** आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

**तुला:** आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

**वृश्चिक:** आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

**धनु:** आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मकर:** आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन:** आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

## आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| गु. 1 बु. | रा. सू. 12 | श. मं.शु. 11 |
| 2 | 3 9 | 10 |
| 4 | 6 के. | 8 चं. |
| 5 | | 7 |

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22 .57 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
वीरगति — सुबह : 11.00
सपूत — रात : 07 .00

&pictures
वेलकम बैक — सुबह : 11.00
रोबोट — शाम : 04 .23

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
जर्नी 2 — रात : 07 .24

ZEE CINEMA
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10 .05
पिप्पा — रात : 10 .40

colors CINEPLEX
द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10 .31
ओएमजी 2 — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा- भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...



**20वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.24 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .37 बजे
इफ्तार :06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# शिक्षा से सब कुछ हासिल किया जा सकता है : सीजेएम

▸▸ विद्यालयों में आयोजित हुआ परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम

बहराइच/रिसियामोड़

**अमृत विचार :** जिले के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधान परिषद सदस्य और सीजेएम ने उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया। सीजेएम ने कहा कि शिक्षा से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज माधवपुरी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की प्रस्तावना राजेंद्र कुमार मिश्र ने प्रस्तुत की । प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। प्रबंधक कमलेश कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद गोंड, डॉ. अवधेश विभाग प्रचारक, राम नारायण पाण्डेय अध्यक्ष,पदमसेन चौधरी सदस्य विधान परिषद, ओम पाल सिंह सह प्रबंधक, भूपेंद्र जिला कार्यवाह, मुकुट बिहारी तिवारी, दीनदयाल पाठक रहे। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए सीजेएम ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी चीज है, जिसके द्वारा सब कुछ हासिल किया जा सकता है। ऐसे में सभी बच्चे पढ़ाई कर परिवार और देश का नाम रोशन करें। इसके बाद सभी को परीक्षा फल वितरित किया गया। उधर शाइनिंग स्टार्स एकेडमी असवा रोड मटेरा चौराहा में बच्चो को परीक्षाफल का वितरण किया गया। इसमें कक्षा में प्रथम, दितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट व ट्राफी देकर प्रबंधक देवेंद्र प्रसाद वर्मा एवं प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा ने सम्मानित किया। इसमें कक्षा 2 की छात्रा प्रिया वर्मा को प्रथम स्थान आने पर प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावक एवं अध्यापक सरबजीत सिंह, मनोज वर्मा, अशोक वर्मा, रामकरन वर्मा, संतोषी लाल, अर्जुन प्रसाद, प्रियंका मिश्रा, लक्ष्मी वर्मा, प्रतिभा, माया, अनामिका, लक्ष्मी वर्मा, शिवकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



अंक पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते सीजेएम। अमृत विचार




बालिका को अंक पत्र देते प्रधानाचार्य।

# एक किलोग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचारः** मोतीपुर थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने एक किलो चरस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस को सीज कर दिया गया है।

एसएसबी 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में जवान गश्त कर रहे थे। भारत-नेपाल सीमा पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के बलई गांव में देर शाम पेट्रोलिंग के दौरान नेपाल से भारत आते समय एक युवक को जवानों ने रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। जबकि चरस तस्कर थाना क्षेत्र के बस्थनवा गांव निवासी गज्जन उर्फ रईश पुत्र सुब्बा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रुपये है। टीम में सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह, जाधव दीप, पुलिस के उप निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय, धर्मेंद्र राव, अमित यादव मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त होने वाली शिक्षिका को दी विदाई

**बौंडी, बहराइच :** खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र ने 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाली सुधा कपूर प्रधानाध्यापक मलूकपुर (1-8) की सेवा निवृत्ति के अवसर पर शनिवार को विद्यालय पहुंचकर अंगवस्त्र और मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया और भविष्य की बेहतरी के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### संविदा चालक ने दिया त्यागपत्र

**बहराइ :** बहराइच रोडवेज विभाग में संविदा चालक के पद पर जासिद खान की तैनाती थी। उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार को पत्र देकर कहा है कि उनके आंख में काफी समस्या है। जिसके चलते वह बस का संचालन करने में असमर्थ है। ऐसे में वह संविदा चालक के पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि संविदा चालक का त्यागपत्र मंजूर कर लिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी बंदी

**मोतीपुर, बहराइच :** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनगोडिया के मजरा शोभापुरवा निवासी रोहित कुमार के विरुद्ध थाने में अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि शनिवार को उप निरीक्षक दिवाकर तिवारी, सिपाही गौरव कुमार, अंशुमान सिंह और महिला सिपाही नेहा भारती की टीम ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**बहराइच,अमृत विचार :** राम गांव थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष रामदेव यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को सल्लू और सोनू को बलवापुर रोड के पास से दिन में 10 .35 बजे हिरासत में लिया गया। दोनों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# रोडवेज बस के चालक और परिचालक भी करेंगे अंगदान

## शासन के पत्र पर परिवहन विभाग ने शुरू की कार्रवाई

▸▸ बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को बताएंगे इसके लाभ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने चालक और परिचारकों को अंगदान करने के लिए यात्रियों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य में परिवहन विभाग के चालक और परिचालक भी अंगदान कर सकते हैं। इसके लिए विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

अंगदान इस समय किसी सामाजिक कार्यकर्ता या परिवार की स्वेच्छा पर ही किया जा रहा है। लेकिन अब सरकार ने अंगदान से अन्य लोगों को होने वाले फायदे के प्रति जागरूक करते हुए सभी को इस अभियान से जोड़ा है। परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि शासन की ओर से एक सप्ताह पूर्व पत्र आया है। उसे पत्र के अनुसार रोडवेज के चालक और परिचालकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोडवेज बस के चालक और परिचालक के साथ अन्य कर्मचारी भी अंगदान कर सकते हैं, जिससे किसी भी व्यक्ति को उसे अंग से इसका लाभ पहुंचाया जा सके। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से बस अड्डे के साथ रूपईडीहा बस स्टैंड पर भी जागरूकता पोस्टर बैनर लगाए गए हैं, लोगों को अंगदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के आम नागरिक भी सहयोग कर सकते हैं कोई भी अपनी स्वेच्छा से अंगदान कर किसी दूसरे को लाभ पहुंचा सकता है।

### हादसे के पीड़ितों को मिलेगा अधिक लाभ



सरकार की ओर से अंगदान करने के लिए विभागों को पत्र भेजा जा रहा है इसमें हर एक व्यक्ति शामिल है। वर्तमान समय में सड़क हादसे काफी बढ़ गए हैं। जिसके चलते किसी का पैर, किसी का हाथ तो किसी का अन्य शरीर बेकार हो जा रहा है। ऐसे में अंगदान के द्वारा इन लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। जिसके चलते इनका भविष्य बेहतर रहे।

**-प्रेम कुमार ,एआरएम**

# कंट्रोल रूम में आयीं 74 शिकायतें की गयीं निस्तारित

बहराइच

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय पर स्थित कंट्रोल रूम में शिकायतें आने लगी हैं। 74 शिकायतें आईं हैं। जिसका निस्तारण अधिकारियों की टीम ने 100 मिनट में किया। मिल रही शिकायतें भी अधिकारियों के कार्य को बता रही हैं।

निर्वाचन आयोग की ओर से इस बार लोकसभा चुनाव के लिए सी विजिल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप पर शिकायत आने के 100 मिनट में निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। कलेक्ट में स्थित कंट्रोल रूम में इसका संचालन हो रहा है। 1950 और सी विजिल ऐप पर 74 शिकायतें आई। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शिकायतों का 100 मिनट में निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायतें क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लगे बैनर पोस्टर और प्रचार सामग्री की हैं जिसे कार्रवाई करते हुए तत्काल हटवा दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान से संबंधित जिले के लोगों को कहीं भी कोई कमी या प्रचार सामग्री दिखे तो उसकी तत्काल कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। उसका निस्तारण हर हाल में 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। वहीं इस ऐप की ग्रामीण सराहना कर रहे हैं। सभी का कहना है कि इस ऐप के द्वारा कम से कम शिकायत दर्ज कर रहे हैं। दूसरी ओर, कर्मचारियों द्वारा अब भी कई स्थानों पर दीवारों पर लगे पोस्टर बैनर को हटाया नहीं गया है।



डीएम मोनिका रानी।

## सार-संक्षेप

### जन आशीर्वाद यात्रा में उमड़ी भीड़



नानपारा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा में मौजूद लोग। अमृत विचार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के नानपारा क्षेत्र में शनिवार को जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह स्वागत हुआ। जन आशीर्वाद यात्रा के द्वितीय दिवस पर बहराइच लोकसभा प्रत्याशी डॉ आनंद गोंड़ ने नानपारा विधानसभा के अंतर्गत मटेरा चौराहा, बाबा जंगली नाथ, शिवपुर ब्लाक, बरदहा बाजार, इटहा, नानपारा नगर, अगैया चौराहा, बाबागंज, रुपईडीहा तक जन-जन से संपर्क करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रत्याशी के साथ नानपारा के विधायक रामनिवास वर्मा भी साथ-साथ चल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी अपना दल का पूर्ण समर्थन प्राप्त हो रहा था। अपना दल के कार्यकर्ता भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे। डॉ आनंद गोंड़ ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के स्नेह और आशीर्वाद से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हमें जो यह मौका दिया है हम पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ आप सभी के मध्य कार्य करेंगे और विकास कार्य को आगे बढ़ाते हुए बहराइच लोकसभा की दशा और दिशा बदलने का प्रयास करेंगे। इस यात्रा में सभी मंडल अध्यक्ष शक्ति केन्द्र संयोजक बूथ अध्यक्ष व पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गायत्री उपासना मिटा देती है कुबुद्धि और अविश्वास की भावना

**बाबागंज ,बहराइच :** विकासखंड नवाबगंज में स्थित मंगलीनाथ मंदिर में नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं पांच दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन चल रहा है। आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन की सायंकालीन वेला में अशोक कुमार सपत्नीक द्वारा देवपूजन और बनारस गिरि, जगत राम, सीताराम द्वारा व्यास आसान की पूजा के बाद शांतिकुंज हरिद्वार की टोली का टीका और माल्यार्पण किया गया। मंदिर में देवमंच पर विराजमान टोली कथा व्यास राम शरण शास्त्री, ज्वाला प्रसाद ज्ञानी गायक, मदनलाल वर्मा वादक और सियाराम परिव्रजक द्वारा मातृ वंदना और प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया।पुनः कथा व्यास ने बताया कि आज मानव के मस्तिष्क में कुबुद्धि,अविश्वास,अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष ने अपना डेरा जमा लिया है। चारों तरफ कुमति अपना तांडव दिखा रही है। कुबुद्धि ने ही रावण, कंस, हिरण्यकश्यप जैसे अनेक राक्षसों को सन्मार्ग से हटाकर कुकर्म की ओर धकेल दिया। कुबुद्धि से ग्रस्त कैकेई ने भरत से भी अधिक प्रिय राम को 14वर्ष का वनवास दिया। इसलिए हम सभी को कुबुद्धि का परित्याग कर सद्बुद्धि की देवी मां गायत्री की शरण में निज कल्याण के लिए जाना चाहिए। पुत्र कुपुत्र हो सकता है पर माता कभी कुमाता नही हो सकती है।इस संसार सागर में गायत्री मंत्र कामधेनु है। जिससे सभी मनोकामना पूरी हो सकती है। यह विश्व गायत्री का रूप है।महिला पुरुष सभी को समान रूप से गायत्री मंत्र जाप करने का अधिकार है। संतों ने इसके बारे में जानकारी दी है। कथा व्यास ने अगले दिन की कथा श्रवण का आमंत्रण देकर शांतिपाठ किया और इस दिन की कथा समाप्ति की घोषणा की।



ग्रामीण को सम्मानित करते कथावाचक।

### प्लाटिंग के आगे देव वृक्ष काटा, 7 के खिलाफ केस दर्ज

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** प्लाटिंग की जमीन के आगे सरकारी जमीन पर लगे पीपल के पेड को प्लाटिंग कर रहे भूमाफिया ने कटवा डाला। सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर वन क्षेत्राधिकारी ने दरोगा को भेजकर जांच करवाई। वन दरोगा की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कैसरगंज थानाक्षेत्र के लखनऊ-बहराइच हाइवे पर एपेक्स स्कूल के बगल मे सरकारी जमीन पर विशालकाय देव वृक्ष पीपल का पेड लगा हुआ है। पेड के पीछे की जमीन पर प्लाटिंग करायी जा रही है। प्लाटिंग के सामने से पीपल के पेड को हटाने के लिए पीपल के पेड को काटने की योजना प्लाटिंग माफिया बनायी। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश श्रीवास्तव ने पीपल के पेड की मोटी मोटी डालों को काटे जाने की शिकायत मुख्यमंत्री समेत जिले के उच्चाधिकारियों से की। वन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अभिषेक सिंह ने वन दरोगा राम विनोद यादव को भेजकर जांच करायी।जांच में पता चला कि पीपल के पेड के पीछे की जमीन फखरुद्दीन प्लाटिंग का कार्य करा रहे हैं। इन्होंने अपने सहयोगी इम्तियाज अंसारी व साजू उर्फ फिरोज हुसैन समेत पांच अन्य व्यक्तियों के साथ जान बूझकर पीपल की शाखाओं को काट दिया । कैसरगंज थाने में फखरुद्दीन, इम्तियाज अंसारी व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।



दबंगों ने काटा पूजित वृक्ष।

## महिला मोर्चा की जिला संयोजक बनीं सोनी



**बहराइच, अमृत विचार :** भाजपा अवध क्षेत्र महिला मोर्चा के संस्तुति पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजक रंजीता श्रीवास्तव सोनी को भाजपा महिला मोर्चा बहराइच का जिला संयोजक बनाया गया है।मनोनयन होते ही बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया। शहर निवासी सोनी श्रीवास्तव राजनीति क्षेत्र के अलावा टीवी रियलिटी शो में जज एवं मेट्रो म्यूजिक अकेडमी की निदेशिका होने के नाते संगीत के क्षेत्र में भी काफी लोकप्रिय है।सोनी भाजपा के कार्यक्रमों एवं नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरे लगन से लगी हुई है।सोनी को यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने देवी अवार्ड से भी नवाजा है।इन्हें बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाईका अरोड़ा द्वारा बेस्ट डांस कोरियोग्राफर का खिताब एवं लखनऊ महोत्सव, यूपी महोत्सव, अवध महोत्सव एवं जी सलाम और नाइन एक्स एम पर टीवी रियल्टी शो द सिंगिंग आईकान में जज की भूमिका अदा कर बहराइच का नाम रोशन किया है।मीडिया से मुखातिब नव मनोनीत महिला मोर्चा जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे मैं बखूबी निभाने का पूरा प्रयास करूंगी।

## दिव्यांगों ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

**संवाददाता, बहराइच,अमृत विचार :** शहर के कलेक्ट्रेट में शनिवार को दिव्यांग मतदाताओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाते हुए सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत सुव्यस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम( स्वीप) अन्तर्गत विशेषकर नवीन एवं युवा मतदाताओं को लोक सभा सामान्य निर्वाचन के मतदान प्रकिया में शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी ( स्वीप) रम्या आर ., जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीपी सत्यार्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से दिव्यांग मतदाताओं मतदाता शपथ दिलाने के उपरान्त रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करतीं डीएम और सीडीओ।

# गौरी गणेश पूजन से शुरू होगा होली मिलन समारोह

**बहराइच, अमृत विचारः** रंगों का महापर्व होली सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद अब सभी होली मिलन समारोह की तैयारियों में जुट गए हैं। सभी वर्ग के लोग अपने-अपने तरीके से होली मिलन समारोह का आयोजन करते हैं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज ने दो अप्रैल को श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज धर्मशाला में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया है।

हलवाई समाज के महामंत्री ब्रजेश कुमार यज्ञसेनी ने बताया कि इस वर्ष भी हलवाई धर्मशाला में अपने स्वजातीय बंधुओ के संग होली मिलन का कार्यक्रम दो अप्रैल को रखा गया है। यज्ञसेनी ने बताया कि दो अप्रैल को ही श्री देवी गुल्लाबीर मंदिर में अपरान्ह गौरी गणेश पूजन के उपरान्त प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया।

सायंकाल मीराखेलपुरा स्थित श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई धर्मशाला में होली मिलन एवं सामूहिक सहभोज का कार्यक्रम भी रखा गया है। बृजेश ने बताया कि रात्रि सहभोज उपरान्त कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक का आयोजन हलवाई धर्मशाला में ही समाज के अध्यक्ष रामगुलाम यज्ञसेनी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष मदन गोपाल यज्ञसेनी सहित कार्यकारिणी एवं समाज के अन्य बन्धु भी उपस्थित रहेंगे।

# डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

बहराइच

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दल के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोग के अनुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, प्रभारी इवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम कमला शंकर व अन्य अधिकारियों भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, सपा के जफरुल्लाह खां बंटी व सईद अहमद, कांग्रेस के गोपीनाथ, अपना दल से गिरीश पटेल, बसपा के अशर्फी लाल गौतम व अन्य के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। इस अवसर पर डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय में शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया समेत अन्य मौजूद रहे।



राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण करतीं डीएम।

## कारोबारी की रकम लेकर नटवरलाल चम्पत

**बहराइच।** आरके ट्रेडर्स प्रतिष्ठान से एक नटवरलाल 20 हजार की नकदी लेकर चंपत हो गया। पीड़ित राम किशुन के अनुसार, शुक्रवार दोपहर बाइक से एक व्यक्ति आया। उसने खुद को लोक निर्माण विभाग का एओ बताकर कहा कि महिला हॉस्पिटल कैसरगंज में टिन शेड का कार्य चल रहा है। उसे 12 फुट की 50 टिन चादर की आवश्यकता है। कुल कीमत 52500 रुपये बनी। उसने बैटरी रिक्शा पर टिन चादर हॉस्पिटल भेजने को कहा। यह भी कहा कि 20 हजार नकद भी भेज देना। हॉस्पिटल आओ पूरा पैसा फ़ोन पे कर देंगे। दुकानदार ने टिन की चादर व धन भेज दिया। जब बैटरी रिक्शा हॉस्पिटल पहुंचा तो वह व्यक्ति वहां पहुंचा और ई-रिक्शाचालक से कहा कि रुपये दे दो बात हो गयी है। कथित एओ ने कहा कि अभी अन्दर से आ रहा हूं। काफी देर तक वह नहीं आया तो तब कारोबारी को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

**कार्यक्रम** मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम लौकाही में भारत-नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

# भारत से नेपाल का रोटी-बेटी का संबंध : कृष्णानंद

मिहींपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम लौकाही में सीमावर्ती जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में भारत-नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजन समिति की सदस्य बालिकाओ ने नेपाल से आए अतिथियों का तिलक लगाकर तथा रामनामी पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल से आये समाजसेवी राजेन्द्र यादव व सुभाष पोखरेल तथा भारतीय समाजसेवी कृष्णानन्द शुक्ल, अमरनाथ, बाबूलाल शर्मा, योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य, हुकुम चन्द वर्मा आदि ने सामूहिक रूप से नेपाल के राष्ट्रपुरुष श्री पांच बड़ा महाराजाधिराज पशुपतिनाथ शाह व भारतीय इतिहास के वीर योद्धा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया।

होली मिलन महोत्सव में दोनों देशों के क्षेत्रीय कलाकारों ने थारू नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान लोक गायिका मांडवी तिवारी ने स्वागत गीत, लोकगीत, होली गीत आदि प्रस्तुत किये। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मण्डल के सदस्यों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों व आयोजन की व्यवस्था में सहयोगी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान दोनों देशों के लोगों के बीच अबीर गुलाल व फूलों की होली खेली गई। इस दौरान नेपाल से आए समाजसेवी राजेंद्र यादव व सुभाष पोखरेल ने भारत व नेपाल के संबंधों की साझा संस्कृति पर विचार व्यक्त किये। भारतीय समाजसेवी कृष्णानंद शुक्ला ने कहा कि नेपाल से भारत का रोटी बेटी का संबंध है जो आदिकाल से चला रहा है। हम सबके आराध्य राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर में है, यह रिश्ता आज भी कायम है। कार्यक्रम आयोजन में मनीराम थारू, वीर बहादुर थारू, जीत बहादुर, पवन सोनकर, अनिल गुप्ता, संतोष विश्वकर्मा, नवीन सिंह, रोहित गुप्ता, सुरज गुप्ता आदि स्थानीय कार्यकर्ताओं व लौकही व्यापार मंडल के ज्वाला यादव आदि का योगदान रहा । इस अवसर पर सोमवर्धन पाण्डेय, पूर्व प्रमुख श्रवण मद्धेशिया, दिलीप वर्मा, योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू, हुकुमचंद वर्मा, अभिषेक राणा, सुरेश वर्मा, तीरथ राम, संदीप सिंह, अनिल कुशवाहा, गिरिजापति त्रिपाठी, संदीप कार्णा, दीपक श्रीवास्तव, शिव कुमार शुक्ला, अमन गुप्ता, लव शुक्ला, विजय मौर्या, राम सिंह वर्मा, आशीष गुप्ता, अमित वर्मा, हेमंत वर्मा, नीरज मिश्रा, सतीश पोरवाल, मोतीलाल निषाद, रामकिशोर वर्मा, आलोक शुक्ला, राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में दोनों देशों के लोग उपस्थित रहे।



होली मिलन समारोह में मौजूद भारत और नेपाल के प्रतिनिधि। अमृत विचार

# खलिहान की जमीन से पुलिस ने हटवाया कब्जा

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचारः** जिले के ग्राम पंचायत वैनी में खलिहान की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को पुलिस और राजस्व की टीम ने अवैध कब्जा हटवाया। पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत वैनी में खलिहान की जमीन स्थित है। इस जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत गांव के लोगों ने पुलिस और प्रशासन से की लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने पुलिस को अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। एसडीएम दिनेश कुमार ने शनिवार को अवैध कब्जा हटवाने के लिए नायब तहसीलदार की अगुवाई में टीम गठित की। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी और नायब तहसीलदार की टीम शनिवार को गांव पहुंचकर खलिहान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया। इस दौरान पुलिस और राजस्व की टीम मौजूद रही।



कब्जा हटवाती पुलिस।

## लोकतंत्र सेनानी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र निवासी लोकतंत्र सेनानी का शुक्रवार को बाराबंकी में निधन हो गया बाराबंकी में ही परिवार के मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ लोकतंत्र सेनानी का अंतिम संस्कार हुआ। शनिवार को जिले में शोक सभा आयोजित हुई। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गाजीपुर कोड़री गांव निवासी अंबिका प्रसाद सिंह (81) पुत्र राम करन सिंह लोकतंत्र सेनानी थे। उनका वर्ष 1943 में हुआ था। लोकतंत्र सेनानी की बेटी वैशाली सिंह ने बताया कि पिता ने लोकतंत्र बहाली के लिए लड़ाई लड़ी। उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। बेटी ने बताया कि परिवार के सभी लोग बाराबंकी जिले के लखपेडाबाग चौराहे के निकट बस गए। शनिवार को लोकतंत्र सेनानी के निधन पर शोक सभा आयोजित हुई। सभी ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

# गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

# नवीन शैक्षिक सत्रः चुनौतियां और संभावनाएं


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

# कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

# संतन को कहां सीकरी सो काम


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?

# मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय। /सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।

अवाङ्नसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

# नर हो, न निराश करो मन को


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया,उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है,'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था,'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी।' 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला,'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है,उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है,जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है,वह नर ही नहीं,बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

# मेनका को सुलतानपुर की पहली महिला सांसद बनने का गौरव

## कई बार आधी आबादी को साधने को पार्टियों ने बनाया था महिला प्रत्याशी, कल आएंगी मेनका, करेंगी तूफानी दौरा

संवाददाता, सुलतानपुर


मेनका संजय गांधी।

**अमृत विचारः** सुलतानपुर लोक सभा चुनाव के इतिहास में किसी महिला प्रत्याशी के माथे इस सीट पर जीत का सेहरा नहीं बंधा था। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में इस मिथक को तोड़ यहां जीत दर्ज कर यह गौरव हासिल किया।

1998 में जिले के राजनीति इतिहास में पहली बार महिला उम्मीदवार के रूप में इलाहाबाद की निर्दलीय मेयर रही डॉ. रीता बहुगुणा जोशी सपा प्रत्याशी बनाई गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने शहर के खुर्शीद क्लब में भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र बहादुर राय के पक्ष में जनसभा कर हवा का रुख मोड़ दिया था। रीता बहुगुणा जोशी को करारी शिकस्त मिली थी। 1999 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की करीबी रहीं दीपा कौल कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गई थी। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्यदेव सिंह का पर्चा खारिज हो गया। उनका मुकाबला बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह और सपा प्रत्याशी राम लखन वर्मा से हुआ। बाहरी बनाम स्थानीय का नारा इस चुनाव में जोर से चला। चुनाव परिणाम में दीपा कौल चौथे पायदान पर पहुंच गई थी। बसपा के जयभद्र सिंह चुनाव जीते थे। एक बार फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने डॉ. वीणा पांडेय को प्रत्याशी बनाया। बसपा ने मो. ताहिर खां को प्रत्याशी बनाया था और सपा ने विधान परिषद सदस्य रहे शैलेन्द्र प्रताप सिंह को मैदान में उतारा था।

कांग्रेस ने गांधी परिवार के करीबी रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा को प्रत्याशी बनाया था। सतीश शर्मा को बाहरी होने का दंश झेलना पड़ा और अंत में त्रिकोणीय मुकाबले मे बीएसपी के ताहिर खां विजयी हुए। वीणा पांडेय चौथे स्थान पर पहुंच गई थी। ऐसा ही कुछ 2014 के लोकसभा चुनाव में हुआ। कांग्रेस ने प्रत्याशी सांसद डॉ. संजय सिंह की पत्नी पूर्व मंत्री डॉ अमिता सिंह को पार्टी प्रत्याशी बनाया, तो भाजपा ने गांधी परिवार के वरुण गांधी पर दांव लगाया। सपा ने शकील अहमद और बसपा ने पूर्व विधायक पवन पांडेय को प्रत्याशी बनाया था। त्रिकोणीय मुकाबले में वरुण गांधी को बड़ी जीत मिली। कांग्रेस प्रत्याशी डा. अमिता सिंह चौथे पायदान पर चली गई और जमानत भी नहीं बचा पाई। वहीं 17वीं लोकसभा में बीजेपी ने मेनका गांधी को मैदान में उतारा था। बसपा व सपा के गठबंधन प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह सोनू को हरा जीत के सेहरा बाध पहली महिला सांसद होने का गौरव हासिल किया था। वहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर मेनका गांधी को मैदान में उतारा है।

### टिकट मिलने के बाद पहली बार आ रहीं मेनका

**सुलतानपुर :** टिकट मिलने के बाद पहली बार सांसद मेनका संजय गांधी एक अप्रैल को सुलतानपुर पहुंच रही है। सांसद के मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी एक अप्रैल को दोपहर तीन बजे कूरेभार पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 123 किलोमीटर पर पहुंचेंगी। यहां पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। चार बजे सांसद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद यहां चार दिनों तक विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी और अपने चुनाव प्रचार का शुभारंभ करेंगी।

### दोहरे हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर में बीती 21 फरवरी को सूर्य प्रताप व इंद्रसेन की हत्या के आरोपी धर्मराज को मुखबिर की सूचना पर अखंडनगर पुलिस टीम ने शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में भेजा। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, इसी मामले मे दयाराम, सुंदरलाल समेत सात आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गोपालपुर में बीती 21 फरवरी को बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर घर में घुसकर मारने पीटने, जाति सूचक शब्द कहने, गाली गलौज तथा दोहरे हत्याकांड के मामले में जगदीश, अतुल, राम जगत, धर्मराज समेत 12 के खिलाफ वादी मुकदमा कुमारी रेनू ने केस कराया था। मारने पीटने से धर्मराज की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि इंद्रसेन की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में दौरान इलाज मौत हो गई थी।



### 20वां रोजा

**शिया**
सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### स्कूल में चोरी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के गायत्री पब्लिक इंटर कालेज गायत्री नगर में शुक्रवार की रात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर अंदर कमरे का ताला तोड़ दिया। कमरे में रखा तीन मॉनिटर, एक सीपीयू, एक पंखा, एक सिलाई मशीन, एक बैटरी चोर उठा ले गए। विद्यालय प्रबंधक राजेश दुबे ने चोरी की तहरीर थाना बल्दीराय में दी है। थानाध्यक्ष बल्दीराय आरबी सुमन ने कहा कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### खुले रहेंगे कार्यालय व बैंक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में शत प्रतिशत बजट खर्च करने के लिए कई विभाग रात-दिन फाइल तैयार करने में जुटे है। रविवार को भी सम्बन्धित विभाग के कार्यालय खोलने का फरमान जारी किया गया है। शनिवार को विकास भवन के आरईडी, कृषि रक्षा, समाज कल्याण, डीपीआरओ, पशुपालन, समेत कई विभाग के कर्मचारी बजट के अनुसार भुगतान करने के लिए फाइल तैयार करते दिखाई दिए। कोषागार रविवार को अवकाश के दिन भी खुला रहेगी। अभी तक किसी विभाग के बजट वापस करने की सूचना नहीं है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर पुलिस ने न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिए गया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि आबकारी अधिनियम के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से जैतापुर गांव निवासी अभियुक्त राजेश राय फरार चल रहा था। शनिवार को थाने के उपनिरीक्षक श्रवण कुमार ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्त के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### वारंटी गिरफ्तार, जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** काफी दिनों से न्यायालय में नहीं हाजिर हो रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान सुमित कुमार निवासी बांसी के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### आज बादल रहने का अनुमान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के तापमान में रोजाना एक डिग्री सेल्सियस इजाफा हो रहा है। जिससे दिन व रात दोनों में गर्मी बढ़ गई है। पंखे बगैर घर में रहना मुश्किल हो गया है। दोपहर में आसमान से आग उगलने लगी है। मौसम में एकाएक बदलाव होने से मौसम के खराब होने के आसार भी है। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी चौबीस घंटे में गरज-चमक के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने के आसार है। रोजाना तापमान में परिवर्तन होने से अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जिससे आर्द्रता अधिकतम 88 व न्यूनतम 56 फीसदी हो गई है।

# कोर्ट ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सुनाई उम्रकैद की सजा, लगाया जुर्माना

## अदालत ने दो माह में दोषी को करनी की सजा देकर पीड़ित परिवार के साथ किया न्याय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र संग्रामपुर के एक गांव में बीते साल नौ साल की बच्ची से दुराचार करने के दोषी दिनेश पाल को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 51 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक पीड़िता का रिश्तेदार दोषी एक वैवाहिक कार्यक्रम में बच्ची को लेकर बीते साल आठ दिसंबर की शाम को गया था। लौटते समय रास्ते में उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम देकर घर छोड़कर भाग गया। बच्ची के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये आठ गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने मुकदमे का फैसला केवल दो माह में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया। वहीं, पुलिस ने घटना के दिन ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, तब से दौरान विचारण आरोपी जेल में ही रहा। न्यायाधीश पवन शर्मा की अदालत से दोषियों को उनके अपराध के अनुसार उनकी करनी की सजा व निर्दोषों को बरी करने का सिलसिला लगातार चल रहा है, जिसके कारण यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कानून के प्रति खौफ बना है।

### पाक्सो का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाने की पुलिस ने शनिवार को पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के मुताबिक शाहपुर (सरकण्डेडीह) निवासी अक्षय कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के मामले में मुकदमा दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। थाने के दरोगा जमील अहमद खान ने हमराहियों के साथ मिलकर धम्मौर पेट्रोल पंप के पास से उसे गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया है।

### भाजपा के पूर्व विधायक के मामले में सुनवाई 10 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शनिवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख नियत की है।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

### इमाम हजरत अली की शहादत पर निकाला गया जुलूस

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पैगम्बर मोहम्मद के उत्तराधिकारी व शियाओं के पहले इमाम हजरत अली की शहादत के मौके पर जुलूस निकाला गया। शुक्रवार देर रात जहां सैदपुर गांव में वहीं शनिवार तड़के सुरौली गांव में अंजुमन अब्बासिया ने जुलूस निकाला। यहां अकीदतमंदों ने नौहा मातम करके हजरत अली को श्रद्धांजिल दी। सुरौली में शनिवार सुबह की नमाज के बाद मस्जिद में जुलूस की मजलिस का आयोजन हुआ। जिसको मौलाना मोहम्मद सिब्तैन खां ने संबोधित किया। उन्होंने कहा हजरत अली पैगंबर मोहम्मद के उत्तराधिकारी थे। पैगम्बर मोहम्मद के इस दुनिया से जाने के बाद 25 वर्षों तक हुकूमत दूसरे हाथों में रही। उसके बाद 4 वर्षों तक जब हुकूमत अली के हाथों में आई तो कूफे में कोई भूखा नहीं सोया। वह रात को हर गरीब, यतीम के घर रोटी रखकर आते थे। मौलाने ने कहा कि हजरत अली से बड़ा कोई बहादुर नहीं था। सुरौली में गमखार हुसैन, सकलैन खान, इकतेदार हुसैन, मोहम्मद हसनैन, डॉ हैदर, अली इमाम, अमन, सैदपुर में जमीरूल हसन, बब्लू रिजवी, मुजाहिद अकबर, अजादार हुसैन, जीशान आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


रामरती इंटर कॉलेज के खेल मैदान में फुटबाल खेलते खिलाड़ी।

### अवध क्लब ने सुलतानपुर एकेडमी को हराया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को जिला फुटबॉल संघ और भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में सुलतानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर शुरू हुई। उद्घाटन प्रो . प्रवीन कुमार सिंह केएनआई ने किया। प्रतियोगिता 14 वर्षीय और 12 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर, अयोध्या, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, प्रयागराज सहित कुल 11 टीम प्रतिभाग कर रही हैं। पहला मैच 14 वर्षीय में अवध फुटबॉल क्लब और सुलतानपुर फुटबॉल एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें अवध क्लब अयोध्या ने सुलतानपुर फुटबॉल एकेडमी को 4-0 से हराया। इस मौके पर एमएस बेग, मुनेन्द्र मिश्रा, इलियास, राजीव यादव, आशुतोष गुप्ता, राजेश कुमार कनौजिया आदि रहे। रेफरी की भूमिका स्वप्निल युवराज सिंह, गौरव सिंह व आदित्य मौर्य ने निभाई।

### बसंत अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष बढ़ैयावीर निवासी बसंत कुमार सिंह को बनाया गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय सचिव इं . आरपी सिंह के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह, अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह, अयोध्या महंत गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह राजा, नगर उपाध्यक्ष अमित सिंह, विपिन सिंह व अनिल सिंह की उपस्थिति में अयोध्या जिला इकाई के होली मिलन महोत्सव में उक्त घोषणा की गई। विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह राजा ने कहा उन्हें आशा एवं विश्वास है कि श्री सिंह के अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का निर्वहन भली भांति करेंगे।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को कुड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी व उपनिरीक्षक संजय प्रसाद की अगुवाई में निकली टीम ने सरैया पूरे बिसेन नहर के पास से अमेठी जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र के पूरे गिरधर निवासी सत्यम तिवारी उर्फ शिवम तिवारी को 172 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए युवक को जेल भेज दिया।

### शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होताः तिवारी


सेवानिवृत्त हेडमास्टर को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिक्षक कभी सेवा निवृत्त नहीं होता, बल्कि उसको शारीरिक क्षमता के अनुसार आराम करने का मौका दिया जाता है। उक्त बात प्राथमिक विद्यालय सरैया पूरे बिसेन के हेड मास्टर संतराम तिवारी की विदाई समारोह में प्रधान प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कही। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षक को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों व ग्रामीणों द्वारा रिटायर्ड शिक्षक को फूल माला व अंगवस्त्र देते हुए लंबी उम्र की कामना की।इस मौके पर शिव शरण पांडेय, राम मूर्ति यादव, अंकित पाठक, कंचन सिंह, सतीश, अरविंद शर्मा, राम निरंजन तिवारी, सुधा तिवारी, श्यामा देवी, मीना तिवारी आदि मौजूद रहे।

### चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ मंथन


बैठक करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला की उपस्थिति में नोडल/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर प्रगति समीक्षा बैठक की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संबंधित नोडल/सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए ससमय व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। एडीएम ने कानून व्यवस्था का पालन वीएम एंड सिक्योरिटी प्लान डिप्लायमेंट ऑफ फोर्स, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन, वितरण एवं सर्विस डाक मतपत्र की तैयारी मुद्रण, प्रेषण आदि की व्यवस्था की जानकारी दी। ऑब्जर्वर के साथ उनके आने के पश्चात विचार-विमर्श कर फाइनल कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 29 अप्रैल से पहले कर ली जायेगी।

### मानवता की रक्षा के लिए शंकराचार्य का दर्शन प्रासंगिक


संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मानवता की रक्षा के लिए आज शंकराचार्य का दर्शन प्रासंगिक है। जब हम सबमें एकत्व देखेंगे तो हिंसा नहीं होगी। भारतीय संस्कृति की रक्षा में जितना बड़ा योगदान शंकराचार्य का है उतना किसी अन्य आचार्य का नहीं। यह बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो . राम किशोर शास्त्री ने कहीं। वह शनिवार को राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्षत्रिय भवन में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय भाषा समिति के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन व प्रथम तकनीकी सत्र को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य भाषा संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो . रामजी तिवारी ने कहा कि शंकराचार्य का व्यक्तित्व असाधारण था। विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने कहा आदि शंकराचार्य ने धर्म दर्शन और आध्यात्मिकता को जन सामान्य के लिए सरल बनाया। स्वागत प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार त्रिपाठी, आभार ज्ञापन प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह व संचालन उप प्राचार्य प्रो निशा सिंह ने किया। समन्वयक डॉ .अमित तिवारी ने संगोष्ठी के बारे में जानकारी दी।

### पारिजात धाम पर आयोजित शिव विवाह में झूमे भक्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कल्पवृक्ष पारिजात धाम पर चल रहे सात दिवसीय शिव महापुराण कथा शनिवार को चौथे दिन काशी से आए कथावाचक चंदन महाराज जी ने शिव विवाह का वर्णन किया। भगवान शंकर और पार्वती जी का विवाह हुआ। भगवान शिव जी के विवाह मे श्रद्धालु जमकर झूमे। आकर्षक झांकी निकाली गई। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राकेश वर्मा, अंकित श्रीवास्तव, विकास चौरसिया, सत्यम चौरसिया, आशीष चतुर्वेदी, शनि मिश्रा, दिनकर सिंह, पूनम, गूंजा आदि रहे।

# खाता फ्रीज मामले पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


कांग्रेसियों ने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन।

संवाददाता, सुलतानपुर

- भाजपा की दमनकारी नीतियों से नहीं डरेंगे हमः जिलाध्यक्ष

**अमृत विचारः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ लेकर खाता फ्रीज किए जाने और अभी दो दिन पूर्व 1823.08 करोड़ रुपए पुनः भुगतान करने के लिए इनकम टैक्स द्वारा भेजी गई नोटिस को लेकर जिले के कांग्रेसियों ने नाराजगी जाहिर की। विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में दर्जनों कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ रुपए ट्रांसफर करा कांग्रेस के विभिन्न बैंक खातों को फ्रीज करा दिया गया। दो दिन पूर्व 1823.08 करोड़ रुपए भुगतान के लिए इनकम टैक्स द्वारा एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को नोटिस भेजी गई, जिसे लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश व्याप्त है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता भाजपा व इनकी एजेंसियों की दमनकारी नीतियों से डरने वाले नहीं है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर सरकारी एजेंसियों ने ऐसे समय में कांग्रेस का खाता फ्रिज किया है जिससे कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कमजोर पड़ जाए। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने महामहिम राष्ट्रपति से कांग्रेस के सभी खातों को पुनः चालू करने की मांग की। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी, शहर उपाध्यक्ष महेश मिश्र, सेवादल अध्यक्ष अरुण तिवारी आदि रहे।

# वकीलों की हड़ताल स्थगित, काम पर लौटे

संवाददाता, सुलतानपुर

- हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई 16 को
- अधिवक्ता संघ भी हाईकोर्ट में एक को दाखिल करेगा रिट पिटीशन

**अमृत विचारः** कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में हाईकोर्ट ने याची को शपथ पत्र दाखिल करने तथा सरकार से जवाब तलब कर मामले को फ्रेश केस की तरह सूचीबद्ध करते हुए 16 अप्रैल को सुनवाई का निर्देश दिया है। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने सुनवाई के दौरान सीजेएम के हाईकोर्ट के आदेश पर ट्रांसफर की जनसूचना अधिकार के तहत मांगपत्र पर कागजात न दिए जाने की बात उठाई। कहा जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत अभी तक उस आदेश की कापी सीजेएम ने नहीं दी है जिस पर हाईकोर्ट ने याची को एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने अगले सप्ताह पुनः एक फ्रेश केस की तरह सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए सरकार से जवाब तलब किया है।

बताते चले सीजेएम बटेश्वर कुमार ने विगत 11 मार्च को हाई कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए दीवानी न्यायालय से कादीपुर व अखंडनगर से संबंधित मुकदमे को सुनवाई के लिए कादीपुर स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। तभी से जिले के वकील सीजेएम के आदेश के विरोध में न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। वहीं जिला जज से बार सचिव आर्तमणि मिश्र ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी है। उन्होंने जन सूचना के तहत जिला जज/जन सूचना अधिकारी जेपी पांडेय से मांग की है कि सीजेएम ने हाईकोर्ट के जिस आदेश का संदर्भ देते हुए दो थाना ट्रांसफर किया हैं, उसे दिलाया जाए। थाना ट्रांसफर करने के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी है। दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में शनिवार को पूर्व निर्णय के अनुसार बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र ने बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की। बार अध्यक्ष ने बताया ज्यूडिशरी ट्रांसफर के मुद्दे पर हाईकोर्ट में संघ की तरफ से रिट याचिका सोमवार को दाखिल की जायेगी। याचिका दाखिल होने के बाद बार एसोसिएशन सुलतानपुर आवश्यकतानुसार साधारण सभा की बैठक बुलाकर सदन को जानकारी देगा। तब तक हड़ताल स्थगित रहेगी। सोमवार से अधिवक्ता काम करेंगे।

# बेकाबू कार की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

लंभुआ, सुलतानपुर

- लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मामपुर के पास हुई दुर्घटना

**अमृत विचार :** धार्मिक कार्य से धोपाप धाम जा रहे बाइक सवार बुजुर्ग व युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उधर दुर्घटना करने वाला चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सुलतानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसौडा सदरपुर निवासी 65 वर्षीय शेषनारायण पांडेय तथा अमेठी जनपद गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सरदारपुर निवासी प्रमोद ओझा (30) लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सैतापुर सराय गांव में शनिवार को एक अनुष्ठान कराने गए थे। कार्यक्रम पूरा होने के बाद दोनों लोग बाइक से धोपाप धाम में अनुष्ठान कराने के लिए निकले थे। मोटर साइकिल को प्रमोद ओझा चला रहे थे तथा शेषनारायण पांडेय पीछे बैठे हुए थे। दोनों लोग मामपुर गांव के निकट पहुंचे ही थे कि एक चार पहिया अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी लंभुआ में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने शेषनारायण पांडेय को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पुलिस जांच कर रही है।

**समारोह** विभाग प्रचारक प्रकाश ने परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों को दीं शुभकामनाएं, कहा -छात्र अपनी मेधा को सशक्त बनाएं

# विद्यालयों का परीक्षाफल घोषित, मेधावियों का किया गया सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर


कमला विद्या मंदिर में परीक्षा फल के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुलतानपुर में आज मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। परीक्षाफल का संपूर्ण वृत्त प्रस्तुत करके हुए भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला।

विद्यालय स्तर पर कक्षा सप्तम क के छात्र दिव्यांशु पांडेय ने 99.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कक्षा नवम ज की बहन पल्लवी मौर्या ने 98.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 11 क के प्रखर पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक प्रकाश ने परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र अपनी मेधा को सशक्त बनाएं। यहां डॉ राजीव कुमार उपाध्याय, डॉ एके सिंह, रवीन्द्र तिवारी, सरिता त्रिपाठी, गिरीश पांडेय आदि रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला विद्या मंदिर करौंदिया में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ . शैलेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि राम प्रकाश मिश्रा, रेलवे चीफ फार्मासिस्ट केशव प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत मुस्कान गौड़, प्रिया, प्रतीक्षा, इच्छा, नंदिनी, सृष्टि, दुर्गा, आदि छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नर्सरी वर्ग में कुमारी अंजली ने 99 प्रतिशत, प्राइमरी वर्ग में शांभवी साहू ने 97 प्रतिशत एवं जूनियर वर्ग में प्रगति मिश्रा 97 प्रतिशत अंक पाकर अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### कम अंक वाले विद्यार्थी करें और परिश्रमः प्रधानाचार्य

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर योगीवीर अहिमाने में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के अंक कम है या अच्छा प्रदर्शन नहीं है उन्हें और परिश्रम की आवश्यकता है। मेधावियों को सम्मानित किया गया।

### परीक्षाफल वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्र पुरस्कृत

**बल्दीराय :** सेंट जॉन्स कॉन्वेंट स्कूल गनापुर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पुराने सत्र के समापन के साथ ही वार्षिकोत्सव समारोह की धूम रही। उत्कृष्ट छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल शिवम श्रीवास्तव, अरुण तिवारी, उमेश तिवारी, कृष्णा मौर्या, अरुण श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, ज्योति दुबे, विकास शुक्ल, प्रांजल, साधना तिवारी, अरमान व अन्य मौजूद रहे। वहीं, एसकेएम पब्लिक स्कूल विनोवापुरी में बड़े ही दिव्य तरीके से बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरण और पुरस्कार वितरण किया गया।



20वां रोजा

शिया
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.30 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

पैग़ाम ए रमज़ान

कोशिश करें कि नेकियां दिन- रात करें हम, सदक़ा दें जान- माल का, ख़ैरात करें हम। दुनिया में दिल किसी का दुखाने से हम बचें, नफ़रत मिटा दें, प्यार से यूं बात करें हम।।
नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# कागजों पर ही चल रहा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में छह साल पहले स्वीकृत हुआ लेकिन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र कागजों में ही चल रहा है, जबकि अभी तक परिसर में इसका कार्यालय भी नहीं खुल पाया है। विदेशी भाषा की पढ़ाई भी नहीं शुरू हो पाई है।

वर्ष 2015 में विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। उसके तीन वर्ष बाद 2018 में अंतराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, लेकिन उसके बाद विश्वविद्यालय के जिम्मेदारों ने विज्ञापन निकाला, लेकिन शिक्षकों की नियुक्त नहीं हुई। इसके कारण



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु।

विश्वविद्यालय में नौ विदेशी भाषाओं की पढ़ाई अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। विश्वविद्यालय में विदेशी भाषा के अंतर्गत नेपाली, कोरियाई, सिंघली, थाई, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश सहित नौ भाषाओं की पढ़ाई होनी थी। जो अभी तक कागजों में ही संचालित हो रही हैं। केंद्र का उद्देश्य है कि हिंदू, बौद्ध व जैन धर्म दर्शन में परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अंतर्गत विदेशी भाषाओं की पढ़ाई होगी, तो विदेशी छात्र-छात्राओं का रुझान बढ़ेगा, लेकिन इस केंद्र को अस्तित्व में आने में छह साल बीत गया है। अभी तक इसके लिए विश्वविद्यालय ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। विश्वविद्यालय नेपाल बॉर्डर के समीप होने से यहां विदेशी छात्रों के आने की संभावना अधिक थी, लेकिन छात्रों को अपनी भाषा का विषय नहीं मिलने से यहां आना पसंद नहीं कर रहे हैं।

### गौतम बुद्ध के बौद्ध दर्शन की भी नहीं शुरू हुई पढ़ाई

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु अहिंसा और शांति का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध के बचपन के नाम पर रखा गया है। जिले में गौतम बुद्ध से जुड़ी कई चीजें मिलती रहती है, लेकिन छात्रों को पढ़ाने के लिए अभी तक गौतम बुद्ध के दर्शन को भी शुरू नहीं किया गया है। यदि इस के बारे में परिसर में पढ़ाया जाए तो लोगों को उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा। लोग गौतम बुद्ध से जुड़ी चीजों के बारे में खोज कर पाएंगे।

"अंतरराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरु की गई है। शिक्षक नियुक्त होने के बाद कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा।"
-अमरेंद्र कुमार सिंह, कुलसचिव, सिद्धार्थ वि0वि0



## पांचवीं के बाद बच्चों की पढ़ाई रोकें नहीं अभिभावक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सभी अभिभावक कक्षा पांच के समस्त उत्तीर्ण बच्चों का नजदीकी विद्यालय में कक्षा छह में नामांकन अवश्य करा दें, जिससे सभी बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े रहकर अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें। सदर ब्लॉक नौगढ़ के प्राथमिक विद्यालय झंडेनगर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में यह अपील प्रधानाध्यापक नियाज़ अहमद ने की। अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने एसएमसी सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों एवं विद्यालय के चतुर्दिक विकास में सक्रिय सहयोग देने हेतु प्रशिक्षित एवं अभिप्रेरित किया।

# जिले में 2178 पार्टियां संपन्न कराएंगी मतदान

## 29 अप्रैल से शुरू होगा नामांकन, 1604 मतदान केंद्रों पर 2178 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले में भले ही 29 अप्रैल से नामांकन होगा, लेकिन प्रशासन ने अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में 1604 मतदान केंद्रों पर 2178 बूथों पर चुनाव होना है। इसके सापेक्ष 2178 मतदान पार्टी बनाई गई है। इसके साथ ही 218 मतदान पार्टी रिजर्व रखी जाएगी। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने वाले 9584 मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के पहले मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण होना है।



जिले के कपिलवस्तु विधानसभा में 352 मतदान केंद्रों पर 501 बूथों पर मतदान होने हैं। इसी तरह डुमरियागंज के 333 मतदान केंद्रों के 451 बूथों पर, बांसी के 317 मतदान केंद्रों के 411 बूथ पर, शोहरतगढ़ के 296 मतदान केंद्रों के 410 बूथ और इटवा के 306 मतदान केंद्र के 405 बूथों पर चुनाव होंगे। इन 2178 बूथों पर मतदान कराने के लिए 9584 मतदान कर्मी लगाए जाएंगे। इन कर्मियों की 2396 मतदान पार्टी बनाई जाएगी। इसमें मौके पर 8712 मतदान कर्मियों की 2178 पार्टी चुनाव कराएंगे, इसके अलावा 872 मतदान कर्मियों की 218 मतदान पार्टी रिजर्व रखे जाएंगे। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर ही मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। चुनाव ड्यूटी बेहद संवेदनशील कार्य है, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

### डीएम और एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण

शांति व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए डीएम पवन अग्रवाल और एसपी प्राची सिंह ने शुक्रवार को बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाह फैलने से रोकने की अपील की। उन्होंने पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर वहां बिजली, पानी, रैंप, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा।

### पुलिस व सुरक्षा बलों ने किया रूट मार्च

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना ढेबरुआ पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा बढ़नी व ढेकहरी बुजुर्ग में रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। थाना ढेबरुआ पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कस्बा बढ़नी व ढेकहरी बुजुर्ग में एरिया डॉमिनेशन/रुट मार्च/फ्लैग मार्च किया गया तथा आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## बजहा सीमा क्षेत्र में जोरो पर है प्याज की तस्करी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के बजहा सीमा क्षेत्र के गांव के पगडंडी रास्तों से प्याज की तस्करी जोरों पर हो रही है। तस्कर पिकअप से पहले नजदीकी गांव भरवलिया, बजहा, कोइरीडीहा, धीमरौली आदि में एकत्र कर लेते हैं। समय मिलते ही सीमा के गांव गौरी, नखौरिया से तुलशीडिहवा नेपाल भेज दिया जाता है।

बजहा से रामनगर होते पुन्नीहवा नेपाल भेज देते है। बजहा ताल सूखने के कारण एसएसबी को तस्कर धोखा दे रहे हैं। क्षेत्र का कोई नागरिक यदि एसएसबी को सूचना दे देता है तो जानकारी के बाद तस्कर उन्हें परेशान कर देता है। बताया जा रहा है कि तस्करी में एक युवा छोट भइया नेता भी शामिल हैं, जो छोटे तस्करों से धन उगाही करता है। बताते चले की प्याज का रेट अपने यहां 40 किलो दिया जा रहा है यही प्याज नेपाल में 150 से 200 रुपया बेचा जा रहा है।



बाइक पर लादकर प्याज ले जाता तस्कर।

## एक नजर

### भाजपा ने अखिलदेव त्रिपाठी को बनाया क्षेत्र का प्रभारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गोरखपुर क्षेत्रीय महामंत्री अखिलदेव त्रिपाठी को पार्टी नेतृत्व द्वारा डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया। अखिलदेव त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास जताया है, निश्चित ही उस भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी के 400 पार नारे को साकार करने में पूरी निष्ठा से काम करूंगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, सांसद जगदंबिका पाल ने अखिल देव को बधाई देते हुए कहा कि अखिलदेव प्रभावशाली युवा है इनके आने से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। जिससे लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय ने दी।



### सामूहिक दुष्कर्म में वांछित इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार।** इटवा थाना क्षेत्र में 15000 रुपए के इनामी सामूहिक दुष्कर्म के अभियुक्त को पकड़ा गया है। पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम उसकी धरपकड़ में लगी थी। अभियुक्त इलियास पुत्र हकीकतउल्लाह निवासी थाना इटवा को साड़ी चौराहे के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कोर्ट पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

### रेल म्यूजियम के खुलने के समय में किया परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में रेल म्यूजियम, गोरखपुर के खुलने के समय में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित समयानुसार 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक रेल म्यूजियम, गोरखपुर अपराह्न 2 बजे से रात्रि 9 तक खुला रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को हर विकास खंड के बीएसए ग्राउण्ड से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। शहर का भ्रमण करने के बाद रैली का समापन कलेक्ट्रेट में हुआ।

इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि 25 मई को मतदान दिवस है। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत इससे पहले सभी स्कूलों में मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। आज बीएसए मैदान से भारी संख्या में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षको द्वारा रैली निकाली गई। सभी शिक्षक अपनी पूरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मतदान में शिक्षको का महत्वपूर्ण योगदान है। डीएम ने सभी अध्यापकों से छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके साथ-साथ जो लोग बाहर (अन्य राज्यों है) काम कर रहे हैं उन्हें भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार ने कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों के शिक्षक रैली में शामिल हुए। कहा कि आप लोग गांव में घर-घर जाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पिछले लोकसभा चुनाव से इस वर्ष का मतदान प्रतिशत बढ़ाकर जनपद का नाम प्रदेश में प्रथम लाने का प्रयास करना है। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, बीएसए देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षक आदि उपस्थित थे।




बीएसए ग्राउंड से शिक्षकों की मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

## विशेष गाड़ियों का होगा एक फेरे का संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा होली त्योहार बाद यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष गाड़ियों का संचालन एक-एक फेरे के लिए 1 से 4 अप्रैल के मध्य करने का निर्णय लिया है। इन विशेष गाड़ियों में 05575 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05576 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा विशेष गाड़ी, 05585 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05586 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा विशेष गाड़ी, 05531 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05532 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल विशेष गाड़ी, 05561 समस्तीपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05562 आनन्द विहार टर्मिनस-समस्तीपुर विशेष गाड़ी शामिल हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### भागवत महापुराण में सभी वेदों की व्याख्या



**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** भागवत महापुराण में सभी वेदों की व्याख्या की गई है। इसमें सभी भक्तों के लिए संपूर्ण ज्ञान का सागर विराजमान है। मनुष्य को ज्ञान सागर में जाने के लिए माध्यम की जरूरत होती है, इसलिए संतों द्वारा दी गई शिक्षा को हृदय में उतार लें। संतों के माध्यम से ही परमात्मा की प्राप्ति करने का मार्ग खुल सकता है। उक्त अमृत वचन श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास शास्त्री राजदेव पाण्डेय ने शुक्रवार को बढ़नी ब्लाक के औदही कलां में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान है। ज्ञान कैसा होना चाहिये, यही सब बातें भगवान श्रीकृष्ण ने भागवत में बतायी है। जब भगवान की भक्ति में मन लग जायें या फिर भगवान बुद्धि का वरण कर ले, तो समझ लेना चाहिए कि मनुष्य को ज्ञान की प्राप्ति हो गई है। बुद्धि ही है जो मनुष्य के विचारों एवं आचार को अपने आदेश पर चलाती है। बुद्धि भगवान में लगने पर मन में किसी का अहित या नुकसान करने के विचार मन में नहीं आयेंगे। उन्होंने कहा कि पहले सत्ता तलवार से प्राप्त होती थी और आज वोटों से प्राप्त होती है। यह अच्छी बात है क्योंकि तलवार से प्राप्त सत्ता हिंसा से मिलती थी और वोटों से प्राप्त की गई सत्ता हिंसा विहीन अर्थात जिस प्रकार से सत्ता मिलती है, उसी से प्रमाणित होती है। इस दौरान भक्त ध्रुव की कथा का कथा व्यास ने सविस्तार वर्णन किया। इस दौरान कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, गंगाराम तिवारी, अजय वरुण, रामदेव गुप्ता, विनय शुक्ल, शिवपूजन विश्वकर्मा, शहंशाह आलम, शिशिर मिश्र, मयंक शुक्ल, राहुल शुक्ल, रामकुमार शर्मा, गोपाल गुप्ता, सुमेरु गिरी, राम अचल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ब्यूटी पार्लर दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के बरगदवा चौराहा पर बीती रात चोरों ने ब्यूटी पार्लर की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी व सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गये। पीड़ित प्रदीप जायसवाल ने बताया कि उसकी पत्नी उषा जायसवाल बरगदवा चौराहा पर मकान में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। घर के सभी सदस्य होली मनाने अपने पुस्तैनी घर साहा चले गये थे। वापस लौटकर शनिवार सुबह दुकान पर पहुंचा तो देखा दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। पीछे कमरे का फाटक खुला हुआ है और कमरे में रखा बाक्स टूटा हुआ है और उसमें रखा 50 हजार रूपये नगदी तथा लगभग दो लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के गहने गायब थे। पीड़ित ने थाना चिल्हिया पर चोरी होने की तहरीर दी है। चोरी की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष चिल्हिया अमित कुमार, फोरेंसिक व सर्विलांस टीम पहुंच जांच कर रही है। थानाध्यक्ष चिल्हिया अमित कुमार ने बताया कि तहरीर मिला है, जांच किया जा रहा है।

### घर में घुसकर जेवरात और नकदी ले गए चोर

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** कस्बा के अशोक नगर वार्ड में शुक्रवार की रात में रामकिशोर के घर में चोरी हो गई। इस घटना से आस पास के लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित व्यक्ति रामकिशोर ने बताया कि अपने पैतृक गांव धानी थाना बृजमनगंज जिला महराजगंज गए थे पत्नी के साथ घर पर कोई नहीं था जब सुबह हम और पत्नी घर पहुंचे तो दरवाजा का ताला टूटा देख हैरान रह गए उसके बाद घर के अंदर गए तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और जिस लाकर में जेवरात और कैश रखे थे गायब मिला। पीड़ित ने पुलिस को दिए गए तहरीर में डेढ़ लाख का जेवर और 85 हजार नगद चोरी का आरोप लगाया है। अलमारी से पूरा कपड़ा फर्श पर बिखरा रहा, बक्सा भी खुला था। पीड़ित का कहना है की जेवरात का अनुमान डेढ़ लाख तक और कैश लगभग 85 हजार रखा हुआ था ओ भी गायब मिला है। पीड़ित ने उसका थाने की पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी का निधन, दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर, अमृत विचार।** एनएफआईआर केंद्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेंस कांग्रेस के महामंत्री केएस मूर्ति का शनिवार को निधन हो गया। केएस मूर्ति ट्रेड यूनियन इतिहास का एक मजबूत स्तंभ थे। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ केंद्रीय कार्यालय पर उनके निधन पर एक शोक सभा रखी गई। जिसमें संघ वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। महामंत्री विनोद राय ने कहा कि हमने एक मजदूर मसीहा को खो दिया। यह हमारे संगठन एवं रेल मजदूर की निजी क्षति है। उन्होंने के एस मूर्ति को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एके सिंह, डीके तिवारी, मनोज द्विवेदी, आरपी भट्ट, एस सी अवस्थी, कौशल कुमार सिंह, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, विजय पाठक, जयप्रकाश सिंह, देवेश सिंह अंशुमान पाठक, निशांत यादव, अजय त्रिपाठी, दीपक प्रजापति, हरकेश बहादुर सिंह, सतीश श्रीवास्तव, वीरेंद्र शर्मा, संजीव धर, सुदृष्ठ सिंह, धीरज यादव, विनय यादव, राजेश सिंह, बीपी सिंह, सत्य प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, आरडी सिंह, कमलेश जी, गोपाल तिवारी इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रगति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उप नगर पंचायत बढ़नी स्थित दयानन्द एवं आर्य कन्या विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को प्रगति पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रहे नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरी ने कहा कि छात्राओं से अन्य विद्यार्थियों को भी सीख लेनी चाहिये। वहीं चेयरमैन ने बच्चों के लिए शुद्ध पानी पीने के लिए विद्यालय में वाटर एटीएम शीघ्र लगवाने की बात कही। इस दौरान विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी, अमित मौर्य, प्रधानाचार्या शीला पाण्डेय, विनोद द्विवेदी, वीपी शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# लापरवाह कर्मचारियों पर की जाए कार्रवाई : नगर आयुक्त

गोरखपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने पथ प्रकाश विभाग की बैठक में नये वार्ड में लगाये जा रहे सोलर लाइटों के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 516 लाइट नये वार्ड में लगाई जा चुकी हैं तथा 150 स्मार्ट सोलर लाइट महानगर के विभिन्न स्थानों पर लगी हैं। योजना के तहत अभी 100 लाइटें और लगनी हैं। स्विच मैन कर्मियों को निर्देशित किया गया कि खराब सोलर लाइटों की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराते रहें, जिससे उन्हें ससमय सही कराया जा सके। समस्त प्रकाश बिंदुओं को सीसीएमएस के माध्यम से जोड़ने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि हैंडल के द्वारा पोल शिफ्टिंग में बहुत से प्रकाश बिंदुओं की चोरी कर ली जाती है, जिसके लिए हैंडल के जिम्मेदार एवं संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। स्विच मैनों के कार्यों में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। समय से प्रकाश बिंदु को जलाने में बुझाने हेतु निर्देश दिया।

# कच्ची शराब बनाने व बेचने का धंधा जोरों पर

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न स्थानों में कच्ची शराब का धंधा कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। भारत-नेपाल सीमा बॉर्डर पर नेपाली शराब की तस्करी जोरों पर है। जनपद के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में अवैध ढंग से कच्ची शराब का निर्माण और बिक्री जोरों पर हो रही है। इसके लिए जहां पुलिस का कमाई का एक जरिया बना हुआ है वहीं आबकारी विभाग चुप्पी साधे हुए हैं।

इस संबंध में जब अमृत विचार की टीम आबकारी विभाग में पहुंची और जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह से शराब की तस्करी वह जनपद में तेजी से बढ़ रहे कच्ची शराब के कारोबार के संबंध में वार्ता की तो उन्होंने कहा कि जहां शराब है, वहां हम हैं।



कच्ची शराब बनाने का प्रतीकात्मक फोटो।

**मनमानी**

▸▸ नेपाल से भी भारतीय सीमा क्षेत्रों में हो रही शराब की तस्करी

नेपाल से तस्करी को लेकर वह शराब निर्माण का गणित समझाने लगे, बोले- हमारे यहां बनने वाली शराब में मिलाया जाने वाला अल्कोहल की मात्रा 36 प्रतिशत है और नेपाल की शराब में अल्कोहल की मात्रा 18 प्रतिशत है। इस कारण वहां शराब सस्ती है और हमारे यहां शराब महंगी है। कहा, नेपाल में अंग्रेजी शराब महंगी है। लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि अंग्रेजी शराब भी कच्ची शराब की बोतलों में भरकर तस्करी हो रही है, जिस पर रोक लगाने के लिए एसएसबी, सिविल पुलिस और आबकारी विभाग की टीम लगी हुई है। कहा कि एसएसबी आए दिन तस्करों को पड़कर पुलिस विभाग को सुपुर्द कर देती है।

अधिकारी के इन दावों के विपरीत भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली शराब की तस्करी जोरों पर है। मजे की बात यह है कि जनपद के विभिन्न स्थानों में कच्ची शराब का धंधा जोरों पर है और आबकारी विभाग पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। जिला आबकारी अधिकारी की दलीलें यह समझने के लिए काफी हैं कि विभाग कच्ची शराब के धंधे और नेपाल से शराब की तस्करी रोकने को लेकर कितनी गंभीर है।

**अभियान** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

# 10 अप्रैल से घर-घर जाकर दस्तक देंगे स्वास्थ्य कर्मचारी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके चौधरी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तृतीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन-जागरूकता के लिए 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगों को जानकारी देंगे। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई तथा फागिंग (एन्टी लारवा का छिड़काव) कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं एएनएम, स्कूली शिक्षक की अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में भेजकर त्वरित एवं सही उपचार कराने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यकता है। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

## घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम चनरगढ्ढी में महिला ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव निवासी रामजद की पत्नी सविता (27) का शव घर के कमरे में छत के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना के समय परिजन खेत पर काम करने गए थे। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र ग्राम महजिदिया निवासी राम सुंदर यादव की पुत्री सविता की शादी रामजद से चार वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका की तीन साल की बच्ची है। सविता के पति रामजद ने बताया कि पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था, इलाज चल रहा था। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### चार बोटा जंगली लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने चार बोटा अवैध कटान जंगली लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार ओ पी सिंह चौहान ने बताया कि जंगली लकड़ी के साथ बैरिया खास निवासी रामपाल यादव और इमिलडिहवा बैरिया सुर्जनपुर निवासी पतिराम वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। दोनों लोगों के खिलाफ फॉरेस्ट एक्ट के तहत केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बरामद लकड़ी को सीज कर दिया गया है।

### तहसील बनाने की मांग को लेकर किसानों ने की पंचायत

**बलरामपुर।** पचपेड़वा ब्लॉक को तहसील बनाने की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद आलम खान के नेतृत्व में पचपेड़वा ब्लॉक पर मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया। क्षेत्र की समस्यायों से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी पचपेड़वा को सौंपकर समस्यायों के समाधान की मांग की। आलम खान ने कहा पचपेड़वा नगर में कोटेदार मोहित कुमार अंत्योदयदय कार्ड धारकों को चीनी नहीं देता है और कार्डधारकों से बदतसुलूकी भी करता है। पचपेड़वा नगर में निर्माण कार्य का ठेका लेने वाले ठेकेदारों की मनमानी व मानकहीन कार्य कर सरकारी धन की लूट की जा रही है। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष राम गोपाल वार्ड अध्यक्ष राधेश्याम गौतमके साथ दर्जनों महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** धर्मसिंहवा पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के सेवाइचपुर मोड़ के पास से गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त रणजीत शुक्ल पुत्र अर्जुन शुक्ल निवासी ग्राम मेंहदूपार थाना धर्मसिंहवा को विधिक नियमों का पालन करते हुए सेवाइचपार मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि रणजीत शुक्ल के खिलाफ थाना धर्मसिंहवा पर पहले से मुकदमा दर्ज है।

### गठबंधन प्रत्याशी का पुतला फूंक कर जताया विरोध

**सीतापुर।** विकासखंड क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी नकुल दुबे का विरोध लगातार जारी है। स्थानीय नागरिकों ने जीता मऊ चैराहे पर कांग्रेस प्रत्याशी नकुल दुबे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। बताते चलें कि पूर्व मंत्री नकुल दुबे को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर स्थानीय जनता में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि विगत पांच वर्षों में एक बार भी लोगों के सुख-दुख में शामिल न होने से ग्राम जीतामऊ चैराहे पर शनिवार शाम को स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन कर नकुल दुबे को पैराशूट प्रत्याशी बताते हुए उनका पुतला फूंका। लोगों ने स्थानीय नेता को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की।

# मतदाता जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में जनपद में वोट प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदाताओ को उनके मताधिकार का प्रयोग जरूर किए जाने के लिए जागरुक किए जाने के लिए डीएम- जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में जनपद में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी के क्रम में स्टेडियम बलरामपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि धर्मपत्नी जिलाधिकारी निमिषा सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए जा रहे कलाकृतियों का अवलोकन किया एवं सभी के प्रयासों को सराहते हुए का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि निमिषा सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य द्वारा आकाश में बैलून छोड़कर मताधिकार का प्रयोग जरूर किए जाने का संदेश दिया गया।

▸▸ सभी ने ली मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन के अवश्य किए जाने की शपथ



बलरामपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में मतदाता जागरूकता चित्रकला व कलाकृति प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन तीन ग्रुप में किया गया। ग्रुप प्रथम में स्नातक से स्नाकोत्तर तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ग्रुप 3 में प्रथम पुरस्कार हर्षिता पांडे एमएलके पीजी कॉलेज, द्वितीय पुरस्कार शालू कश्यप एमएलके पीजी कॉलेज एवं तृतीय पुरस्कार रोशनी एमएलके पीजी कॉलेज को मिला।

ग्रुप द्वितीय में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम पुरस्कार शुभम साहू शारदा पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार समीक्षा मिश्रा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल, तृतीय पुरस्कार ज्योति विश्वकर्मा आदिशक्ति मां पाटेश्वरी विद्यालय को मिला।

तृतीय वर्ग में कक्षा चार से कक्षा 08 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम पुरस्कार जानशीन सर सैयद मोंटेसरी स्कूल, द्वितीय पुरस्कार नसरीन यूपीएस रमवापुर, संजीवनी साहू कंपोजिट विद्यालय धुसाह, तृतीय पुरस्कार द्युति फातिमा विद्यालय को मिला।

प्रथम पुरस्कार पाने वाले विजेता को दस हजार रुपये, द्वितीय विजेता को सात हजार रुपए, तृतीय विजेता को पांच हजार रुपए का इनाम एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं की जागरूकता कलाकृतियों को विभिन्न सरकारी दफ्तरों में लगाया जाएगा।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर।** 'व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप)' SVEEP (Systematic Voter's Education and Electoral Participation) के अन्तर्गत विधानसभा खलीलाबाद के विभिन्न गांवों में जिन बूथों पर 40 प्रतिशत से अधिक और 60 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे उन बूथों के मतदाताओं को जागरुक किये जाने के लिए 2 बोलेरो वाहनों को रवाना किया गया। एक बोलेरो में NSS के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से (स्वीप)" के अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया, जबकि दूसरे बोलेरों में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षकों द्वारा ढोल मजीरा के साथ गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया।

# जेल के अंदर कोई न ले जा सके प्रतिबंधित सामग्री

## जिला जज के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के साथ जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रुप से जिलाकारागार का औचकनिरीक्षणकिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट श्वेता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

अधिकारियों ने हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि का सघननिरीक्षणकिया। इस दौरान उन्होंने कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी हासिल किया। उन्होंने उपस्थितकारागारकर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न पहुंचने पाये। ऐसा हुआ तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का निर्देश दिया। जेल परिसर की साफ-सफाई बेहतर रखने को लेकरकारागारकर्मियों को निर्देशित किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक क्षमता वाली रोटी मेकर मशीन लगवाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान कारागारअधीक्षक राजेश कुमार राय, डिप्टी जेलर राजकुमार गौतम, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, हरिकेश गौड़, फार्मासिस्ट घनश्याम श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक कृष्ण कुमार पाण्डेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**सक्रियता**

▸▸ अधिकारियों ने बैरकों, जेल परिसर, कार्यालय, हास्पिटल का निरीक्षण कर कैदियों से ली जानकारी



कैदियों से बात करते जिलाधिकारी और एसपी। अमृत विचार

# हत्या के मामले में पिता और दो बेटों को आजीवन कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में पिता और दो पुत्रों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को 40-40 हज़ार रुपये अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि विमलावती ने थाने पर मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि उसके लड़के विश्वेश्वर को



14 अक्टूबर 2010 को गांव के ही अरुण कुमार, तरुण कुमार और रामसागर घर से बुलाकर ले गए और गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर कर विवेचना के बाद तीनों के खिलाफ़ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने छह गवाहों को न्यायालय ने पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के न्यायाधीश सभी को हत्या का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अर्थ दण्ड अदा न करने पर दोषियों को 15-15 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

▸▸ न्यायालय ने दोनों पर लगाया 40-40 हजार रुपए का जुर्माना

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बलरामपुर नगर के सिविल लाइन मोहल्ले में वर्ष 2014 में काली थान निवासी उमेश प्रताप सिंह उर्फ गुदुन की हत्या के आरोप में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों के ऊपर डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

विदित हो कि वर्ष 2014 में नगर कोतवाली क्षेत्र बलरामपुर नगर के मोहल्ले सिविल लाइन में काली थान गांव निवासी उमेश प्रताप सिंह उर्फ गुदुन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के परिजनों ने बंजारीबाग निवासी रघुराज व राजेश चौहान समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना कर निरीक्षक राजकुमार सिंह यादव ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। साक्ष्यों तथा गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने रघुराज व राजेश चौहान को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साक्ष्य के अभाव में दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया है। दोनों दोषियों के ऊपर डेढ़ -डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## सार-संक्षेप

### दोबारा भाजपा पिछड़ा वर्ग मौर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने शैलेश



क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेश राजभर का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे शैलेश कुमार राजभर को क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानंद राय की संस्तुति पर दुबारा पिछड़ा मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन के बाद शनिवार को जनपद मुख्यालय पहुंचे शैलेश राजभर का पार्टी कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। बाद में शैलेश राजभर ने समय माता मंदिर पर पहुंच कर दर्शन पूजन कर यशश्वी कार्यकाल के लिए समय माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। नव नियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, राजकुमार चौरसिया, अनिरुद्ध निषाद, गणेश पाण्डेय ,दीपू सिंह, अमर राय, वशिष्ठ मौर्य, शिवशंकर विश्वकर्मा, बब्लू गुप्ता, मनोज चौधरी, धनुषधारी मौर्य, राकेश मौर्य, राम सिंह यादव, ओमप्रकाश राजभर, चैतू प्रसाद राजभर, परमात्मा चौधरी, रमेश राजभर, हरिश्चंद्र राजभर, बुधिराम राजभर, दीपक राजभर समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### रसायन विज्ञान के बहुआयामी अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा




एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान सम्मेलन में मौजूद वक्ता। अमृत विचार

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग और ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने रसायन विज्ञान के बहुआयामी अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में 06 देशों सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 250 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन समारोह के अध्यक्ष आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर संदीप सिंह, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ ए के वर्मा,विशिष्ट अतिथि ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन की सचिव प्रो0 सुनीता आर्या, कीनोट स्पीकर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 प्रेमराज,सरंक्षक सम्मेलन व सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता,सह सरंक्षक सम्मेलन व संयुक्त सचिव प्रबंध समिति बी के सिंह,सम्मेलन के अध्यक्ष व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, समन्वयक व विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान प्रो0 आर के सिंह व आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित एव माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष प्रो0 संदीप सिंह ने कहा कि रसायन विज्ञान द्वारा प्रदान किया गया योगदान न केवल कार्यबल में बल्कि जीवन में भी महत्वपूर्ण है। रसायन विज्ञान हमारे अस्तित्व के लिए उपयोगी है। साथ ही यह अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि हम अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे बातचीत करते हैं। मुख्य अतिथि सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ ए के वर्मा ने उपस्थित शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वयं से वादा,मेहनत से ज्यादा व मजबूत इरादे के साथ यदि हम सतत प्रयास करते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुनीता आर्या ने सर्वे भवन्तु सुखिन: की संकल्पना को जीवन का आधार बताया।

### खेत में मिले पैंगोलिन को वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

**सीतापुर।** रेउसा क्षेत्र के अज्जैपुर झील में बुधवार को ग्राम सैन तकिया मजरा अज्जेपुर में एक जलीय जंतु देखे जाने से हड़कंप मच गया। विचित्र जीव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जलीय जीव को कब्जे में लेकर जंगल में छोड़ दिया है। क्षेत्र के एक किसान कयामुद्दीन ने खेत में जब इस विचित्र प्रकार के जलीय जंतु को देखा तो पास पड़ोस के रहने वालों को पकड़कर दिखाया। ग्रामीणों ने जब विचित्र जलीय जंतु को देखा तो उसे देखने के भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ कर स्थानीय सामुदायिक पशु चिकित्सालय रेउसा ले गये। चिकित्सीय परीक्षण में वह पर पूर्ण स्वस्थ मिला। बिसवां रेंज के वन दरोगा हिमांशु वर्मा ने बताया कि यह चाइनीज पैंगोलिन नामक जलीय जीव जंतु है जो की चीन में पाया जाता है। इसको जिले के वन विभागीय अधिकारी अपने साथ ले गए है, जिसे मिश्रिख के जंगल में छोड़ा जाएगा।

# 28 तक दर्ज करा सकते हैं मतदाता सूची में नाम

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के कार्यक्रमों की घोषणा किया जा चुका है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। पात्र नागरिक ऑनलाइन- https://voters.eci.gov.in या Voter helpline app के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन में फार्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ, मतदाता पंजीकरण केन्द्रों या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

▸▸ ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं आवेदक

# इस पोलिंग बूथ पर पैदल पहुंचना है मुश्किल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तुलसीपुर का देवीपाटन तथा भवनियापुर वार्ड का मतदान पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवीपाटन में होता है। देवीपाटन विद्यालय तालाब के मुहाने पर बना हुआ है विद्यालय पहुंचने के दोनों तरफ का रास्ता तालाब के कटान की भेंट चढ़ गया है। रास्ते पर आवागमन में जरा सी लापरवाही खतरे में डाल सकती है।

वहीं विद्यालय कक्ष भी जर्जर हो गया है। जिसको लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र देकर अवगत कराया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश दुबे ने बताया की एक सप्ताह पूर्व विद्यालय के छत का प्लास्टर टूट कर अचानक से गिर गया था मौके पर किसी के न होने पर बड़ी दुर्घटना होते-होते बची है। विद्यालय भवन जर्जर व रास्ता खराब होने को लेकर उच्चधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

स्थानीय निवासी अवधेश कुमार, स्वामी दयाल, राजदेव, अभिषेक ,विशाल पांड्य ने बताया की रास्ता खराब होने के चलते आए दिन लोग इस पर चोटिल हो रहे हैं। रास्ता इतना खराब है कि एक साथ दो लोग पैदल नहीं चल सकते हैं। लोगों ने रास्ता दुरुस्त करने की मांग की है। तुलसीपुर उप जिलाधिकारी अभय सिंह ने बताया कि वह स्वयं जाकर स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं को दुरुस्त करायेंगे।




तुलसीपुर नगर में स्थित देवीपाटन विद्यालय पोलिंग बूथ। अमृत विचार

**मार्गदर्शन** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# जन्मजात बीमारी है क्लबफुट, समय पर उपचार संभव : सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता माह के अंतर्गत संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब फुट पर कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात बीमारी है। समय से उपचार शुरू करने पर पूर्णतया ठीक हो जाती है।

इस दोष से ग्रसित बच्चों के एक या दोनों पैर अंदर की ओर मुड़े हुए होते हैं यह बीमारी ना तो कलंक है और न ही माता-पिता की किसी कमी के कारण होती है। हर 800 नवजात शिशुओं में से किसी एक बच्चे को क्लब फुट का दोष होता है। देश में इस समय लगभग 33000 बच्चे इस जन्मजात दोष के साथ प्रतिवर्ष पैदा होते हैं। जन्मजात दोष ऐसे संरचनात्मक परिवर्तन है जो शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित करते हैं । उसी में से एक क्लब फुट ऐसा दोष है , जिसमें नवजात बच्चों के पर अंदर की ओर मुड़कर विकृति पैदा करते हैं इलाज न करने पर गंभीर रूप से विकलांग हो सकते हैं। अनुष्का फाउंडेशन पिछले पांच वर्षों से बलरामपुर में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

इन पांच वर्षों के दौरान लगभग 154 बच्चे का इलाज संस्था के द्वारा निशुल्क कराया जा रहा है, इसमें इलाज तीन चरणों में किया जाता है, पहले चरण में बच्चों को निशुल्क प्लास्टर लगाया जाता है , उसके पश्चात एक छोटा चीरा (टिनोटमी) लगाकर पैर की पोजीशन सही करते हैं , तीसरे चरण में बच्चों को जूते व बार पहनने होते हैं। यह एक विशेष प्रकार के ब्रेस होते हैं जिन्हें बच्चों के पांच साल तक होने तक पहनना होता है। इन तीनों चरणों के सही प्रकार से होने से बच्चा पूर्णतया ठीक हो जाता है। इस बीमारी का कोई भी विशिष्ट कारण ज्ञात नहीं है। सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इलाज न करने पर बच्चों में भेदभाव अपेक्षा व मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं व शारीरिक यौन शोषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम में मैनेजर सीतांगशु रजक एवं अनुष्का फाउंडेशन के सर्वेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



बलरामपुर सीएमओ कार्यालय में मौजूद क्लबफुट बीमारी से ग्रसित बच्चों के साथ उनके माता-पिता तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

# बार-बार आए आत्महत्या का विचार, तो ये है मानसिक विकार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के कार्यालय सभागार में विश्व बाइपोलर डिसऑर्डर दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बाइपोलर डे हर साल 30 मार्च को महान चित्रकार विन्सेंट वैन के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। यह एक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी स्थिति है, जिसमें एक व्यक्ति का मूड, एनर्जी और काम करने की क्षमता में तेजी से बदलाव आता है। बाइपोलर परिवार में भी चल सकता है। ट्रॉमा, तीव्र तनाव या फिर नशे की लत बाइपोलर का जोखिम बढ़ाते हैं। इसलिए अगर कोई भी इन रिस्क फैक्टर्स से गुजरा है और नींद न आना, आत्महत्या के ख्याल आना, अचानक वजन बढ़ना या कम होना जैसे लक्षण महसूस करता है, तो उसे फौरन हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

▸▸ विश्व बाइपोलर डिसऑर्डर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



## कमाल का चुनाव

चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

# जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद

## करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के



श्रीपति मिश्र बीकेडी

अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।



डा . कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

### चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

### अतीत के झरोखे से

**सन- 1967**

गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453

डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

**सन- 1969 (उपचुनाव)**

श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041

डा . कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

**सन- 1970 (उपचुनाव)**

केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854

जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

**सन- 1971**

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946

राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

**सन- 1977**

जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330

केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796



केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

# लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

## 1952 से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन**



**अमृत विचारः** दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।

देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

### आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना



लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस के लिए यहां सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है। साल 1991 से लगातार बीजेपी यहां भगवा लहराती आ रही है। लखनऊ सीट से बीजेपी के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल 1991 से लेकर 2004 तक लगातार स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पांच बार सांसद रहे। इसके बाद साल 2009 में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।

### 2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची

| प्रत्याशी का नाम | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह (भाजपा) | 6,33,026 वोट | 56 .7 प्रतिशत वोट दर |
| पूनम सिन्हा (सपा) | 2,85,724 वोट | 25 .59 प्रतिशत वोट दर |
| प्रमोद कृष्णम (कांग्रेस) | 1,80,011 वोट | 16 .12 प्रतिशत वोट दर |
| नोटा | 7,416 वोट | 0 .66 प्रतिशत वोट दर |

## मतदान के लिए अवकाश घोषित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

**यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाशः** प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

# प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार



राजा दिनेश सिंह



रत्ना सिंह



प्रमोद तिवारी

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

- **इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट**
- **2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह**

**अमृत विचार :** जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में



यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे। इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल को कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार मान कर वोट मांग रही है।

**हरदोई लोकसभा क्षेत्र**

## दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

# दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद 1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।



सांसद जयप्रकाश



पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

### अब तक हुए सांसद

**हरदोई।** जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

# बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

## 1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर



बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंनदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निदर्लीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

# सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

### पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।

### सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी – बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म–सर्द करती रहती है।

### समीकरण 2019 जैसे

- **समीकरण 2019 जैसे, दलित–मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल :** सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम–दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम–दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।




### पिछले चार चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले वोट (प्रतिशत में)




### किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट

- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्याशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।

### आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार

सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश–दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद–पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।



### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### 2014 में किसको मिले कितने वोट




### मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| बेहट | 196576 | 177677 | 12 | 374265 |
| सहारनपुर नगर | 236044 | 214934 | 50 | 451028 |
| सहारनपुर देहात | 194644 | 1722930 | 10 | 367584 |
| देवबंद | 182456 | 160278 | 11 | 342745 |
| रामपुर मनिहारान | 168701 | 147522 | 02 | 3162225 |

### 2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

### सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगरीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।



लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह– तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

## शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

## पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

### सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4.48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।




- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय




### दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

### बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।

## भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।



मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73651 | 22326 |
| बढ़त | 655 | 203 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.92 |

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति क्विंटल :** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000

चावल प्रति कुन्तल : चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600 2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200

आटा मैदा : मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

**किराना :** नारियल 120-140 हल्दी 175-225 लाल मिर्च 225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380 अजवाइन 180-225

# अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

## 3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।




इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

# त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दवाब बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानो की सरसों खरीद शुरु की है।

## सर्राफा

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 66,150 |
| सोना रवा | 66,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 76,500 |
| चांदी (999) | 76,400 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## लखनऊ मंडी

मेंथी 70-90

**मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140

## इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

# नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई,



ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

# पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं हैं और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

**कासरगोड (केरल)।** केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

### निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है।

### महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

## आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

### हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।



इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। ● एजेंसी

## तमिल के लोकप्रिय अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

**चेन्नई, एजेंसी**

अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, "डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**ईटानगर, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

## इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, '' गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

## असम राइफल्स ने दलाई लामा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

चौदहवें दलाई लामा के अपनी मातृभूमि तिब्बत से भागकर भारत आने के 65 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में असम राइफल्स ने आध्यात्मिक नेता के साथ अपने निरंतर सहयोग को याद किया। दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को ही सौंपी गई थी। बल की 5वीं बटालियन को दलाई लामा और उनके दल को नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश) के माध्यम से असम में



सुरक्षित लाने का काम दिया गया था। दलाई लामा ने 31 मार्च, 1959 को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में कहा, ''1959 में दलाई लामा की 5वीं असम राइफल्स की सुरक्षा संबंधी विरासत भारत और तिब्बत के साझा इतिहास में एक मर्मस्पर्शी अध्याय बनी हुई है, जो दोस्ती, समर्थन और मानवतावाद की स्थायी भावना का प्रतीक है।'' इसने कहा, ''दलाई लामा के साथ संबंध वर्षों से जारी है। बल का एक समूह, जिसे अकसर 'दलाई लामा बटालियन' कहा जाता है, हर साल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनसे आशीर्वाद लेने के लिए जाता है।''

# संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27-28 पार्टियां शामिल हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे। रमेश की यह टिप्पणी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आप नेता इस रैली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आयोजित रैली के रूप में पेश कर रहे हैं। रमेश ने कहा कि रैली में विपक्षी नेता बढ़ती कीमतें, 45 साल में सर्वाधिक बेरोजगारी दर, आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और किसानों के खिलाफ अन्याय के मुद्दे उठाएंगे। रमेश ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के प्रयास में दो मुख्यमंत्रियों और कई मंत्रियों को गिरफ्तार किया गया है। यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि प्रधानमंत्री विपक्षी दलों को राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड के माध्यम से "जबरन वसूली" और कांग्रेस को कर आतंकवाद (टैक्स टेररिज्म) से निशाना बनाए जाने के मुद्दे भी रैली में उठाए जाएंगे। उन्होंने ब्योरा दिए बिना कहा, हमें शुक्रवार को आयकर विभाग के दो और नोटिस मिले। रमेश ने कहा कि रैली का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य संविधान की रक्षा करना है, जो उनके अनुसार खतरे में है क्योंकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि वे इसे फिर से लिखना चाहते हैं। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र पर खतरों के विरोध में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

### रैली में हिस्सा लेंगे फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला विपक्षी गठबंधन (इंडिया) की ''लोकतंत्र बचाओ रैली'' में भाग लेंगे। यह जानकारी उनके बेटे एवं पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने दी।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | −0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | −1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | −0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | −0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | −1.000 |





निकोलस पूरन



क्विंटन डिकॉक

# क्विंटन डिकॉक और पूरन ने लखनऊ को दिया दमदार स्कोर

## मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये

**लखनऊ, एजेंसी**

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट पर 199 रन बनाए**

कृणाल पंड्या की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट पर 199 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 38 गेंद में 54 रन बनाये जबकि कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने 21 गेंद में 42 रन की पारी खेली। कृणाल ने दो छक्के और चार चौके लगाकर 22 गेंद में 43 रन बनाये और टीम को दो सौ के पास पहुंचाया।

पूरन को कप्तानी सौंपकर इस मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये। उन्होंने कैगिसो रबाडा की गेंद पर लेग साइड में फ्लिक किया और हर्षल पटेल ने दूर से भागते हुए गेंद को पकड़कर थ्रो फेंका लेकिन राहुल बाल बाल बच गए कि वह गिल्लियां नहीं उड़ा पाये। दूसरे छोर पर डिकॉक खुलकर खेल रहे थे और पहली ही गेंद पर रबाडा को चौका लगाया। अगली गेंद पर उन्होंने बैकवर्ड प्वाइंट सीमा पर छक्का जड़ दिया। राहुल ने अर्शदीप को छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका भी जड़ा। अर्शदीप ने हालांकि उन्हें बैकवर्ड प्वाइंट पर जॉनी बेयरस्टो के हाथों लपकवाकर उनकी नौ गेंद में 15 रन की पारी का अंत किया । देवदत्त पड्डिकल ने दो चौके लगाये लेकिन सैम कुरेन की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। मार्कस स्टोइनिस (19) ने दो छक्के लगाये लेकिन राहुल चाहर की गेंद पर बोल्ड हो गए । इसके बाद पूरन मैदान पर उतरे और चाहर को दो छक्के और एक चौका लगाकर 20 रन बंटोरे। डिकॉक ने 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। स्ट्रेटेजिक टाइम आउट से लखनऊ का रन प्रवाह रूका और डिकॉक को अर्शदीप ने विकेट के पीछे जितेश शर्मा के हाथों लपकवाया। पूरन को रबाडा ने आउट किया। लेकिन कृणाल ने आते ही हाथ खोलकर खेलना शुरू किया और टीम को मजबूत स्कोर दिया।

### लखनऊ सुपर जाइंट्स

| | |
|---|---|
| डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप | 54 |
| राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप | 15 |
| देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन | 9 |
| मार्कस स्टोइनिस बो चाहर | 19 |
| निकोलस पूरन बो रबाडा | 42 |
| आयुष का बेयरस्टो बो कुरेन | 8 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 43 |
| रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन | 0 |
| मोहसिन खान रन आउट | 2 |
| नवीनुल हक नाबाद | 0 |

**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन

**गेंदबाजी** : कुरेन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1, चाहर 3-0-42-1, बरार 2- 0-14 -0, पटेल 4-0-45-0

## खेल डायरी

### टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

### रविवार को होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

### रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

### शारीरिक उत्पीड़न की जांच के लिए पैनल गठित

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा में दो महिला फुटबॉलरों के साथ कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में एक पैनल द्वारा जांच पूरी होने तक खेल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा है। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोदनकर ने कहा, ''कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत के बाद पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

### सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर

**मैड्रिड।** एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21-17, 21-12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14-21, 21-11, 21-17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24-26, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी।

### पूर्वी क्षेत्र सीनियर महिला मल्टी डे ट्राफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** पूर्वी क्षेत्र ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रयास से यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पारी और 120 रन की जीत से सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को पहली दो पाारियों में 108 और 157 रन पर समेटकर जीत हासिल की। पूर्वी क्षेत्र ने धारा गुज्जर के पहली पारी में 140 रन की बदौलत आठ विकेट पर 385 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पूर्वोत्तर की बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की लेकिन पूर्वी क्षेत्र को दोबारा बल्लेबाजी के लिए काफी रन नहीं बना सकीं। पूर्वोत्तर के लिए मोनिका 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र से ड्रा खेला लेकिन 111 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल , मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन । **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

## धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

**अहमदाबाद।** पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं ।''

# अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

**टी20 विश्व कप**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।'' सूत्र ने कहा, ''क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा।''

चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।



## बॉलीवुड हलचल

# दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी



**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'



# 'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्सप्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

# फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस का आरोप-चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में लिया था पैसा

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी। उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

# एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आहत जमाल शेख, 40 वर्षीय रेबुल समद शेख, 25 वर्षीय रोनी सोरिफुल खान, 28 वर्षीय जुलू बिलाल शरीफ और 49 वर्षीय मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है। ये सभी बांग्लादेश के दो जिले से आए थे और यहां राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहे थे।

# आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

*मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...*




## क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।



**पैन-आधार लिंक-** सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

## ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

## फास्टैग केवाईसी नियम



एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

## गैस की कीमतें



सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश 5 कोयला खदान श्रमिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

### श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

# भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

## हिमाचल से लेह तक अब 10 घंटे में तय होगी दूरी, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान बॉर्डर तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।



### सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊचाई वाले पहाड़ी दरों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

### पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

# विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपतिः बाइडन

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

# न्याय तंत्र में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप पर जांच को मंजूरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में होगी हस्तक्षेप के आरोपों की जांच

न्यायपालिका के काम में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप के आरोपों की जांच के लिए पाकिस्तान की कैबिनेट ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश तस्सदुक हुसैन जिलानी की अध्यक्षता वाला आयोग एक पत्र के जरिए न्यायाधीशों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करेगा और 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह कर रहा है। पत्र का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बैठक के दौरान कहा था कि मामलों में कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप और न्यायाधीशों के न्यायिक कामकाज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### रूस के साथ संबंध बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान

इस बीच, पीएम शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान रूस के साथ ऊर्जा, व्यापार और निवेश समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री शरीफ ने रूसी संघ के राजदूत अल्बर्ट पी खोरेव के साथ एक बैठक के दौरान, रूसी पक्ष से पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का भी आग्रह किया ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के मौजूदा स्तर को बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए अपने समकक्षों के साथ चर्चा की जा सके।

## जनजीवन अस्त-व्यस्त...



**शिमला :** पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

# इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

**रियो डी जिनेरियो, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचेने के अरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

# ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर




ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

# सातवें साल विश्व का सबसे खुशहाल देश बना फिनलैंड

स्टॉकहोम, एजेंसी

- सर्वे के बाद एनालिटिक्स संगठन ने जारी की रिपोर्ट

फिनलैंड ने लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश होने का खिताब हासिल किया है। लेकिन वास्तव में उसे यह खिताब इसलिए नहीं मिला है कि इस देश के लोग दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा खुश हैं। बल्कि की देश की समृद्धि और स्टेटस की वजह से मिला है।

स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय ने फिनलैंड के लगातार सबसे खुश देश होने की वजहों की पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि सर्वे में सवाल ही इस तरह पूछे जाते हैं कि लोगों को अपनी समृद्धि, सुविधाएं और सुरक्षा के हालात खुशी के पैमाने नजर आने लगते हैं। वे खुशी की असली वजह परिवार, दोस्त, अपनेपन जैसी चीजों को आंक ही नहीं पाते। दरअसल, साल 2005 से ही गैलप एनालिटिक्स संगठन दुनिया के तमाम देशों में लोगों की खुशी का स्तर नापने के लिए सर्वे करता है। दुनिया भर के 1 लाख लोगों पर सर्वे करने के बाद रिपोर्ट तैयार करता है।

### अपनापन खुशी के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण

ऑक्सफोर्ड विवि के हालिया शोध से पता चलता है कि खुशी वास्तव में लोगों को अधिक उत्पादक बनाती है। काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह अपनापन है। दूसरी ओर, वेतन को काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, लेकिन यह काम पर खुशी के लिए अपनेपन की तुलना में बहुत कमजोर वजह है। वास्तव में रिश्ते खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह है।

**विज्ञान** एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

# क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की । शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

### मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

# भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

### नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारतः अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।